RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 75
नई दिल्ली, बुधवार, 20 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों से साधा संपर्क
विविध-12

# निर्माताओं ने बताए टीके से जुड़े जोखिम और फायदे

● सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक ने वैक्सीन लगवाने वालों की मदद के लिए जारी की फैक्ट शीट

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**अभियान के तीन दिन बाद खुली नींद**



बेंगलुरू में मंगलवार को कोरोना का टीका लगवाता एक मेडिकल छात्र।

**देशव्यापी** टीकाकरण अभियान शुरू होने के तीन दिन बाद और दुष्प्रभावों (एईएफआई) के कई मामले सामने आने के पश्चात कोविड वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) तथा भारत बायोटेक ने परामर्श जारी किया है, जिसका मकसद टीका लगवाने वालों को उनकी वैक्सीन से जुड़े जोखिम और फायदे के बारे में बताया जा सके।

भारत में फिलहाल दो वैक्सीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, इसमें सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड तथा भारत बायोटेक की कोवैक्सीन शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि जनवरी की शुरुआत में डीसीजीआई से मंजूरी मिलने के तुरंत बाद दोनों फर्मों ने एकदूसरे के टीके की उपयोगिता पर सवाल उठाए थे। भारत बायोटेक ने अपनी फैक्ट शीट में बुखार से पीड़ित लोगों, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं तथा रक्त विकारों से पीड़ित लोगों को टीका नहीं लगवाने की सलाह दी है। टीका निर्माता कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर कोवैक्सीन के बारे में तथ्य प्रकाशित किए हैं और कहा है कि टीके के असर को लेकर परीक्षण अभी बाकी है तथा तीसरे चरण के परीक्षण में इसका अध्ययन किया जा रहा है। इसलिए यह बताना जरूरी हो जाता है कि टीका लगवाने का मतलब यह नहीं है कि कोविड-19 से संबंधी जरूरी एहतियातों का पालन करना छोड़ दिया जाए। दिल्ली में आरएमएल अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) तथा कनार्टक में कुछ डॉक्टरों ने कोवैक्सीन के इस्तेमाल से इनकार कर दिया था। उन्होंने कोविशील्ड को कोवैक्सीन पर तरजीह दी थी। डॉक्टर राहुल भार्गव, निदेशक (इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लड डिसऑर्डर एंड बोन मैरो), फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम, जैसे प्राइवेट प्रैक्टिशनर कोवैक्सीन के प्रभाव को लेकर संदेह जताते हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों कंपनियनों को अपनी फैक्ट शीट इस महाभियान से पहले जारी कर देना चाहिए था जिससे कि लोग न केवल वैक्सीन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर जागरूक होते बल्कि यह भी जानते कि वे उसके योग्य हैं या नहीं। भारत बायोटेक के परामर्श में कहा गया है, अगर आपको किसी भी तरह की कोई एलर्जी है तो आप भारत बायोटेक का कोविड-19 टीका कोवैक्सीन नहीं लगवाएं। अगर आपको तेज बुखार है, रक्त संबंधी विकार है तो यह टीका नहीं लगवाएं। कंपनी ने कहा, अगर आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है या रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करने वाली कोई दवा लेते हैं, गर्भवती हैं या स्तनपान कराती हैं तो टीका लेने से बचें। फैक्ट शीट में लोगों से यह भी कहा गया है कि टीका लेने से पहले उन्हें निगरानी अधिकारी को अपनी स्वास्थ्य संबंधी स्थिति के बारे में बताना चाहिए। भारत बायोटेक ने कहा कि कोवैक्सीन के मौजूदा परीक्षण में यह पता चल रहा है कि चार हफ्ते के अंतराल पर टीके की दो खुराक लेने के बाद लोगों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ी है। कोवैक्सीन के आपात स्थिति में सीमित इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। फैक्ट शीट में कहा गया है कि केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने जनहित में आपात स्थितियों में पूरे एहतियात के साथ टीके के इस्तेमाल और इसकी बिक्री एवं वितरण की अनुमति दी है। इस रेस में पीछे न छूट जाए यह सुनिश्चित करते हुए कुछ ही मिनटों बाद एसआईआई ने भी फैक्ट शीट जारी कर दी। इसमें लोगों से कहा गया है कि अगर उन्हें कंपनी के टीका कोविशील्ड के निर्माण में इस्तेमाल किसी भी घटक से कोई गंभीर एलर्जी होने की आशंका है तो वे इसे नहीं लें। अगर इस टीके की पहली खुराक से किसी तरह की कोई गंभीर एलर्जी ( शेष पेज 9 )

# सरकार ने दिलाया भरोसा टीके पूरी तरह सुरक्षित

● प्रतिकूल प्रभाव की आशंकाओं के मद्देनजर स्वास्थ्यकर्मियों में टीका लगवाने को लेकर दिख रही थोड़ी हिचकिचाहट

● कुल टीकाकरण में 0.18 में दिखा विपरीत प्रभाव और इनमें से 0.002 को ही अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती



बेंगलुरू में कोरोना टीका लगाने की तैयारी करता चिकित्साकर्मी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने मंगलवार को कोविड-19 के टीके के प्रतिकूल प्रभाव की आशंकाओं से इनकार करते हुए कहा कि टीकाकरण के बाद दुष्प्रभाव और गंभीर समस्या अब तक नहीं देखने को मिली है।

प्रतिकूल प्रभाव के बेहद कम मामले सामने आएं हैं और दोनों टीके पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्र ने कहा कि टीका लेने वाले कुल लोगों में से 0.18 प्रतिशत में ही प्रतिकूल असर देखने को मिला, जबकि 0.002 प्रतिशत लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जो कि बहुत निम्न स्तर है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि टीकाकरण के बाद दुष्प्रभाव और गंभीर समस्या अब तक नहीं देखने को मिली है। प्रतिकूल असर के नगण्य मामले आए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों टीके सुरक्षित हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों टीके ( शेष पेज 9 )

## भारत छह देशों को करेगा वैक्सीन की आपूर्ति

● अनुदान सहायता के तहत आज से भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा, सेशेल्स को भेजा जाएगा टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सहायता अनुदान के तहत बुधवार से भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा और सेशेल्स को कोविड-19 के टीके की आपूर्ति करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि भारत वैश्विक समुदाय की स्वास्थ्य सेवा जरूरतों को पूरा करने के लिए भरोसेमंद सहयोगी बनकर काफी सम्मानित महसूस कर रहा है और बुधवार से टीकों की आपूर्ति शुरू होगी तथा आने वाले दिनों और काफी कुछ ( शेष पेज 9 )

# बाइडेन-कमला आज लेंगे शपथ



अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के शपथ ग्रहण की पूर्व संध्या पर अमृतसर में मंगलवार को उनके चित्र बनाता कलाकार।

**भाषा।** वॉशिंगटन

**जो बाइडन** बुधवार को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति जबकि कमला हैरिस उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। ट्रम्प समर्थकों द्वारा कैपिटल हिल (संसद भवन परिसर) पर हाल में हुए हमले के बाद ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर सुरक्षा की बढ़ती चिंताओं के बीच बुधवार को बाइडन और हैरिस शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स 12 बजते ही (स्थानीय समयानुसार) कैपिटल के वेस्ट फ्रंट में बाइडन को पद की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण का यह पारंपरिक स्थान है जहां नेशनल गार्ड्स के 25 हजार से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए इस स्थान को किले में तब्दील कर दिया गया है। बाइडन (78) अपने परिवार की 127 वर्ष पुरानी बाइबिल के साथ शपथ लेंगे। इस दौरान उनकी पत्नी जिल बाइडन अपने हाथों में बाइबिल लिए खड़ी रहेंगी।

# बर्ड फ्लू के चलते लाल किला 26 तक बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लालकिले** में मृत मिले कौवों में से एक के नमूने में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि के बाद इस ऐतिहासिक इमारत में आम लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग के निदेशक राकेश सिंह ने बताया कि 10 जनवरी को लाल किले में करीब 15 कौवे मृत पाए जाने के बाद नमूने जांच के लिए जालंधर स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए थे। उन्होंने कहा, जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान ने भी नमूने की जांच में बर्ड फ्लू होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर लाल किले को दर्शकों के लिए 26 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। विभाग ने एक आदेश में कहा, बर्ड फ्लू को नियंत्रित करने की पशुपालन विभाग की योजना के अनुसार लाल किले को अलर्ट जोन और संक्रमित क्षेत्र में रखा गया है। शनिवार को ही दिल्ली चिड़ियाघर के एक मृत उल्लू के नमूनों की ( शेष पेज 9 )

# ट्रक ने सड़क के किनारे सो रहे 15 को रौंदा, मौत

**गुजरात में हादसा**

● जान गंवाने वाले सभी मजदूर, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया शोक, आर्थिक मदद का ऐलान



**पायनियर समाचार सेवा।** सूरत

**गुजरात** के सूरत जिले में मंगलवार को सड़क के किनारे सो रहे राजस्थान के 13 प्रवासी मजदूरों और एक साल की बच्ची समेत 15 लोगों की ट्रक से कुचल कर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए 15 लोगों में आठ महिलाएं और मध्यप्रदेश का एक प्रवासी मजदूर भी है। मौके पर ही उनमें से 12 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मृतकों में मध्यप्रदेश के 19 वर्षीय मजदूर के अलावा सभी लोग दक्षिण राजस्थान में बांसवाड़ा जिले के गांवों के निवासी थे।

पुलिस के अनुसार, यह दर्दनाक वाकया सूरत से करीब 60 किलोमीटर दूर कोसांबा गांव के पास हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गन्ने से भरे एक ट्रैक्टर से टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन कानून की धाराओं के तहत ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ट्रक ( शेष पेज 9 )

# सरकार ने व्हाट्सऐप को हालिया बदलावों को वापस लेने को कहा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी पर संसदीय समिति की गुरुवार को होने वाली बैठक से पहले सरकार ने मंगलवार को व्हाट्सऐप से उसके मैसेजिंग ऐप की प्राइवेसी पॉलिसी (निजता नीति) में हाल में किए गए बदलावों को वापस ने को कहा है। केंद्र ने कहा कि यह एकतरफा बदलाव अनुचित और अस्वीकार्य है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने व्हाट्सऐप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विल कैथकार्ट को कड़े शब्दों में लिखे एक पत्र में कहा कि भारत में व्हाट्सऐप के सबसे अधिक उपयोक्ता (यूजर) हैं और भारत व्हाट्सऐप के लिए सबसे बड़ा बाजार है। पत्र में कहा गया, व्हाट्सऐप की सेवा शर्तों एवं गोपनीयता नीति ( शेष पेज 9 )

# एस-400 मिसाइल प्रशिक्षण के लिए भारतीय सैन्य दल जाएगा रूस



एस-400 मिसाइल की फाइल फोटो।

● अमेरिका की प्रतिबंध लगाने की धमकी के बावजूद सरकार ने किया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** सैनिकों का एक दल एस-400 वायु रक्षा प्रणाली के परिचालन का प्रशिक्षण प्राप्त करने अगले कुछ दिन में रूस के लिए रवाना होगा, क्योंकि इस मिसाइल प्रणाली के पहले बैच की आपूर्ति इस साल के उत्तरार्ध में मॉस्को द्वारा किए जाने की उम्मीद है।

भारत में रूस के राजदूत निकोले आर कुदाशेव ने मंगलवार को रूसी दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में एक समूह से संवाद करते हुए कहा कि एस-400 दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूती प्रदान करने वाली महत्वकांक्षी परियोजना है।

उन्होंने कहा कि भारत-रूस सैन्य एवं सैन्य प्रौद्योगिकी संबंध निरंतर बढ़ने वाले असाधारण पारस्परिक हितों, सामंजस्य, निरंतरता और पूरकता पर आधारित हैं। उल्लेखनीय है कि ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,398 | ↑ | 834 | |
| निफ्टी | 14,521 | ↑ | 239 | |
| सोना | 48,480 | ↑ | 198 | /10g |
| चांदी | 65,340 | ↑ | 1008 | /kg |

## क्विक न्यूज


### संसद कैंटीन में भोजन पर दी जाने वाली सब्सिडी समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बताया कि संसद की कैंटीन में सांसदों, अन्य को भोजन पर दी जाने वाली सब्सिडी बंद कर दी गई है। बिरला ने इससे जुड़े वित्तीय पहलुओं के बारे में कोई जानकारी नही दी। सब्सिडी समाप्त किए जाने से लोकसभा सचिवालय को सालाना 8 करोड़ रुपए की बचत हो सकेगी। लोकसभा अध्यक्ष ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि उत्तर रेलवे के बजाय अब आईटीडीसी संसद की कैंटीनों का संचालन करेगा। उन्होंने कहा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी सांसदों से कोविड-19 जांच कराने का अनुरोध किया जाएगा। बिरला ने कहा कि सांसदों के आवास के निकट भी उनके आरटी-पीसीआर कोविड-19 परीक्षण किए जाने के प्रबंध किए गए है। बिरला ने कहा कि केंद्र, राज्यों द्वारा निर्धारित की गई टीकाकरण अभियान नीति सांसदों पर भी लागू होगी।

# कंगारुओं के गढ़ गाबा को भी भेदा, ये है न्यू इंडिया

● भारत ने ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के 32 साल के अपराजेय क्रम को तोड़ा, श्रृंखला 2-1 से जीती

● नौ स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम इंडिया ने अपने दमखम का लोहा मनवाया




ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया को हराने के बाद ट्रॉफी के साथ प्रसन्न मुद्रा में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी

**भाषा।** ब्रिसबेन

**अपने** दो युवा बल्लेबाजों शुभमन गिल और ऋषभ पंत की आकर्षक अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करके श्रृंखला अपने नाम करने के साथ आस्ट्रेलिया की गाबा में 32 वर्षों से चली आ रही बादशाहत भी खत्म कर दी। भारत ने एडीलेड में पहला टेस्ट मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर लगातार दूसरी बार श्रृंखला में 2-1 से हराकर बार्डर-गावस्कर ट्राफी अपने पास बरकरार रखी।

भारत ने यह जीत तब दर्ज की जबकि उसके कई शीर्ष खिलाड़ी चोटिल होने या अन्य कारणों से टीम में नहीं थे। गिल शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने 91 रन की प्रवाहमय पारी खेली जबकि पंत ने आक्रामकता और रक्षण की अच्छी मिसाल पेश करके नाबाद 89 रन बनाए। भारत के सामने 328 रन का लक्ष्य था और उसने सात विकेट पर 329 रन बनाकर गाबा में अपनी पहली जीत दर्ज की। इन सबके बीच चेतेश्वर पुजारा की 211 गेंदों पर खेली गई 56 रन की पारी खेलकर फिर से अपना जुझारूपन दिखाया। उन्होंने अपने इन दोनों युवा साथियों को खुलकर खेलने का मौका दिया। पुजारा ने गिल के साथ 240 गेंदों पर 114 और पंत के साथ 141 गेंदों पर 61 रन की उपयोगी साझेदारियां की। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले गाबा में आखिरी टेस्ट मैच 1988 में वेस्टइंडीज के खिलाफ गंवाया था। इसके बाद से उसे इस मैदान पर कभी हार नहीं मिली थी। यह कुल पांचवां और आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा अवसर ( शेष पेज 9 )

LAL BAHADUR SHASTRI INSTITUTE OF MANAGEMENT
Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India
knowledge takes you beyond the obvious
LBSIM Announces Admissions to its Two Year Full Time PGDM Programs (2021-23)
POST GRADUATE DIPLOMA IN MANAGEMENT
• GENERAL (NBA ACCREDITED) Accorded equivalence with MBA by AIU • FINANCIAL MANAGEMENT (NBA ACCREDITED) Accorded equivalence with MBA by AIU
• RESEARCH AND BUSINESS ANALYTICS
Salient Features of LBSIM
- 12 Terminal Bloomberg Lab & Analytics Lab with SPSS and SAS etc.
- Ranked 15th (Outlook-private standalone institutions) & 35th (India Today-India's top B-Schools) in 2020.
- Highly qualified faculty with Ph.D.
- Consistent strong placement record since the inception of the Institute.
- State of the art infrastructure & Resourceful Library.
- Well furnished residential accommodation separately for boys and girls.
• Eligibility: Graduation or equivalent degree in any discipline from a recognized university. Students graduating in 2021 may also apply.
• Selection: Shall be based on CAT 2020/Current GMAT Score, Written Ability Test (WAT), Group Discussion, Personal Interview, Academic, Extra-Curricular Achievements and Work Experience.
LAST DATE FOR APPLYING - 22 JANUARY 2021
Apply online at https://forms.lbsim.ac.in
AACSB
LAL BAHADUR SHASTRI INSTITUTE OF MANAGEMENT
Plot No. 11/7, Sector-11, (Near Sector-11 Metro Station) Dwarka, New Delhi-110075, Phone: 011-25307700
Email: admission@lbsim.ac.in
Website: www.lbsim.ac.in
Follow us:

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 20 जनवरी 2021



# नोएडा के लाखों परिवारों को मिली बड़ी राहत

## वॉटर और सीवर चार्ज पर 50 फीसदी तक छूट, गांव वालों को भी मिलेगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सोमवार को नोएडा विकास प्राधिकरण के बोर्ड की 201वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन ने की।

प्राधिकरण ने शहर की सामाजिक संस्थाओं की ओर से दिए गए ज्ञापन पत्र पर संज्ञान लेते हुए वॉटर और सीवर चार्जेस पर लगने वाले पेनल्टी व ब्याज को कम करने का प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा। जिसे मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के तहत पेनल्टी और ब्याज पर 50 फीसदी तक की राहत शहर के लोगों को मिलेगी। प्राधिकरण अफसरों का कहना है कि इससे नोएडा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों आवंटियों को बड़ा फायदा होगा।



नोएडा विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में अधिकारियों संग चर्चा करते उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास आयुक्त और प्राधिकरण चेयरमैन आलोक टंडन।

प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए बयान में बताया गया है कि औद्योगिक संगठनों और जन सामान्य की मांग पर 3 माह के लिए एमनेस्टी स्कीम का प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा गया था जिसे मंजूरी मिल गई है। अगर कोई आवंटी 31 दिसंबर 2020 तक की जल प्रभार राशि 31 जनवरी तक जमा करता है तो उसे ब्याज पर 40 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 1 फरवरी से 28 फरवरी के बीच धनराशि जमा करने पर 30 प्रतिशत छूट मिलेगी। वहीं 1 मार्च से 31 मार्च तक पैसा जमा करने वालों को 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि जिन लोगों ने अवैध रूप से जल और सीवर का उपयोग किया है, उन्हें भी दंड और ब्याज में राहत दी गई है। कम से कम 30 दिसंबर 2014 से स्थाई जल शुल्क लागू किया जाएगा। इस राशि पर लगने वाला ब्याज और पेनल्टी में 40 प्रतिशत की छूट दे दी गई है।

इकोनामिक वीकर सेक्शन, लोअर इनकम ग्रुप श्रमिक कुंज और ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर और सीवर कनेक्शन के बकायेदारों को 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। जिन आवंटियों ने जल और सीवर का कनेक्शन अभी तक नहीं लिया है, उन्हें कब्जा प्रमाण पत्र की तारीख से लेकर कनेक्शन लेने तक की तारीख तक का पूरा शुल्क जमा करना होगा। इस प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

### ग्रेनो वेस्ट में फरवरी से मिलेगा गंगाजल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा शहर के लोगों का दस वर्षों का इंतजार खत्म होने वाला है। शहर में अगले महीने से गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। पहले ग्रेटर नोएडा और फिर ग्रेटर नोएडा वेस्ट को गंगाजल मिलेगा। इससे शहर में पेयजल की गुणवत्ता सुधरेगी। साथ ही शहर में पानी की आपूर्ति का वक्त भी बढ़ेगा।

अभी सुबह और शाम 6 घंटे पानी मिलता है। इसे बढ़ाकर 12 घंटे करने की योजना है। करीब 10 साल से अटकी गंगाजल परियोजना के तीसरे चरण का काम पूरा होने वाला है। प्राधिकरण ने इसके लिए 38 करोड़ रुपये के पिछले साल टेंडर जारी किए थे। इस रकम से एक जोनल जलाशय और आठ जलाशय के अधूरे काम पूरे किए गए हैं। साथ ही बिजली से जुड़े काम भी हो गए हैं। करीब 350 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत गाजियाबाद के देहरा गांव में गंगनहर से ग्रेनो तक पाइपलाइन बनाई गई है।

# गाजियाबाद को मिलेगी एक और थाने की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले को गणतंत्र दिवस पर एक और नया थाने की सौगात मिलने जा रही है। शहर के सबसे संवेदनशील इलाके नन्दग्राम को नये थाने के रूप में सृजित कर दिया जायेगा। थाने को बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने चार लाख रुपए का फन्ड भी स्वीकृत कर दिया गया है। यह थाना निगम की जमीन पर बनाया जा रहा है। इस संबंध में एक औपचारिक पत्र भी नगर निगम कार्यालय को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।

नन्दग्राम थाने की रूप रेखा को तैयार करने और वहां मौजूदा स्ट्रक्चर को देखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने अपने एक्सपर्ट स्टाफ के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने बताया कि जहां यह थाना बनाया जा रहा है वहां पहले से ही एक पुलिस चौकी मौजूद है। जिसका विस्तार कर उसे नन्दग्राम थाने का रूप दिया जायेगा।

पुलिस कप्तान नैथानी ने बताया कि इस थाना परिसर में हवालात, मैस ,रिशेप्शन, मालखाना व स्टाफ के लिए निवास स्थान बनाये जाने की योजना है। क्षेत्राधिकारी द्वितीय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पुलिस कप्तान का कहना है कि थाना परिसर को तैयार करने के लिए क्षेत्राधिकारी द्वितीय को भवन निर्माण एवं मरम्मत के लिए निर्देश जारी कर दिए गय हैं।



नन्दग्राम में नए थाने के निर्माण के सिलसिले में निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी कलानिधि नैथानी।

**नोएडा के दो सेक्टरों में भी बनेंगे नए थाने**

शहर में दो नए थाने बनाए जाएंगे। इसके लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा था। राज्य सरकार ने गौतमबुद्ध नगर जिले में 4 नए थानों को मंजूरी दी है। इनमें से 2 नए थाने नोएडा शहर में बनाए जाने हैं। एक थाना सेक्टर-106 और दूसरा सेक्टर-143 में बनाया जाएगा। थानों को जमीन देने के लिए प्राधिकरण के बोर्ड में सोमवार को प्रस्ताव रखा गया है। जिस पर प्राधिकरण बोर्ड ने भू-उपयोग परिवर्तन करने के लिए शहर के लोगों से आपत्ति और सुझाव मांगने का निर्देश दिया है। आपत्तियों व सुझावों का निस्तारण करने के बाद सरकार से इस प्रस्ताव पर अनुमति ली जाएगी।

# डेयरी संचालक को गोली मारने वाले धरे गए

**● पुरानी रंजिश में दिया था वारदात को अंजाम**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

तीन दिन पूर्व मुरादनगर थाना क्षेत्र के सहबिस्वा में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए युवक को गोली मारी गई थी।

बता दें कि मुरादनगर शहर की सहबिस्वा कॉलोनी निवासी सरफराज उर्फ टिंकू पुत्र मुन्ना परिवार सहित रहता है। वह भैसों का दूध बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शनिवार की सुबह वह घर से कुछ दूरी पर ही गोबर डालने जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए खड़े युवकों ने उसको रोककर गोली मार दी थी। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। बताया गया है कि युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।




मुरादनगर पुलिस की गिरफ्त में डेयरी संचालक को गोली मारने के आरोपी।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सहबिस्वा स्कूल के पास गोली मारने वाले आरोपी घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर अरशद उर्फ़ छोटे व जुबेर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

### पत्नी से मारपीट मामले में पति गिरफ्तार

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गांव डेरी मच्छा में खाना बनाने को लेकर पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस के अनुसार डेरी मच्छा गांव निवासी सुजीत की पत्नी सुधा से खाना बनाने को लेकर कहासुनी हो गई । कहासुनी के बाद सुजीत ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी । महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। सुधा ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना की दी । पुलिस आने की सूचना पर पत्नी की जमकर धुनाई कर दी । जिससे वह घायल हो गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई । पुलिस ने मौके से ही पति सुजीत को गिरफ्तार कर लिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

# भूमाफिया से छीनकर रक्षा मंत्रालय के नाम दर्ज की जमीन

## हाईकोर्ट के आदेश पर शुरू कार्रवाई को पूरी होने में लग गए 7 वर्ष, बसा दिया था फार्म हाउस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने सोमवार को भूमाफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नोएडा में करीब 400 करोड़ रुपए की जमीन भूमाफिया से छीनकर वायुसेना को लौटाई गई है। दरअसल, नोएडा के यमुना खादर क्षेत्र में वायु सेना की जमीन पर करीब 70 वर्षों से कब्जा था। यहां वायु सेना की फायरिंग और बोम्बिंग रेंज पर माफिया ने कब्जा करके फार्म हाउस बसा दिए थे। सैकड़ों लोगों को धोखाधड़ी के जरिए फार्म हाउस बेचे गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर शुरू हुई यह कार्यवाही करीब 7 वर्ष में पूरी हुई है।

**70 वर्ष बाद मिला जमीन पर वायु सेना को हक**

वर्ष 1950 में बुलंदशहर के तत्कालीन जिलाधिकारी ने यह जमीन अधिग्रहित कर के आगरा के रक्षा संपदा अधिकारी को सौंपी थी। दरअसलए तब यह इलाका बुलंदशहर जिले में ही था। तब से लेकर अब तक इस जमीन पर पहले स्थानीय किसानोंए फ्रि भूमाफ्यिा और बाद में फ्र्म हाउस खरीददारों के नाम दर्ज होते चले गए। सहायक अभिलेख अधिकारी ने बताया कि रक्षा संपदा अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करने के बाद सारे नाम खारिज कर दिए गए हैं। इस जमीन पर रक्षा मंत्रालय का नाम दर्ज कर दिया गया है। मौजूदा समय में इस जमीन की कीमत करीब 400 करोड रुपए आंकी गई है।

नोएडा के नंगला नंगली और नंगली साकपुर गांवों में हुए वायु सेना भूमि घोटाले में कार्रवाई सोमवार को अंजाम तक पहुंच गई है। प्रशासन ने वायु सेना की 161 एकड़ भूमि रक्षा मंत्रालय के नाम दर्ज कर दी है। नोएडा में यमुना नदी के किनारे वायु सेना की इस जमीन पर कब्जा करके भूमाफिया ने फार्म हाउस बनाकर बेच दिए थे। जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जिला प्रशासन को कार्रवाई करने का आदेश करीब 6 साल पहले दिया था। गौतमबुद्ध नगर के सहायक अभिलेख अधिकारी रजनीकांत ने सोमवार को इस कार्रवाई के बारे में बताया कि वायु सेना को वर्ष 1950 में तिलपत रेंज के लिए 468 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था।

नोएडा के नंगला नंगली और नंगली साकपुर गांवों की जमीन वायु सेना को जमीन दी गई थी। हरियाणा के फ्रीदाबाद जिले से दीक्षित अवार्ड के तहत वर्ष 1971 में गौतमबुद्धनगर जिले को यह जमीन दी गई थी। इस जमीन पर मालिकाना हक हासिल करने के लिए मुकदमा दायर किया गया था। दूसरा मुकदमा राजस्व अभिलेखों में वायु सेना का नाम दर्ज करने के लिए दायर किया गया।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-49 के थाना क्षेत्र के सर्फाबाद गांव के पास सोमवार रात मोटरसाइकिल सवार सुभाष (25) को एक अन्य मोटरसाइकिल चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि सुभाष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दूसरे मोटरसाइकिल चालक की तलाश कर रही है। प्रवक्ता ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र के भट्टा गोल चक्कर के पास सोमवार रात ही एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए विकास उर्फ बबलू को टक्कर मार दी।

fanatically for you
agranté
KAVYAM

लाईसेंस नं0 - 101/2017 दिनांक 30/11/2017, हरेरा नं0 - 23/2018 दिनांक - 23/11/2018

**ड्रा ऑफ़ फ्लैट्स**

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि हरियाणा की किफायती आवॉस पॉलिसी 2013 एवं समय समय पर संशोधित, के तहत **"काव्यम" सेक्टर-108 जिला गुरूग्राम** जो कि **मैसर्स अग्रान्ते रियल्टी लि0** द्वारा विकसित की जा रही है **जिसमे 73 फ्लैट्स के लिए** में **76** आवेदनो के तहत, **ड्रा दिनांक - 22/01/2021** को समय **16:00 बजे द प्लाज़िओ होटल 292-296 सेक्टर-29 सिटी सेंटर गुरुग्राम हरियाणा** में लाईव स्ट्रीमिंग/टेलिकास्ट यू-ट्यूब के जरिए किया जायेगा।

कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये गृहमंत्रालय/डी.टी. सी.पी. हरियाणा/डी.सी. गुरूग्राम द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक ज्यादा लोगों के एकत्रित होने पर रोक लगी हुई है।

गृहमंत्रालय/डी.टी. सी.पी. हरियाणा/डी.सी. गुरूग्राम द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक ड्रा के लिये ड्रा कमेटी और कम्पनी के स्टाफ एवं आवेदकों को मिला कर कुल 50 व्यक्तियों के साथ ड्रा ऑनलाईन किया जाएगा।

बचे हुए आवेदक निम्नलिखित यू-ट्यूब लाईव के लिंक के माध्यम से ड्रा में ऑनलाईन सम्मिलित हो सकते हैं।

**नोट:**- अगर कोई भी आवेदक अपना नाम सूची में देखना चाहे तो ड्रा से पहले एसटीपपी ऑफिस, गुरुग्राम के साथ-साथ ऑफिस ऑफ़ कॉलोनाइजर से संपर्क कर सकता है

यू-ट्यूब लिंक- https://www.youtube.com/c/Kavyamhomes
अग्रांते रियल्टी लिमिटेड सिन नंबर U70101DL2013PLC248731
रजिस्टर्ड ऑफिस 704 डी ल फ टावर बी जसोला नई दिल्ली.110025
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - वेबसाइट www.kavyamhomes.com
ईमेल contact@agrante.com 011-41924100-199, 8800499674

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

हम आपको सूचना दी जाती है कि निम्नवर्णित (कर्जदार/रों) ने नीचे वर्णित सुविधाप अनुबंध संख्या तथा पता के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 8 जनवरी, 2021 के द्वारा दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि अर्थकॉन ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| 1. | नावेद उर रहमान, मोहम्मद नईम, इफ्फात गुलामअब्बास सैयद/ एलबीजीएचजैड00002539542 | फ्लैट नंबर 006, टावर ए अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन्स प्लॉट नंबर 7ए कासा ग्रैण्ड सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा |
| 2. | सोनिका चौहान, पंकज चौहान/एलबीएफडीबी00002277228 | फ्लैट नंबर बी 103, टावर बी प्रथम तल, प्लॉट नंबर जीएच–07–07–7ए कासा ग्रैण्ड सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा |
| 3. | फैसल आरिफ, हिना नाज, मुकर्रम अली/एलबीएनओडी00002408962 | फ्लैट नंबर 901, 9वां तल, टावर–ए प्लॉट नंबर जीएच–0 7ए कासा ग्रैण्ड सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा |
| 4. | फैसल आरिफ, हिना नाज, मुकर्रम अली/एलबीएनओडी00002394509 | फ्लैट नंबर 1101, फ्लैट नंबर 1101, 11वां तल, टावर–ए कासा ग्रैण्ड प्लॉट नंबर जीएच–0 7ए सेक्टर चाई 6 ग्रेटर नोएडा |
| 5. | विनोद कुमार, सोनिया तेवतिया/एलबीएनओडी00002270175 | फ्लैट नंबर 605, छठा तल, ब्लॉक बी, कासा ग्रैण्ड प्लॉट नंबर 7ए सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा |
| 6. | वरूण भारद्वाज, कामाक्षी बजाज/एलबीडीईएल00002550031 | फ्लैट नंबर बी 707, 7वां तल, कासा ग्रैण्ड प्लॉट नंबर जीएच–07–07ए सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा |
| 7. | श्रिती आनंद, आनंद प्रकाश, अनन्या जूलरी/एलबीएफडीबी00002201330 | फ्लैट नंबर ए 201, टावर ए द्वितीय तल कासा ग्रैण्ड सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा |

दिनांकित : 20 जनवरी, 2021 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

### तीन शातिर चोरों को पुलिस ने दबोचा

**नोएडा।** थाना बीटा-2 की पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। बीटा-2 के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि बीती रात गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर मुस्तकीम, इसरार और मनान को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक दुकान से चोरी किए गए 14 मोबाइल फोन और अन्य कुछ सामान भी बरामद किया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है।

### युवक ने होटल में गोली मारकर की खुदकुशी

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-53 स्थित एक होटल में ठहरे एक युवक ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि बागपत का अमित धामा (21) सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-53 स्थित एक होटल में रविवार रात ठहरने आया था। उसने अपने गांव के रहने वाले प्रिंस नाम के एक युवक के पहचान पत्र से कमरा बुक कराया था। एसीपी ने बताया कि सोमवार को अमित का शव कमरे में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस` जांच की तो पता चला कि अमित ने देशी तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

# सर्वेक्षण में जिले को अव्वल लाने में जुटे प्रधानाचार्य

## स्वच्छता रैकिंग के लिए गाजियाबाद में अभियान चलाने का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2021**

स्वच्छता सर्वेक्षण में नेशनल व स्टेट लेवल पर गाजियाबाद को रैंकिंग में अव्वल लाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने महानगर के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यो को एक मंच पर जुटाकर पूरे जिले में अभियान शुरू करने का फैसला किया है।

स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने भी नगर निगम अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि इस बार गाजियाबाद को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में प्रथम रैंकिंग दिलाने के अभियान में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी।

इस मौके पर नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर ने मौजूद प्रधानाचार्यो को अवगत कराया कि उन्हें अपने मोबाइल सेट से किस तरह से ऐप के जरिये अपने शहर को सफाई के सिलसिले में अपने व्यू देने हैं। इसके अलावा छात्रों में सफाई के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रकार के कॉम्पीशन आयोजित करने हैं। नगर आयुक्त ने प्रधानाचार्यो को बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 ऐप को न केवल अपने मोबाइल में लोड करे बल्कि छात्रों को भी लोड करने के लिए सुबह की प्रार्थना सभा में जरूर प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि छात्र एक ऐसा वर्ग है जो अपने अभिभावकों को इस ऐप के जरिये गाजियाबाद को स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल लाने का काम कर सकते हैं। इसीक्रम में मेयर आशा शर्मा ने कहा कि हमें यह प्रण लेना है कि गाजियाबाद को हर हालत में प्रदेश और नेशनल स्तर पर प्रथम रैक लाना हैं। उन्होंने कहा कि यदि गाजियाबाद प्रथम स्थान पर आ जाता है तो गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलने में कोई अड़चन नहीं आयेगी।

# सोरखा गांव के कन्या गुरुकुल की 14 वर्षीय छात्रा लापता

**● प्रबंधन ने थाने में दर्ज कराया केस**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सोरखा गांव स्थित एक गुरुकुल से आठवीं कक्षा की छात्रा सोमवार रात लापता हो गई। गुरुकुल की तरफ से छात्रा के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सोरखा गांव के कन्या गुरुकुल की 14 वर्षीय छात्रा 19 जनवरी देर रात गुरुकुल से लापता हो गई।

उन्होंने बताया कि गुरुकुल प्रबंधन की सदस्य सृष्टि ने थाना सेक्टर 49 में छात्रा के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा की बड़ी बहन भी इसी गुरुकुल में पढ़ती है।

गौरतलब है कि इस गुरुकुल में हरियाणा की रहने वाली एक छात्रा की 2020 में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। छात्रा के परिजन ने गुरुकुल के प्रबंधक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### दुकानदार के घर से लाखों के जेवरात चोरी

**नोएडा।** बिसरख थानाक्षेत्र के पतवारी गांव में रहने वाले एक दुकानदार के घर से लाखों के जेवरात कथित तौर पर चोरी हो गए हैं। थानाध्यक्ष मुनीष चौहान ने बताया कि पतवारी गांव में रहने वाले ललित यादव वाहनों के कलपुर्जे का सामान बेचते हैं।

ललित ने सोमवार को थाना बिसरख में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी दुकान पर गए थे और परिवार के अन्य सदस्य घर की पहली मंजिल पर थे, दिन में भू-तल पर रखी अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। उन्होंने बताया कि करीब 35 तोले सोने और 250 ग्राम चांदी के आभूषण की चोरी हुई है।

# मिसाल : मुस्लिम समुदाय ने कराया हिंदू युवक का अंतिम संस्कार

## 15 साल से मुरादनगर में रहा रहा था मृतक, शव लेने से रिश्तेदारों ने कर दिया था इनकार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली है। दरअसल, मुरादनगर में रविवार को हिंदू धर्म के एक अनाथ व्यक्ति का निधन हो गया था। जिसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिलकर उसका अंतिम संस्कार किया। मुस्लिम युवकों के इस कार्य की हर ओर सराहना हो रही है।

मुरादनगर कस्बा हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए जाना जाता है। सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। इसीलिए मुरादनगर के इतिहास में आज तक हिंदू-मुस्लिम के बीच किसी भी तरीके का गतिरोध नहीं हुआ है। मुरादनगर में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की एक और मिसाल देखने को मिली है। जहां हिंदू धर्म के एक अनाथ व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उसका अंतिम संस्कार किया।



हिन्दू युवक का अंतिम संस्कार करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

सभासद जुनैद चौधरी ने बताया कि मृतक भगवान दास उर्फ कल्लू मुरादनगर के चुंगी नंबर 3 पर तकरीबन 15 साल से रह रहे थे। जिनका कोई भी सहारा नहीं था। भगवान दास पिछले 2-3 दिन से बीमार चल रहे थे। जिनकी रविवार को मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम हाउस से बॉडी आने के बाद सभी लोग मिलकर इनके रिश्तेदारों के पास गए तो उन्होंने बॉडी लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपस में मिलकर उनका अंतिम संस्कार किया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में खुर्जा से आए उनके दोस्त राहुल पंडित ने मदद की। उनका कहना है कि मुरादनगर में हमेशा से ही भाईचारा ऐसा ही रहा है।

खुर्जा से आए राहुल पंडित ने बताया कि वह मुरादनगर में अपने मित्र से मिलने आए हुए थे। उनके दोस्त जुनैद ने बताया कि एक हिंदू धर्म के व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। जिसका वह अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होंने अंतिम संस्कार की सारी व्यवस्था कराई और मुस्लिम धर्म के लोगों को सभी प्रक्रिया बताते हुए मृतक का अंतिम संस्कार कराया। उनका कहना है कि मुरादनगर के मुस्लिम समुदाय ने वाकई में एक मिसाल कायम की है।


## संक्षिप्त समाचार




प्रेसवार्ता को संबोधित करते रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष यशवीर सिंह।

### परिसमन में गड़बड़ी नहीं की जाएगी बर्दाश्त : रालोद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष यशवीर सिंह ने यहां कहा कि सत्ताधारी दल नगर पालिका परिसीमन में गड़बड़ी कर रहा है ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी जीत का जातिगत व क्षेत्रीय समीकरण बन सके। जिस पर राष्ट्रीय लोकदल पूरी नजर रखे हुए हैं। यदि इस गड़बड़ी को नहीं रोका गया तो राष्ट्रीय लोक दल आंदोलन करेगा। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अजय प्रमुख को राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की और पत्रकारों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जनहित में काम नहीं कर रही है बल्कि जन विरोधी कार्य में लिप्त है। सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं। यहां तक कि वह परिसीमन में भी गड़बड़ी करने से बाज नहीं आ रही है। जिसके शिकायतें राष्ट्रीय लोक दल को लगातार मिल रही है। राष्ट्रीय लोक दल इस पर बराबर नजर रखे हुए हैं।



डीडीपीएस स्कूल गेट पर प्रदर्शन करते अभिभावक।

### अभिभावकों ने निकाला पैदल मार्च

**गाजियाबाद।** फीस जमा न होने पर बच्चों को परीक्षाओं से रोके जाने के विरोध में दूसरे दिन भी संजयनगर के डीडीपीएस स्कूल गेट पर अभिभावकों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए प्रदर्शन में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला।बता दें कि सोमवार को भी अभिभावकों ने स्कूल गेट पर प्रदर्शन किया था। अभिभावकों ने बताया कि कोरोना काल के कारण लगे लॉकडाउन की वजह से नौकरी, कारोबार सब ठप पड़ा था इसलिए बच्चों की फीस जमा नहीं करा पाए थे। इसके बावजूद पहले स्कूल ने बच्चों की ऑनलाइन क्लास बंद कर दी थी और जब बच्चे परीक्षा देने स्कूल पहुंचे तो उन्हें बाहर निकाल दिया और परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया।

### अज्ञात शख्स का शव बरामद

**नोएडा।** जिले के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-44 स्थित शिव मंदिर के पास सोमवार रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर- 44 के मंदिर के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# थानों के बेहतर प्रदर्शन के लिए शाह ने दिए पांच लक्ष्य

## दिल्ली पुलिस की भूमिका को सराहा, बोले चुनौतीपूर्ण वर्ष में बेहतरीन काम किया

● अपराध और अपराधियों पर नजर रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगेंगे 15 हजार सीसीटीवी कैमरे



पुलिसकर्मी को सम्मानित करते गृहमंत्री अमित शाह व साथ में पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सभी पुलिस थानों के लिए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर वर्ष 2022 तक सुधार और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए पांच लक्ष्य निर्धारित करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 तक हर पुलिस थाने और कांस्टेबल से लेकर पुलिस आयुक्त तक सभी पुलिसकर्मियों को अपना लक्ष्य तय करना चाहिए। प्रत्येक संस्था और पुलिसकर्मी को अपने लिए पांच-पांच लक्ष्य तथा संकल्प तय करने होंगे और वे स्वयं इसकी निगरानी करेंगे।

इस संकल्प की पूर्ति अब तक का सबसे बड़ा सुधार होगा और इससे दिल्ली पुलिस के प्रति लोगों का नज़रिया बदलेगा और राजधानी की समस्याओं को हल करने से कोई नहीं रोक सकेगा। शाह ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान दिल्ली पुलिस की भूमिका की सराहना कर पीठ थपथपाई और कहा कि पुलिस बल राष्ट्रीय राजधानी में लोगों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रहा है। बल के हर कर्मियों को अच्छा करने की भूख होनी चाहिए। पिछले वर्ष उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से पुलिस बल निबटा और शहर में शांति कायम कर सका। कोविड-19 महामारी के दौरान चुनौतीपूर्ण वर्ष में बेहतरीन काम भी किया। केंद्रीय गृह मंत्री सुबह करीब 12 बजे पुलिस मुख्यालय पहुंचे। यहां आदर्श ऑडिटोरियम में पुलिस उपायुक्त के ऊपर के सभी आला अधिकारियों को करीब तीन घंटे तक बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कई मुद्दो पर पर विस्तार से चर्चा कर अपनी अपेक्षाएं उनके सामने रखीं। हर पुलिस कर्मी को आगे बढ़ने और और अच्छा से अच्छा करने की भूख होनी चाहिए। शाह ने कहा उत्तरपूर्वी दिल्ली में हिंसा से निबटना हो, कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन हो या प्रवासी कामगारों का आवागमन हो। उसने लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान की हैं।

उस पर अनेक जिम्मेदारियां हैं मसलन राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास, विदेशी दूतावास, कई महत्वपूर्ण संगठनों के मुख्यालय, विज्ञान केंद्र समेत अनेक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान उसके अधीन आते हैं। उन्होंने गुमशुदा बच्चों को उनके माता-पिता व अभिभावकों से फिर से मिलाने की पहल की भी सराहना की और कहा कि ऐसे कदम मानवता की सेवा हैं। गृह मंत्री ने ऐलान किया कि अपराध तथा अपराधियों पर करीब से नजर रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 15 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन सीसीटीवी नेटवर्कों को रेलवे स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से भी जोड़ा जाएगा। दिल्ली सरकार के भी काफी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उन सभी को इस डाटा सेंटर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मियों को रहने के लिए अच्छा घर आदि कई मसले को लेकर सेटिस्फेक्शन लेवल साढ़े 19 फीसद ही है। वर्ष 2022 तक इस लेवल को हर हाल में 40 फीसद तक पहुंचाए। उन्होंने बल के लिए अच्छा मकान बनवाने के लिए 265 करोड़ देने की बात कही।

उन्होंने मिशाल पेश करते हुए कहा जब रहने के लिए इंसान को अच्छा घर मिलता है तो वे स्वस्थ मानसिकता से काम भी करते है। पुलिस देश की सरकार का अंग है।

> *पुलिस बल में इस्तेमाल होने वाली तकनीक में निरंतर बदलाव होना चाहिए। इसके लिए पुलिस तकनीकी सेल का गठन किया गया है जो पुलिस के कामकाज के लिए विभिन्न तकनीक के आयात, इस्तेमाल और समयानुसार वृद्धि के लिए काम करेगा।*
>
> **एस.एन.श्रीवास्तव, आयुक्त**

# टीका लगवाने में लोगों का भरोसा धीरे-धीरे बढ़ेगा: जैन

● स्वास्थ्य मंत्री ने वैक्सीन लगवाने को बताया व्यक्तिगत निर्णय



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दो दिनों में स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगने की रफ्तार धीमी रहने के बीच दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को कहा कि यह कवायद स्वैच्छिक और व्यक्तिगत निर्णय से जुड़ी है कि टीका लगवाना है या नहीं? हालांकि लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

साथ ही कहा कि लोगों का भरोसा धीरे-धीरे बढ़ेगा। दिल्ली में सोमवार को करीब 3600 स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड-19 का टीका लगाया गया था जोकि टीकाकरण अभियान के पहले दिन की तुलना में कम रहा। जैन ने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली में दिन का लक्ष्य 8,136 था और 3,598 को टीका लगाया गया जोकि लक्ष्य का करीब 44 फीसदी है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वैच्छिक कार्यक्रम है और लोग स्वयं अपना फैसला ले रहे हैं क्योंकि यह शुरुआती चरण है।

यह पूछे जाने पर कि कुछ नेताओं द्वारा इसके प्रभाव एवं सुरक्षा को लेकर संशय जताया जाना भी एक कारण हो सकता है तो जैन ने कहा, नहीं।

टीका लगवाना व्यक्तिगत निर्णय है और इसका टीके के संबंध में की गई राजनीतिक बयानबाजी से कोई लेना-देना नहीं है। देशव्यापी टीकाकरण अभियानमें 8,117 स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगाने का लक्ष्य था जबकि 81 केंद्रों में कुल 4,319 कर्मियों

# घना कोहरा छाने के कारण दृश्यता हुई शून्य



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में मंगलवार को कुछ इलाकों में घना कोहरा छाने से दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि बर्फ से ढंके पश्चिमी हिमालय से मैदानी इलाकों में आने वाली उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई और यह 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में सोमवार को पुरवाई हवाएं चलने और आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी ने बताया कि पालम में सुबह साढ़े आठ बजे बेहद घना कोहरा छाने के कारण दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। वहीं सफदरजंग में दृश्यता 300 मीटर रही। आईएमडी के अनुसार शून्य से 50 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरा बेहद घना, 51 से 200 मीटर के बीच घना, 201 से 500 के मीटर के बीच मध्यम और 501 से 1000 के बीच दृश्यता होने पर कोहरे को हल्का माना जाता है।

# कोरोना वायरस संक्रमण के 231 नए मामले, 10 मरीजों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 231 नए मामले सामने आए और 10 अन्य मरीजों की मौत हो गई। इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतएंद्र जैन ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस संक्रमण के हालात नियंत्रण में प्रतीत होते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को संक्रमण के 161 मामले सामने आए थे जोकि पिछले करीब नौ महीने में एक दिन में सामने आए नए मामलों में सबसे कम रहा। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को सामने आए नए मामलों के बाद शहर में अब तक संक्रमण के 6.32 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं जबकि अब तक इस घातक वायरस से 10,764 लोगों की मौत हुई है। जैन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, संक्रमण के नए मामलों और उपचाराधीन मामले, दोनों की ही संख्या में खासी कमी आई है। अब दिल्ली में हालात काफी नियंत्रण में प्रतीत होते हैं।

वहीं, शहर में मंगलवार को उपचाराधीन मामलों की संख्या 2,334 रही जबकि संक्रमण की दर 0.32 फीसदी थी। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 72,441 नमूनों की परीक्षण किया गया, जिनमें 231 नमूनों में संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके मुताबिक, शहर में अब तक संक्रमण के 6,32,821 मामले सामने आ चुके हैं।

# कोरोना मरीजों के लिए रिजर्व आईसीयू बेड घटे

● निजी अस्पतालों में 25% किया, महामारी के घटते प्रकोप के मद्देनजर लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में कोविड-19 के घटते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने निजी अस्पताल में आरक्षित बेडों की संख्या 40 फीसद से घटाकर 25 फीसद कर दी है। इस बाबत सरकार की तरफ से दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया गया।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख दो फरवरी तय की। इससे पहले याचिकाकर्ता एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स के वकील ने कहा कि वह इस नए घटनाक्रम में सदस्य अस्पतालों के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं, इसलिए उन्हें कुछ वक्त चाहिए। एसोसिएशन ने सरकार के 12 सितंबर, 2020 का आदेश रद्द करने की मांग की है जिसमें 33 निजी अस्पतालों में कोविड-19 मरीजों के लिए 80 फीसद सीटें आरक्षित कर दी गई थीं।

ये अस्पताल एसोसिएशन के सदस्य हैं। वैसे सरकार ने महामारी की स्थिति की समीक्षा करने के बाद आरक्षण फीसद को क्रमिक रूप से घटाया है। नवंबर, 2020 में कोविड-19 का संक्रमण रोजाना 8000 के शिखर पर चढ़ने के बाद अब घट रहा है तथा 18 जनवरी, 2021 को 161 नए मामले सामने आए हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से कहा कि सरकार ने 15 जनवरी को आदेश जारी कर 100 से अधिक बेड वाले अस्पतालों में कोविड-19 बेड आरक्षण घटाकर 25 फीसद किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस विषय पर सदस्य अस्पतालों से निर्देश हासिल करने के लिए कुछ समय की जरूरत है। पहले दिल्ली सरकार के वकील ने कहा था कि कोई भी गैर कोविड-19 मरीज इस बात को लेकर अदालत नहीं पहुंचा कि कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के वास्ते 80 फीसद आईसीयू बेड आरक्षित कर दिए जाने के कारण उसे अस्पताल में उपचार से वंचित होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि कोई भी निजी अस्पताल यह दावा करते हुए उच्च न्यायालय नहीं पहुंचा कि इस आरक्षण आदेश के चलते उसे नुकसान हुआ।

# कोविड-19: तीसरे दिन 4936 लोगों को लगा टीका

● 16 में दिखे प्रतिकूल प्रभाव : अधिकारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में मंगलवार को 4936 लोगों को टीका लगाए गए। हालांकि सूचना मिली है कि 16 लोगों में कुछ प्रतिकूल प्रभाव देखा गया। मंगलवार को दिल्ली में कुल 10125 लोगों को टीका लगाए जाने थे। लेकिन केवल 48 प्रतिशत की टारगेट पूरा किया जा सका।

स्वास्थ्य अधिकारी ने डाटा जारी करते हुए यह जानकारी दी। शनिवार को शुरू हुई इस वैक्सीन का तीसरा दिन था। अभी केवल कोरोना योद्धाओं को ही टीका लगा जा रहा है। लोगों की बढ़ती भागेदारी चिंता का विषय है। दरअसल, दिल्ली की 81 वैक्सीनेशन साइट पर रोजाना लगभग 8100 हेल्थकेयर वर्कर्स को वैक्सीन लगाई जानी है. लेकिन पहले दिन 4319 और दूसरे दिन केवल 3598 लोगों को ही टीका लगाया जा सका।

अब तक कम टीकाकरण के पीछे कई चीजों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जिनमें कुछ तकनीकी समस्याएं और इसके प्रतिकूल प्रभाव को लेकर लोगों में पैदा हो रहा डर शामिल हैं।

# वाल्मिकी समाज का महत्व भूल गए सीएम: भाजपा

● कोरोना योद्धाओं को नहीं मिल रहा वेतन: हंसराज



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने सफाई के मुद्दे पर केजरीवाल सरकार को घेरा है। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद हंसराज हंस ने वाल्मिकी समाज के साथ हो रहे अन्याय पर केजरीवाल सरकार पर जमकर निशाना साथ। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को याद दिलाया कि कोविड-19 महामारी के दौरान वह पूरी तरह से गायब रहे। उस वक्त वाल्मिकी समाज के लोग घर का कचड़ा उठाकर यह सुनिश्चित कर रहे थे कि राजधानी साफ सुथरी रहे। हंसराज हंस ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कई दिनों से जिस प्रकार दिल्ली सरकार वाल्मिकी समाज के लोगों को धोखा दे रही है और अपमानित कर रही है वह जगजाहिर है। यह समझने की जरुरत है कि सुबह अपने बच्चों को घर पर सोता छोड़ सफाई कर्मचारी दूसरों के घर का कचरा उठाने आते हैं, लेकिन सरकार इन लोगों और कोरोना योद्धाओं के हर महीने वेतन भी नहीं दे रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने जिन पैसों को संवैधानिक तौर पर निगमों को 13,000 करोड़ रुपये देने के लिए विधानसभा में बजट पारित किया था।

## मनीष को सम्मानित करेगा सफाई कर्मचारी आयोग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में तैनात सफाई कर्मचारी मनीष कुमार टीकाकरण अभियान के पहले योद्धा बन गए हैं।

उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन के सामने पहला टीका लगाया गया। वह कोरोना कॉल में पूरे दमखम से जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा में लगे रहे। उनके इस सेवाभाव को देखते हुए दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग सम्मानित करेगा। सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत ने कहा कि देशभर में जब कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण से लोग घबरा रहे हैं।

# मुश्किल दौर में कवि सम्मेलन एकजुटता का प्रतीक : सिसोदिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन की तरह कवि सम्मेलन भी जरूरी है। गणतंत्र दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन करना आजादी के बाद से अब तक की परंपरा रही है। उसे कायम रखने के लिए यह कवि सम्मेलन आयोजित करना जरूरी था। ताकि भविष्य में कोई यह नहीं कहे कि वर्ष 2021 में कवि सम्मेलन की परंपरा टूट गई। यह कवि सम्मेलन मुश्किल के दौर में हमारी एकजुटता का प्रतीक है। सिसोदिया ने मंगलवार को हिंदी अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में यह बात कही।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली राजनैतिक राजधानी के साथ-साथ सांस्कृतिक राजधानी भी है। भाषाएँ समृद्ध होंगी तो राष्ट्राषा समृद्ध होगी।


हिंदी अकादमी के सचिव डॉ. जीतनराम भट्ट ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण इस बार लाल किला के बदले इसे हिंदी भवन में किया गया। कवि-सम्मेलन डॉ. कुँअर बैचैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सुरेंद्र शर्मा के संचालन में देशभर से आए कवियों ने अपने काव्य-पाठ से लोगों को खूब गुदगुदाया और चिंतर करने पर मजूबर किया।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
उद्यान विभाग (मुख्यालय)
ई ब्लॉक, तल 3, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर
जे.एल. नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002

निविदा आमंत्रण सूचना

"पंजाबी बाग पश्चिमी क्षेत्र के भारत दर्शन पार्क में दर संविदा आधार पर सीमेंट कंक्रीट पेवर टाइल्स की आपूर्ति" के कार्य के लिए निविदा सं. 319527 के अनुसार अनुभवी एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ योग्य ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों/कम्पनियों से दो निविदा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) में ऑनलाइन मद दर खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दर ठेके की कुल राशि 2.00 करोड़ रु. ईएमडी 1 लाख रु., आर.सी. अवधि 12 माह। खाता शीर्ष आई-130-3084 एवं अन्य। निविदा दस्तावेज विस्तृत नियमों और शर्तों के साथ वेबसाइट http://mcdetenders.com से डाउनलोड करें या एसडीएमसी वेबसाइट www.mcdonline.gov.in/South Delhi Municipal Corporation/Tenders/e-tendering देखें। ऑनलाइन निविदाओं के लिए हेल्पडेस्क नं.: 011-23227413 एवं 011-23227414 पर कॉल करें या mcd-ithelpdesk@mcd.gov.in पर मेल करें। निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने, निविदा तैयार करने और हैश जमा करने की प्रभावी तिथि 20.01.2021 के प्रातः 10.01 बजे से 03.02.2021 दोपहर 3:00 बजे तक है। ऑनलाइन निविदाओं के रीइनक्रिप्शन की प्रभावी तिथि 03.02.2021 शाम 5:01 बजे से 04.02.2021 दोपहर 3:00 बजे तक है। तकनीकी निविदाएं 04.02.2021 दोपहर 3:30 बजे खोली जाएंगी। उपरोक्त निविदा (निविदाओं) के संदर्भ में यदि कोई संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, अतिरिक्त सूचना, समय विस्तार आदि हुआ तो सभी विवरण मात्र एसडीएमसी की वेबसाइट http://mcdetenders.com, www.mcdonline.gov.in/South Delhi Municipal Corporation/Tenders/e-tendering पर अपलोड किए जाएंगे और समाचार पत्र (पत्रों) में अलग से प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। इसलिए निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि इन निविदाओं की नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से ये वेबसाइट देखते रहें।

उप निदेशक (उद्यान) मुख्यालय
011-23225334
RO No. 62/DPI/S/2020-21



# चढ़ूनी का पुतला फूंका, कांग्रेस के खिलाफ गरजे भाजपाई

## किसान नेता चढ़ूनी के कांग्रेस से मिले होने के लगाए आरोप

## सिविल लाइन में अग्रवाल धर्मशाला चौक पर किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में किसान नेता चढ़ूनी का पुतला फूंकते भाजपाई।

**मंगलवार** को जिला भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से यहां किसान नेता चढ़ूनी का पुतला फूंककर उनके कांग्रेस से मिले होने पर खूब नारेबाजी की। पुतले पर कांग्रेस के नेताओं के भी फोटो लगाकर भाजपाइयों ने विरोध जताया। पुतला फूंकने के प्रदर्शन के दौरान करीब पौने घंटे तक यहां जाम लगा रहा।

भाजपा की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर बाद यहां सिविल लाइन स्थित अग्रवाल धर्मशाला चौक पर भाजपा के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। हाथों में झंडे, किसान नेता चढ़ूनी का पुतला लेकर कार्यकर्ताओं ने यहां जमकर नारेबाजी की। पुतला बेशक चढ़ूनी का था, लेकिन उस पर कांग्रेस नेताओं के फोटो भी लगाए गए थे। सभी फोटो पर काले तेल से कालिख पोती। यहां पहुंची जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि किसान नेता चढ़ूनी से संपर्क उजागर होने के साथ कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो गया है। जो कांग्रेस किसानों का समर्थन होने की बात कहती रही है, वह आज किसान आंदोलन का हिस्सा साबित हुई है।

ना केवल हिस्सा बल्कि कांग्रेस की शय पर यह आंदोलन चल रहा है। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि देश के किसानों को बरगलाने का काम कांग्रेस कर रही है। यह पूरा आंदोलन कांग्रेस संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पाएगी। इस मौके पर गुरुग्राम विधानसभा निगरानी कमेटी के चेयरमैन सुमेर तंवर, महिला नेत्री सुमन दहिया, जिला महामंत्री महेश यादव कार्टरपूरी, जिला महामंत्री मनीश गाडौली, यादराम जोया, राजेश अरोड़ा, अजीत यादव, अनील यादव सरपंच, हरबीर अधाना, मनोज शर्मा, सोनाली मित्रा, ज्योति डैम्बला, दिनेश राघव, सोनिया यादव, हर्षवर्धन मित्तल, ओम प्रकाश जांगड़ा, सुरेन्द्र गहलोत, जितेंद्र चौहान, नीरज यादव, रामबीर भाटी, ऊषा प्रियदर्शी, सुंदरी खत्री, कृष्ण स्वामी, रंजीत सिंह, विरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, कृष्ण यादव, दौलत राम, विरेंद्र जांघु सरपंच, अरूणी शुक्ला, अभय सिंह चौहान, पार्षदों में कुलदीप यादव, रविंद्र यादव, अनुप सिंह, कपिल दुआ, दिनेश सैनी, महेश दायमा, सुनील घोड़ारोप, राकेश यादव, राकेश यादव, बेगराज यादव, अभिषेक गुलाटी, सर्वप्रिय त्यागी पिंटू, ओमप्रकाश ठाकरान, सतपाल राघव, शिव डागर, सुनील यादव, गौरव चुग, मनोज राघव, मुकेश बिस्सर, नितिन शांडिल्य, श्रवण कुमार आहुजा, प्रियवर्त कटारिया आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के आवास पर एसबीआई ने लगाया कैंप


जेवर विधानसभा के गांव दयानतपुर में एसबीआई की ओर से लगाए गए शिविर में मौजूद बैंक अधिकारी और अतिथि।

**ग्रेटर नोएडा।** गांव दयानतपुर में मंगलवार को जेवर विधानसभा के पूर्व विधायक ठाकुर छत्तर सिंह के आवास पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शिविर लगाया गया।

शिविर में पुराने लोन धारकों को भारी छूट दी गई। इस योजना का नाम ऋण समाधान योजना है, जिसमें पुराने कर्ज से मुक्ति पाने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। अतिथि के रूप में मौजूद रहे भाजपा युवा नेता मंजीत सिंह ठाकुर ने बैंक अधिकारियों के हवाले से बताया कि बैंक की ओर से यह योजना योजना 31 जनवरी तक रहेगी। साथ ही बैंक अधिकारियों ने

### पुराने लोन धारकों को दी गई भारी छूट

इस कैम्प में लोगों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैम्प में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जेवर के मुख्य प्रबंधक रमेश भूमिज, प्रबंधक वरुण गौड़, धीरज कुमार और खालिद अख्तर मौजूद थे। कैम्प में गांव के कुछ गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिनमें बीजेपी नेता सुरेश चंद शर्मा, ठाकुर करनेश सिंह, मोहित ठाकुर, राजेंद्र सिंह, शेर सिंह, प्रमोद सिंह, यतीश कुमार और पंकज सिंह शामिल हैं।

## सेक्टर-43 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नंबर-1 रैंकिंग पाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम जोरों से तैयारियां कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को संयुक्त आयुक्त हरीओम अत्री, पूर्व सरपंच अनिल यादव, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक मनोज कुमार व आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने सेक्टर-43 विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ गुरुग्राम का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों ने क्षेत्र की सफाई की तथा यह संदेश दिया कि स्वच्छता बनाए रखने में नागरिक अपना भरपूर सहयोग दें। संयुक्त आयुक्त हरीओम अत्री ने कहा कि स्वच्छता का कार्य एक पुनीत कार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्रामः कोरोना जांच आरटीपीसीआर टेस्ट के दाम हुए कम



**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार की हिदायत के अनुसार जिला में कोरोना के आरटीपीसीआर टेस्ट के रेट कम किए गए हैं। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने मंगलवार को जिला के सभी निजी अस्पतालों तथा प्राईवेट लैबोरेट्रीज को लिखित रूप में आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव के मुताबिक अब निर्धारित किए गए नए रेटों के अनुसार कोरोना के आरटीपीसीआर टेस्ट लैब, अस्पताल या कलेक्शन सेंटर पर जाकर करवाने पर व्यक्ति से 499 रुपये प्रति टेस्ट का शुल्क लिया जाएगा। यदि सेंपल मरीज के घर पर जाकर लिया जाता है तो उस परिस्थिति में 699 रुपये प्रति टेस्ट के हिसाब से चार्ज किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि कोरोना होने का संदेह होने पर टेस्ट जरूर करवाएं और सभी टेस्टों में सबसे भरोसेमंद टेस्ट आरटीपीसीआर टेस्ट माना जाता है। अब सरकार ने इसके अधिकतम रेट संशोधित कर दिए हैं, उससे अधिक कोई भी अस्पताल या लैब संचालक चार्ज नहीं कर सकता। कोरोना के अन्य प्रकार के टेस्टों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इस महामारी से संबंधित 4 अन्य टेस्ट भी होते हैं जिनके रेट भी सरकार ने निर्धारित कर रखें हैं। उन्होंने बताया कि सीबीएनएएटी टेस्ट के रेट 2400 रूप्ए प्रति टेस्ट, ट्रूनेट टेस्ट के 1250 रुपये, रेपिड एंटीजन टेस्ट 500 रुपये तथा आईजीजी आधारित एलिसा टेस्ट 250 रुपये में करवाए जा सकते हैं।

### आरटीए विभाग ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। यह अभियान 17 फरवरी तक चलाया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण की सचिव धारणा यादव ने गलेरिया मार्केट में सैर करने के लिए आने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा सबंधी उपायों के बारे में बताया। उन्होंने साइकिल व मोटर साइकिल पर चलने वाले लोगों को रिफ्लेक्टिव जैकेट वितरित की। इस जैकेट के पहनने से वाहन चालको को दूर से पता चल जाएगा जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी होगी। धुंध व अंधेरे में ये जैकेट दूर से चमकती हैं, जिससे वाहन चालको को देखने में आसानी होती है। सड़क दुर्घटनाओं में बचाव करने में ये रिफ्लेक्टिव जैकेट मददगार हैं। इन जैकेटों पर बी सेफ-बी सीन लिखा हुआ है, जिन्हें हर मौसम में प्रयोग किया जा सकता है।

### जीएल शर्मा की माता के निधन पर नेताओं ने जताया शोक



**गुरुग्राम।** हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता जीएल शर्मा की माता जी के निधन पर आरएसएस और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक जताते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। दिनभर उनके राजावास निवास पर शोक जताने वालों का तांता लगा रहा। बता दें कि जीएल शर्मा की माता चमेली देवी का शनिवार सांय देहांत हो गया था। वो 88 साल की थी। मंगलवार को आरएसएस के पवन जिंदल, हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव, हरियाणा भाजपा के प्रवक्ता जवाहर यादव, पूर्व एमएलए जाकिर हुसैन, तेजपाल तंवर, हरियाणा भाजपा कार्यालय प्रभारी गुलशन भाटिया, पुन्हाना से इकबाल जैलदार, जजपा के प्रदेश प्रवक्ता दलबीर धनखड़, कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश यादव, इनेलो के वरिष्ठ नेता किशोर यादव, वरिष्ठ पत्रकार यादराम बंसल, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप दायमा, नूह भाजपा के जिला महामंत्री राजकुमार गर्ग, गुरुग्राम भाजपा अर्जुन मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश वशिष्ठ, सोमदत्त वशिष्ठ, ओंकार खुराना रेवाड़ी जिला परिषद के पार्षद सन्नी यादव, युवा भाजपा नेता वरुण श्योराण, प्रवीण भगत वजीराबाद, कालू पलड़ा, राकेश बादशाहपुर, मुकेश जेलदार, जयकिशन शर्मा सिलोखरा, डॉक्टर कृष्ण शर्मा, एडवोकेट विक्रम, सहित कई नेताओं ने श्रीमती चमेली देवी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# छह तालाबों का जीर्णोद्धार नौ पर चल रहा है काम

**गुरुग्राम।** गुरुजल सोसायटी द्वारा जिला में अब तक 6 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है। साथ ही 9 गांवों में तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। जिन 6 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है, उनमें गांव मौजाबाद, खेंटावास, हरचंदपुर, इकबालपुर, भौड़ाकलां और दौला शामिल हैं। मंगलवार को गुरुजल सोसायटी की पहली बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डा. यश गर्ग ने की।

बैठक में गुरुजल सोसायटी के सदस्य सचिव जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान ने गुरूजल सोसायटी के तहत जिला में अब तक किए गए कार्यों व भविष्य की योजनाओं के बारे में रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के तहत जिला के गांव खेड़ला व दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क अर्थात् जैव विविधता प्रबंधन को लेकर एक योजना बनाई गई है। यह पार्क 420 एकड़ के क्षेत्र में विकसित किए जाने की योजना है। इसे विकसित करने को लेकर जमीन का सर्वे किया जा रहा है। इसके अलावा इसमें लगाए जाने वाले पौधों तथा नर्सरी स्थापित करने को लेकर भी प्लान तैयार किया जा रहा है।


बैठक लेते जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग।

## सोहना में आज शाम ठप रहेगी पेयजल सप्लाई

**सोहना।** बुधवार शाम को सोहना शहरी क्षेत्र और रायपुर गांव में पेयजल सप्लाई ठप रहेगी। उपभोक्ताओं को गुरुवार सुबह पेयजल की आपूर्ति होगी। बुधवार को गुरुग्राम-सोहना के बीच गांव अलीपुर के निकट बन रहा बोम्बे हाइवे मार्ग के बीच में आ रही पेयजल सप्लाई लाइन में परिवर्तन किया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग के जेई रामकुमार ने बताया कि यह कार्य सुबह 10 बजे से शुरु किया जाएगा। जो देर रात तक पूरा होने की संभावना है। यहां पर बिछाई गई नई लाइन को पानी सप्लाई से जोड़ा जाएगा। जिसके कारण 35 हजार की आबादी वाले सोहना शहर समेत रायपुर के ग्रामीणों को बुधवार की शाम को होने वाली पेयजल सप्लाई नहीं होगी।

# बादशाहपुर टैठड़ श्मशान घाट का मामला ग्रीवेंश कमेटी में रखेंगे ग्रामीण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**ग्राम** पंचायत बाईखेड़ा के गांव बादशाहपुर टैठड़ के ग्रामीण श्मशान घाट के बंद रास्ते के मामले को ग्रीवेंश कमेटी में लेकर जाएंगे। ग्रामीणों ने श्मशान घाट के रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे के सबूत जुटा लिए हैं।

मालूम रहे कि ग्राम पंचायत बाईखेड़ा के गांव बदशाहपुर टैठड़ के ग्रामीण पिछले 50 साल से श्मशान घाट के रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे को मुक्त कराने की लड़ाई लड़ रहे हैं। ग्रामीण हाई कोर्ट से भी कब्जाधारी फार्म हाउस मालिक के खिलाफ केस जीत चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि श्मशान घाट के रास्ते पर कब्जा करने वाले फार्म हाउस मालिक अपनी राजनीति पहुंच और पैसों के दम पर रास्ता छोड़ने का तैयार नहीं हो रहा है।

लेकिन अब ग्रामीण इस मामले को जिला स्तर पर होने वाली ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में लेकर जाएंगे। ताकि उन्हें न्याय मिल सके और श्मशान घाट के रास्ते से कब्जा का सफाया किया जा सके।

### पंचायत दे चुकी है नोटिस

**बाईखेड़ा** सरपंच श्याम सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत बाईखेड़ा की तरफ से रास्ते पर अवैध कब्जा करने वाले फार्म हाउस मालिक को वर्ष 2020 में दो बार नोटिस जारी किए गए थे। पंचायत विभाग ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को भी लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

### सीएम ट्वीटर पर शिकायत दर्ज कराई

**गांव** निवासी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्होंने रास्ते के अवैध कब्जे की शिकायत ट्वीटर के माध्यम से प्रदेश मुख्यमंत्री को दर्ज कराई है। बहुत ही जल्द मामले को ग्रीवेंश कमेटी में रखा जाएगा।

# ठोस कचरा प्रबंधन नियम की अवहेलना पर निगम ने काटे 11 चालान


गुरुग्राम में बल्क वेस्ट जेनरेटरों का निरीक्षण करते निगम अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### बल्क वेस्ट जेनरेटरों पर नगर निगम गुरुग्राम की कार्रवाई जारी

**जनवरी** माह में नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने 33 बल्क वेस्ट जेनरेटरों के परिसरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 11 बल्क वेस्ट जेनरेटर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करते पाए गए, जिसके लिए नगर निगम द्वारा प्रत्येक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

बता दें कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पादन करने वालों को बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। नियम के तहत बल्क वेस्ट जेनरेटर को उसके यहां उत्पन्न होने वाले कचरे का निस्तारण स्वयं के स्तर पर करना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नगर निगम द्वारा जुर्माना किया जाता है। इसी कड़ी में यहां सेक्टर-37 स्थित आईएलडी ग्रीन, सेक्टर-37सी स्थित इंपेरिया एस्फेरा, पार्क व्यू अपार्टमेंट, हीवो अपार्टमेंट, विजय रतन विहार, सूर्या विहार सेक्टर-21, पारस अस्पताल, पीडब्ल्यूओ अपार्टमेंट, राज विलास, तुलीप ओरेंज, तुलीप वॉयलेट, रेजिडेंसी ग्रीन आदि पर जुर्माना किया गया है।निरीक्षण के दौरान 10 बल्क वेस्ट जेनरेटरों के यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित पाई गई। साथ ही उनके परिसरों में कंपोस्टिंग प्लांट चालू हालत में पाए गए। इनमें एम्मार पाम गार्ड सेक्टर-83, सेक्टर-83, क्राऊन प्लाजा होटल सेक्टर-29, लेमन ट्री होटल सेक्टर-29, गार्डन एस्टेट, सुशांत एस्टेट सेक्टर-52, तरूण सोसायटी, तत्वम विलास सेक्टर-48, पावरग्रिड सोसायटी सेक्टर-46 तथा विस्टा विला सेक्टर-46 शामिल हैं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार के अनुसार नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नगर निगम द्वारा चालान किए जा रहे हैं।

## खेड़ला में किसानों के कीमती यंत्र चोरी

**सोहना।** खेड़ला के जंगल में एक ही रात में चोर आधा दर्जन से भी अधिक ट्यबवेलों पर लगी बिजली केवल समेत कृषि उपयोग सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित किसानों ने सयुक्त रूप से सोहना सदर थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सोहना के गांव खेड़ला में 7-8 जनवरी की रात को अज्ञात चोरी आधा दर्जन से भी अधिक ट्यूबवेलों पर लगी बिजली की केवल और कृषि यंत्रों को चोरी कर ले गए। गांव निवासी कंवर पाल पुत्र अमरसिंह ने पुलिस को बताया कि एक ही रात में चोर उसके ट्यबवेल के साथ-साथ बालूसिंह, बेदकरण और अन्य 3-4 किसानों का कीमती सामान चोरी हो गया था।

# मरकेम-इमाजे ने अपने भिवाड़ी संयंत्र में काम शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### प्रोडक्ट आइडेंटिफिकेशन और ट्रेसेबिलिटी जरूरतों के लिए कंपनी ने भारत में 80 करोड़ का निवेश

**अमेरिकी** कंपनी डोवर कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी मरकेम-इमाजे ने रीको इंस्ट्रीयल एरिया, भिवाड़ी, राजस्थान में अपने पहले कारखाने में काम शुरू करने का एलान किया है। मरकेम-इमाजे प्रोडक्ट आइडेंटिफिकेशन और ट्रेसेबिलिटी सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी है और कोडिंग इंडस्ट्री में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी है।

यह नया कारखाना भारत में कंपनी का मुख्यालय भी होगा और यहां से घरेलू मांग को पूरा किया जाएगा। कंपनी कारखाने में और भारतीय परिचालन के लिए 80 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह नया कारखाना 5.5 एकड़ में फैला और भारत में अपने ग्राहकों को बेस्ट-इन-क्लास सेवा देने के मरकेम-इमाजे के लॉन्ग टर्म विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने कोडर एवं इंक प्रोडक्टशन, कमर्शियल ऑपरेशन, आफ्टरमार्केट सपोर्ट तथा बैक ऑफिस फंक्शन के लिए उत्तर भारत के इस औद्योगिक क्षेत्र का चयन किया है।

मरकेम-इमाजे के प्रेसिडेंट एवं सीईओ विंसेंट वांडरपोल ने कहा, 'कोडिंग इंडस्ट्री में दुनिया में अग्रणी कंपनी होने और डोवर कॉरपोरेशन की अनुषंगी के तौर पर हमारा नया कारखाना एवं हमारे संसाधन यह सुनिश्चित करेंगे कि मैन्यूफैक्चरर्स और ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स को सर्वाधिक प्रभावी एवं इनोवेटिव कोडिंग टेक्नोलॉजी एवं सर्विस उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, 'हम भारत में 1987 से सक्रिय हैं और यहां कारोबार में उल्लेखनीय प्रगति देखी है और इस दिशा में योगदान के लिए तत्पर हैं। मेरा मानना है कि यहां सर्वश्रेष्ठ दिनों का आना अभी बाकी है। भारत में हमारे लिए और हमारे ग्राहकों के लिए विकास के बहुत अवसर हैं। हमारा नया कारखाना भारत एवं इसके पड़ोसी देशों में विश्वस्तरीय प्रिंटिंग एवं कोडिंग सॉल्यूशन देने की दिशा में हमारे प्रयासों का एक और परिणाम है। इक्विपमेंट एवं कंज्यूमेबल मैन्यूफैक्चरिंग को ब्रांड प्रोटेक्शन के सेल्स एक्सपर्ट के साथ मिलाने और बेहतरीन कंसल्टिंग एवं इंटीग्रेशन सर्विस से हम इस पूरे क्षेत्र में बेहतर समाधान देने में सक्षम हो सकेंगे।'

मरकेम-इमाजे के भारतीय परिचालन के मैनेजिंग डायरेक्टर राजशेखर वेंकट ने कहा, 'फूड एंड बेवरेज, फार्मास्युटिकल, ऑटोमोटिव समेत विविध सेग्मेंट में बैच कोडिंग एवं वैरिएबल डाटा प्रिंटिंग मशीनों की आपूर्ति करते हुए हम जालसाजी को मुश्किल बनाते हैं और सेफ्टी एवं ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करते हैं। टेक्नोलॉजी के मामले में हमारे विस्तृत पोर्टफोलियो की मदद से हम किसी भी सतह पर कोडिंग कर सकते हैं और इस तरह से प्रिंट करते हैं जिसे मिटाना मुश्किल या असंभव है।

## ओवरलोड वाहनों और अवैध यात्री वाहनों से वसूला 6.12 करोड़ जुर्माना

**गुरुग्राम।** स्थानीय क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण (आरटीए) सचिव कार्यालय की सख्ती के बाद पिछले तीन महीनों में 1218 ओवरलोड वाहनों तथा अवैध यात्री वाहनों पर 6 करोड़ 12 लाख का जुर्माना करके सरकारी खजाने में जमा कराया है।

आरटीए सचिव धारणा यादव ने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के कारण ओवरलोड वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने बताया कि लोगों को सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने को लेकर अभियान शुरू किया है जोकि 17 फरवरी तक चलेगा। लोगों को सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए जिला में भीड़ वाले स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेस्ट हाउस, अस्पताल, पर्किंग स्थलों, विभिन्न चैराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार सामग्री लगाई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को लेकर स्वयं भी जागरूक रहें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

# 16 विकास कार्य स्वीकृति, 13 के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी

### विकास कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करवाने के मेयर ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम नगर निगम की वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक लेती मेयर मधु आजाद।

**मंगलवार** को नगर निगम गुरुग्राम की वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में 16 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। साथ ही 13 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी दी गई।

बैठक में जिन 16 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिली, उनमें वार्ड-33 के गांव चक्करपुर में पेयजल आपूर्ति के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने के लिए 2 करोड़ रुपये, वार्ड-14 में पंचमुखी हनुमान मंदिर से सूर्या विहार चौक तक आरसीसी ड्रेन निर्माण के लिए 2 करोड़ 29 लाख रुपये, पेस सिटी-1 सेक्टर-37 में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 11 लाख रुपये, गांव सरहौल में सीवर लाईन कार्य के लिए 2 करोड़ 35 लाख रुपये, सेक्टर-10ए में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज के लिए 2 करोड़ 45 लाख रुपये, सेक्टर-47 सुशांत लोक सी ब्लॉक में सड़क, सीवर एवं पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 48 लाख रुपये तथा शक्ति पार्क में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 58 लाख रुपये के एस्टीमेट शामिल हैं।

इसके अलावा पालम विहार में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज व्यवस्था के लिए 1 करोड़ 69 लाख रुपये, कादीपुर गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में नए कमरों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 3 लाख रुपये, सैक्टर-43 में सड़कों की रि-कारपेटिंग के लिए 2 करोड़ 31 लाख रुपये, सेक्टर-21 व 22 बी में 14 पार्कों के रेनोवेशन के लिए 2 करोड़ 45 लाख रुपये, सेक्टर-52 में सर्विस रोड के पुर्ननिर्माण के लिए 1 करोड़ 93 लाख रुपये, सेक्टर-52 में प्रस्तावित सामुदायिक केन्द्र के लिए 2 करोड़ 48 लाख रुपये, वार्ड-23 के विभिन्न पार्कों में बच्चो के खेलने के लिए उपकरण, ओपन जिम, डस्टबिन तथा बैंच आदि के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपये, एएसएफ चौक ग्वाल पहाड़ी में पार्क विकसित करने के लिए 1 करोड़ 1 लाख रुपये तथा सेक्टर-9 में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 9 लाख रुपये के एस्टीमेटों को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

### इन 13 कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मिली मंजूरी

**बैठक** में 13 विकास कार्यो के टेंडर अलॉटमेंट को भी मंजूरी प्रदान की गई। इनमें गांव झाड़सा में प्रजापति धर्मशाला के पुनर्निर्माण के लिए 2 करोड़ 13 लाख रुपये, वार्ड-35 में सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 72 लाख रुपये, सेक्टर-4 में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये तथा 1 करोड़ 53 लाख रुपये, अर्जुन नगर में मल्टीपर्पज हॉल के लिए 2 करोड़ 49 लाख रुपये, हरसरू गांव के नजदीक टेंचलैस तकनीक से सीवर लाईन निर्माण के लिए 1 करोड़ 47 लाख रुपये, गांव टीकरी में ओल्ड एज होम के पुनर्निर्माण के लिए 1 करोड़ 68 लाख रुपये, गांव नाथूपुर में बूस्टिंग स्टेशन एवं अंडरग्राऊंड टैंक निर्माण के लिए 1 करोड़ 84 लाख रुपये, सेक्टर-52 में शेष बची सड़कों की मरम्मत के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपये, जोन-2 क्षेत्र में बेहतर एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 2 करोड़ 41 लाख रुपये तथा जैकबपुरा स्थित रविदास भवन के पुनर्निर्माण के लिए 1 करोड़ 92 लाख रुपये के टेंडर अलॉटमेंट शामिल हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार 20 जनवरी, 2021



# बर्ड फ्लू : पक्षियों के शव मिलने से शहरवासियों में दहशत

## अधिकारी बोले : पांच से अधिक पक्षियों के शव मिले तो करें कॉल

**कविता।** फरीदाबाद





**देश** के अन्य हिस्सों के साथ दिल्ली में भी बर्ड फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। शहर में मिल रहे मृत पक्षियों के शव देखकर लोग हैरान-परेशान होकर नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और मृत पशुओं को उठाने वाले विभागों में फोन कर रहे हैं, लेकिन सब जगह से निराशा हाथ लगने पर वह स्वयं ही मरे हुए पक्षियों के शवों को गड्ढे में दबाने को मजबूर हैं।

### तीन जगह मिले हैं शव

**जिले** में अब तक चार जगह मरे हुए 10 पक्षियों के शव मिल चुके हैं। गत सात जनवरी को 4-5 चौक पर दो बगुले और एक चील का शव मिला। वहीं एनएच 4-5 चौक स्थित मीट मार्केट के पास 10 जनवरी को पांच बगुले मरे हुए मिले थे। 15 जनवरी को ददसिया गांव में एक कौवे का शव मिला था। मंगलवार (19 जनवरी) को एक कबूतर का शव सेक्टर-16 में मिला था। जिससे आसपास के लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया। लोगों ने एमडीएम से लेकर पशु पालन व जिला स्वास्थ्य विभाग सभी को फोन किया, लेकिन किसी ने भी ने मृत पक्षी के शव का क्या करना है, इसकी जानकारी नहीं दी। जिस पर लोगों ने पक्षियों के शवों को स्वयं ही गड्ढों में दबा दिया।

### करें शिकायत

**इस** विषय में जब वन्य प्राणी संरक्षक विभाग के अधिकारी चरण सिंह ने बताया कि शहरवासियों को एक पक्षी मिलने से परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू की आशंका तब होती है। जब एक स्थान पर 5 से अधिक पक्षियों के शव एक साथ मिलें। उन्होंने बताया कि लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। हालांकि उन्होंने शहर में बर्ड फ्लू जैसी किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि मरे हुए पशु पक्षियों को लेकर नियमित रूप से सैंपलिंग अभियान चलाया जाएगा।

### सर्दी से मौत

**चरण** सिंह ने बताया कि पक्षियों के मरने की वजह ठंड भी हो सकती है। इन दिनों ठंड की वजह से पक्षी काफी मरते हैं। बर्ड फ्लू का खतरा अभी जिले में नहीं है। क्षेत्र में ठंड व अन्य किसी कारण से यदि मुर्गियों के बीमार होने व मरने का मामला सामने आता है तो इसकी सूचना पशु चिकित्सक को देनी चाहिए।

# खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कार्य कर रही सरकार : किरन रिजिजू

## मानव रचना शिक्षण संस्थान में केंद्रीय मंत्री ने अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**केंद्रीय** खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) किरण रिजिजू ने कहा कि खेलों को आगे बढ़ाने के लिए हमें खिलाड़ियों को बेहतर माहौल व सुविधाएं देनी होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार खेलों को को आगे बढ़ाने के लिए लगातार यह कार्य कर रही है। केंद्रीय खेल राज्य मंत्री मंगलवार को मानव रचना शिक्षण संस्थान में 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन और विश्वस्तरीय अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मैं जिस समय रेडियो के माध्यम से खेलों को सुनता था उस समय बहुत ही गर्व होता था कि हमारे देश के खिलाड़ी व देश के लिए मेडल लेकर आ रहे हैं। वहीं जब मुझे खेल मंत्री बनाया गया तो मैंने भी जी-जान से खेल को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयास किया।

उन्होंने मानव रचना शिक्षण संस्थान का बधाई देते हुए कहा कि संस्थान द्वारा इस तरह से और इतने बड़े स्तर पर वैज्ञानिक तरीकों से अल्टीमेट खो-खो लीग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि इसमें से कई खिलाड़ी निखर कर सामने आएंगे और देश विदेशों में अपना डंका बजाएंगे और देश का नाम विदेशों में गर्व से ऊंचा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमेशा से ही मानव रचना शिक्षण संस्थान में खेल को बढ़ावा दिया जाता है, और यही वहज है कि कई छात्रों ने खेल के मैदान में अपना परचम लहराया है और मानव रचना शिक्षण संस्थान का सर गर्व से ऊंचा किया है जिसका उदाहरण आज मानव रचना शिक्षण संस्थान में अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर उद्घाटन समारोह में नजर आया, इस मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने मशाल जलाकर अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण लीग को हरी झंडी दिखाया।

### मानव रचना में 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया

**केंद्रीय** खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने मानव रचना में 25 मीटर और 50 मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। शूटिंग रेंज की खास बात यह है कि यह रेंज इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल दोनों ही तरह से बनाया गया है, जिसमें 10 लेन हैं। इलेक्ट्रॉनिक टारगेट और 0.22 हथियारों से लैस, यह रेंज सभी के लिए खुला है। अल्टीमेट खो-खो प्रशिक्षण शिविर की बात करें तो इसमें कुल 73 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में खो-खो महासंघ के महासचिव सुधांशु मित्तल, मानव रचना शिक्षण संस्था के उपाध्यक्ष अमित भल्ला, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना, ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले एकमात्र पहलवान सुशील कुमार, भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी उपस्थित रहे। खो-खो प्रदर्शनी मैच में केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना की टीमों के बीच खो-खो मैच का आयोजन किया गया।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस पार्टी का पुतला



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर 12** स्थित लघु सचिवालय पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भारत सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कृषि कानूनों के समर्थन में कानूनों में किए गए प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

कांग्रेस द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार एवं गुरनाम सिंह चढ़ूनी पर मीडिया में एवं किसान नेताओं द्वारा ही लगाए गए आरोपों पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि कुछ किसान नेता कांग्रेस के इशारे पर किसानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कृषि कानून किसानों के हित में है। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार किसान गरीब और मजदूरों को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रही हैं। इन कानूनों से अन्नदाता किसानों भाइयों को सशक्त किया जाएगा और उनकी आय को दोगुना किया जाएगा। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह, बिजेंद्र नेहरा, हरेंद्र भड़ाना, संजीव भाटी, पुनीता झा, मुकेश अग्रवाल, हरीश खटाना, प्रवीण चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, रिंकू सैनी, राजकुमार वोहरा, राजन मुथरेजा, पंकज रामपाल, रविंद्र त्यागी, ओमप्रकाश रक्षवाल, प्रकाश वीर नागर, सचिन ठाकुर, पंकज सिंघला, विवेक मिश्रा, राज मदान, प्रिया सहगल, एडवोकेट प्रकाश वीर नागर, एडवोकेट संतराम शर्मा, प्रदीप शांडिल्य, एडवोकेट उमा सिंह, वंदना सिंह, मनीष छोकर आदि मौजूद रहे।

# शरणार्थियों को आरएसएस दे रहा सद्भावना का संदेश



**फरीदाबाद।** पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सर्वधर्म सामाजिक सद्भाव का संदेश देने में जुटा है। संघ विगत एक सप्ताह से एकता एवं सद्भावना मिलन कार्यक्रम चलाए हुए है। सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद को कंबल, बिस्तर, गद्दे, कपड़े, मास्क-सैनिटाइजर और आयुष काढ़ा वितरित और बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट किए गए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पाकिस्तान से आए शरणार्थियों की नंगला स्थित कॉलोनी में सामाजिक सद्भाव मिलन का आयोजन किया गया। संयोजक अरुण वालिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद पश्चिम के संघचालक संजय के सानिध्य में सफल आयोजन किया गया। जिसमें सभी शरणार्थियों को कंबल बिस्तर, गद्दे, कपड़े, मास्क-सैनिटाइजर और आयुष काढ़ा वितरित किए गए। बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट स्वरूप दिए गए। मिलन का मुख्य उद्देश्य सर्वधर्म सामाजिक सदभाव का संदेश और इन शरणार्थियों को अपनेपन का एहसास दिलाना था संघ चालक संजय, राष्ट्रीय सिख संगत के फरीदाबाद (एनसीआर) और संयोजक अरुण वालिया, भाविप की निधि जैन आदि मौजूद रहे।

## जेसी बोस छात्रों को देगा ब्याज मुक्त लोन

**फरीदाबाद।** वित्तीय कठिनाई के कारण फीस देने की असमर्थ विद्यार्थियों के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक बार पुन: अनूठी पहल की है। इस सत्र से विवि ने ऐसे विद्यार्थियों के लिए ब्याज मुक्त सुलभ लोन की सुविधा शुरू की है और जरूरतमंद विद्यार्थियों से 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों की शत प्रतिशत फीस की प्रतिपूर्ति करने की नीति जारी की गई थी, जिसके अंतर्गत 153 विद्यार्थियों ने वित्तीय लाभ उठाया। अब विवि ने नीति के अंतर्गत दायरे का विस्तार करने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी के मद्देनजर विद्यार्थियों को वित्तीय राहत देने के लिए इस नीति की शुरुआत की गई थी, और इसके सफल कार्यान्वयन के बाद महसूस किया कि इस नीति का दायरा बढ़ाया जाये ताकि नियमित रूप से जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों की मदद हो सके। अब विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को ब्याज मुक्त सुलभ लोन की व्यवस्था की गई है ताकि वे अपनी फीस का भुगतान कर सकें।

# थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों की कराई एमआरआई जांच



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फाउंडेशन** अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद, पाहुजा ट्रस्ट फॉर ब्लड डिसऑर्डर व नेशनल थैलासीमिया वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली के सहयोग से 45 थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के नि:शुल्क ब्लड टेस्ट व एमआरआई (टीटूस्टार) यह सब टेस्ट दिल्ली की प्रतिष्ठित एमआरआई टीटूस्टार सेंटर पर कराए गए।

यह टेस्ट काफी महंगा होता है जो बच्चों के लिए करवाना मुश्किल था। इस टेस्ट से पता चल जाता है की बच्चे के शरीर में कितना आयरन कौन कौन से अंग में जमा हो गया है। बच्चों को लगतार रक्त चढ़ाने से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ जाती है। जैसा की नाम से ही आयरन है तो ठोस ही होगा। अगर यह बच्चों के हृदय लिवर किडनी पर जमा हो जाये तो ये नाजुक अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। जैसा की फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया पिछले छब्बीस सालों से बच्चों की नि:शुल्क सेवा में समर्पित है। फाउंडेशन अगेन्सट थैलासीमिया के सस्थापक महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बताया कि अगर अगर कुछ बच्चे अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं तो उसमे ज्यादा दोष उनके अभिभावकों व बच्चों का ही रहा है। हरीश रतरा, जेके भाटिया, पंकज चौधरी, अमरजीत सिंह अरोडा, नवनीत चावला, कृतिका डुडेजा, अंजलि अरोडा, अंजलि नागपाल, आरती रतरा, सिम्मी कुमार, जगदीश पंत, चांदनी रतरा, कमल अरोडा, राखी, अमन, शिवांगी शर्मा उपस्तिथ थे।

## सोशल मीडिया पर वायरल झूठी खबरें खतरा : रचना

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया (फेसबुक और व्हाट्सएप) में आए दिन वायरल हो रही झूठी खबरें पत्रकारिता और समाज के लिए आज चुनौती बन चुकी है। पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया पर फैली झूठी खबरों की वजह से देश में कई जगहों पर दंगे भी हुए हैं। जब तक खबरों की सही प्रकार से मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तब तक इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाना संभव नहीं है।

यह बात डीएवी शताब्दी कॉलेज के जनसंचार विभाग अध्यक्ष एवं गूगल द्वारा सर्टिफाइड फैक्ट चैकर रचना कसाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (प्रचार विभाग) द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला के दौरान व्यक्त किए। रचना कसाना ने कहा कि लोगों की सोच में बदलाव लाने के लिए आज सोशल मीडिया को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली झुटी फोटोस वीडियो की सत्यता की जांच किए बिना हम आगे फॉरवर्ड कर देते हैं। जिसके कारण अनेक बार समाज का वातावरण दूषित हो चुका है।

# सोलर एनर्जी सिस्टम स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त ओपी सिंह ने स्थानीय ग्राम पाली स्थित दो स्कूलों में लगवाए गए सोलर एनर्जी सिस्टम स्मार्ट क्लास और सीसीटीवी निगरानी सिस्टम सहित अन्य कई विकास कार्यों का मुख्य अतिथि के रूप में पधार कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम आयोजक श्याम वीर भड़ाना ने मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह को फूल माला पहनाकर करके उनका स्वागत किया। पुलिस आयुक्त के साथ पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सिंह ने दोनों स्कूलों में पीपल का पौधा लगाकर पौधारोपण किया व क्लासरूम का दौरा किया। गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने पुलिस आयुक्त के स्वागत में करते हैं स्वागत आपका गीत गाया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली के प्रांगण में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों को पूरी लगन व गंभीरता के साथ सफलता हासिल करके अपने सामान्य ज्ञान को भी मजबूत बनाना चाहिए तभी कामयाबी उनके चरण चूमेगी।

उन्होंने कहा कि बच्चों की जिस क्षेत्र में रुचि है उसी में और मेहनत करके सर्वश्रेष्ट बनें। उन्होंने बच्चों को अपने क्षेत्र में सिद्धि प्राप्त करके अपनी वैल्यू क्रिएट करने और प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने आपको किसी से कम न आंके। हर इंसान किसी न किसी क्षेत्र में श्रेष्ठ होता है। इसलिए अपने आप पर विश्वास रखें और हुनर की पहचान करके उसमे और निखार लाएं। पुलिस आयुक्त ने पढ़ाई के साथ-साथ समाज से सरोकार रखकर रिलेशन मैनेजमेंट बनाने पर जोर दिया और कहा कि अपने परिवार और साथियों से बातचीत करके किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है।

शिक्षकों को भी बच्चों में सवाल पूछने की प्रवृति को बढ़ाने के बारे में कहा गया जिससे उनमें दूसरे लोगों का नजरिया जानने में मदद मिल सके और उनमे ज्ञान का विस्तार हो सके। उन्होंने के लोगों की भी तारीफ करते हुए कहा कि गांव के लोग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए में विशेष योगदान दे रहे हैं और इसी के तहत स्कूल में सुविधाएं प्रदान किए हैं। उन्होंने गांव की प्रतिभाशाली मेडलिस्ट खिलाड़ी कुमारी किरण व खिलाड़ी लक्ष्य को भी सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित छात्र राजू ने भगत सिंह की कविता गाकर समा बांध दिया जिससे खुश होकर पुलिस आयुक्त ने उसे प्रशंसा पत्र देकर समान्रित किया।

ग्राम पाली के प्रमुख लोगों में शामिल गर्ल्स स्कूल प्राचार्य मंदीप कौर, बॉयज स्कूल की प्राचार्य दीप्ति यादव, नंदराम भड़ाना, टेकराम, सूबेदार दुलीचंद, नंबरदार राजवीर दयानंद, जसवीर चेयरमैन, राजवीर भड़ाना, नरेश, गेपिल कंपनी के प्रतिनिधि विवेक आदि अन्य लोगों ने भी मुख्य अतिथि ओपी सिंह को फूल मालाएं व पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। एसीपी बड़खल सुखबीर सिंह, डबुआ थाना प्रभारी संदीप कुमार, पाली चौकी प्रभारी ओमप्रकाश, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के प्रभारी डॉ. राजेश सहित कई अन्य अधिकारियों सहित बड़ी तादाद में गांव के गणमान्य उपस्थित थे।

# कोरोना: 19 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46081




**फरीदाबाद।** जिले में जहां एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार सामने आ रही है। वहीं दूसरी तरफ लोग नियमों के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। मंगलवार को 19 मरीज सामने आए हैं। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 46081 पर पहुंच गया। अभी 1687 मरीजों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। दूसरी तरफ जिले में राहत की बात यह रही कि 16 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में कोविड-19 का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत रहा।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | 488662 |
| अब तक पॉजिटिव | 46081 |
| अब तक नेगेटिव | 440894 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 1687 |
| ऑक्सीजन पर हैं | 8 |
| वेंटिलेटर पर हैं | 2 |
| अब तक मौत | 411 |
| अब तक ठीक | 45373 |

### यहां से पॉजिटिव

**19 पॉजिटिव** में सेक्टर-3 (2), लक्कड़पुर (1), सेक्टर-15 (2), सेक्टर-14 (2), एनएच-5 (2), सेक्टर-17 (2), सेक्टर-16 (3), बड़खल (2), सेक्टर-56 (1), श्याम कॉलोनी (1) और अन्य एरियों से 2 मरीज शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना वैक्सीन लगवा सुरक्षित महसूस कर रहे स्वास्थ्य कर्मी



**फरीदाबाद।** कोरोना वैक्सीनेशन के तीसरे दिन 18 केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई गई। जिसमें 1480 के टॉरगेट पर 1251 स्वास्थ्य कर्मियों को ही वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगवाने वाले कर्मचारियों ने कहा कि वह कोरोना का टीका लगवाकर खुद को बेहद सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बीके अस्पताल में 110 के लक्ष्य में 106 कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई। जिसमें कुछ स्वास्थ्य कर्मी ऐसे भी थे, जिनके मोबाइल पर संदेश नहीं आया, लेकिन उनकी एंट्री के बाद उन्हें वैक्सीन लगाई गई। अल्फलाह मेडिकल कॉलेज में 60 में से 42 को, खेड़ी कला में 80 में से 62, एसीएम नगर में 80 में 46, कौराली में 50 में से 43, तिगांव में 30 में से 9, पार्क हॉस्पीटल में 80 में से 76, क्यूआरजी 100 में से 87, एसएसबी 90 में से 70, मेट्रो हॉस्पीटल 100 में से 84, फोर्टिज अस्पताल 120 में से 109, सर्वोदय सेक्टर-19 अस्पताल में 100 में से 90, सेक्टर-8 सर्वोदय में 80 में से 68, एशियन अस्पताल में 160 में से 150, ईएसआई सेक्टर-8 में 80 में से 61और पीपीसी एनएच-3 में 12, सुप्रीम अस्पताल में 60 में 50 और प्रतापगढ यूपीएचसी में 100 में से 86 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगवाने वाले डॉ. मनीश दयाल, डॉ. राकेश, डॉ. जयपाल, डॉ. गजेन्द्र अधाना, आयुषमान भारत योजना से निपुन त्यागी, स्वास्थ्य विभाग में तैनात सुषमा, नीलम के अलावा महिपाल आदी ने पायनियर को बताया कि वैक्सीन लगवाकर वह स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### दुनिया में कोरोना सबसे पहले भारत में हारा : नागर



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर का नहरपार स्थित अजय नगर में स्वागत हुआ। स्थानीय आरडब्ल्यूए ने विधायक को फूलमालाओं से लाद दिया और ढोल नगाड़ों के साथ अभिनंदन किया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आज भारत और हरियाणा में भाजपा की सरकारों हर घर विकास का रंग पहुंचाने में लगी हुई हैं। कोरोना महामारी पूरी दुनिया में सबसे पहले भारत में हारी है। यह बात रिकॉर्ड पर आ चुकी है। हमने सबसे ज्यादा किफायती और परखी हुई वैक्सीन बनाई है। जिसे दुनिया के अन्य देश भी हमसे मांग रहे हैं। विधायक ने कहा कि यह मोदी के कुशल नेतृत्व और भविष्य को भांपने की क्षमता के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन कार्यक्रम भारत में चल रहा है। जिसे बड़े संयोजित तरीके से चलाया जा रहा है। पूरे कोरोना काल में भारत में महामारी के दौर में भी कालाबाजारी नहीं हुई, यह भाजपा सरकारों की कुशलता को दिखाता है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष धर्मेंद्र सहित विनोद, नगेंद्र तिवारी, अजीत कुमार, सुभाष सक्सेना, रामकुमार, आरएच शर्मा, अनिल मिश्रा, सुभाष शर्मा, रामप्रसाद ठाकुर, सहीराम, लक्ष्मी महतो, सुरेंद्र गुप्ता, सुनील ठाकुर, रामचंद्र मिश्रा, कुलदीप गुप्ता, विरेंद्र, रामबीर सरदार, अजब चंदीला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पोषण के लिए किया जागरूक




**फरीदाबाद।** सही पोषण देश रोशन के नारे के साथ बृज मंडल की टीमों ने एनआईटी, फतेहपुर चंदेला, इंदिरा कॉलोनी और गांधी कॉलोनी में नुक्कड़ नाटकों के जरिए पोषण जागरुकता अभियान चलाया। टीमों ने लोगों को पोषण के सूत्र बताए और पोषक आहार लेने की शपथ भी दिलाई गई। साफ सफाई को अपनाने के लिए भी जागरूक किया। गोद भराई और अन्न प्राशन की रस्मों के बारे में भी बताया गया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर स्मिता धीमान के साथ नीलम सिंह, तरुणा, पूनम, नीना, इंदु वधवा ने जागरुकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

### शहीद की मूर्ति का किया अनावरण



**फरीदाबाद।** शहीदों की चिताओं पर हर वर्ष लगेंगे मेले, बस एक यहीं निशा बाकी होगा, की बात को चरितार्थ करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश में भाजपा सरकार जय जवान, जय किसान की नीति को क्रियान्वित करने का काम कर रही है। कृष्णपाल गुर्जर मंगलवार को तिगांव की अधाना पट्टी में शहीद विरेन्द्र सिंह के मूर्ति के अनावरण अवसर पर उपस्थित जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने तिगांव में 40 लाख रुपये की धनराशि की लागत से सामुदायिक भवन और 10 लाख रुपये की धनराशि की लागत से बनाई गई चौपाल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के हित में अनेक जनहितैषी कार्य करके एक मिसाल कायम कर रही है। कृष्णपाल गुर्जर ने शहीद विरेन्द्र सिंह पत्नी उमेश देवी और स्वतंत्रता सेनानी सुखपाल की धर्मपत्नी जग्गा देवी को सम्मानित भी किया। मौके पर चौधरी रुपसिंह नागर, बीजेपी महिला जिला अध्यक्ष राजबाला सरदाना, वाईस चेयरमैन जगदीश अधाना, रिंकू सरपंच, पप्पू सरपंच, देवेंद्र सरपंच बदरौला, राकेश शर्मा सरपंच मंझावली, अशोक सरपंच मधावली, सन्जु चपराना, दुष्यंत नागर और डीपी नागर आदि मौजूद थे।

### गुरु गोबिंद सिंह जयंति आज

**फरीदाबाद।** नववर्ष 2021 में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह की जयंती आज शहर में श्रद्धा और धूमधाम से मनाई जाएगी। हिन्दी कैलेंडर के अनुसार, पौष मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गोबिंद सिंह जी का जन्म पटना साहिब में हुआ। धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान कर देने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोबिंद सिंह जी सिख समुदाय के अंतिम गुरु हैं, उनके बाद से गुरु ग्रंथ साहिब ही स्थाई गुरु हो गए। प्रकाश पर्व के इस पावन अवसर पर आज शहर के गुरुद्वारों में अरदास की जाएगी। भजन, कीर्तन होगा है। इस दिन सिख समुदाय के लोग प्रभात फेरी निकालते हैं और गुरुद्वारों में मत्था टेकते हैं। नगर किर्तन निकाल कर गुरुद्वारों को सजाया जाता है।

## अनिवासी भारतीय

### ब्रिटेन व अमेरिका में दबदबा

**कहा** जाता है कि पश्चिमी दुनिया में अनिवासी भारतीयों का दबदबा है, फिर चाहे वे आप्रवासियों की पहली पीढ़ी से संबंधित हों अथवा तीसरी या चौथी पीढ़ी से। पश्चिमी देशों में उनका असर 'भारतीय' समुदाय की संख्या की तुलना में अधिक है। तमिल व जमैका मूल की महिला कमला हैरिस आंशिक रूप से भारतीय नस्ल की हैं। अपनी तमिल मां के बावजूद हैरिस स्वयं को 'अश्वेत' के रूप में परिभाषित करती हैं। वे संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण पद पर पहुंच रही हैं और बहुत से लोगों ने खुलेआम उनके बहुत जल्द संभावित राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में आने की उम्मीद लगाई है। धाराप्रवाह संस्कृत व तमिल बोलने में सक्षम हैरिस भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की दूर की रिश्तेदार हैं। हैरिस के अलावा भारतीय मूल के 20 से अधिक लोग बाइडेन-हैरिस प्रशासन में 20 जनवरी को अपनी भूमिका प्राप्त करेंगे। वे लगभग पूर्ण श्वेत ट्रंप प्रशासन तथा ओबामा प्रशासन से भी अलग होंगे जिसमें अभिनेता कलपन मोदी या 'काल पेन' भारतीय मूल का सर्वाधिक उल्लेखनीय चेहरा थे। हालांकि, पश्चिमी देशों में बड़े पद पर पहुंचने वाली हैरिस पहली भारतीय नहीं हैं। बोरिस जान्सन के कैबिनेट में भारतीय मूल के मंत्री हैं जिनमें चांसलर ऋषि सुनक व गृह सचिव प्रीति पटेल सर्वाधिक उल्लेखनीय हैं। भारत में हम लोग विदेशों में अपने बंधुओं की उपलब्धियों से प्रसन्न होते हैं, पर उनमें से अनेक ने इस पद पर पहुंचने के लिए संस्थागत नस्लवाद का सामना किया है। इस संबंध में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इनमें से अनेक लोग अपने भारतीय मूल पर भले ही गर्व करें, पर उनका अपने मूल देश से कुछ लेनादेना नहीं है। यदि उनमें से किसी का संबंध भारतीय समाज के निचले दर्जे से रहा हो तो उनके मन में भारत की छवि खराब होगी और वे उसके प्रति शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण भी अपना सकते हैं।



वास्तव में इस बात की पूरी संभावना है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीय मूल के राजनेता व नौकरशाह इस शक्ति का प्रयोग भारतीय नीति निर्माताओं पर दबाव डालने के लिए करें। वास्तव में अमेरिका में प्रमिला जयपाल जैसे लोगों ने ऐसा करने का प्रयास भी किया है। इसके साथ ही, वैश्विक राजनीति के कारण पश्चिमी दुनिया को भारत के निकट आने की आवश्यकता है क्योंकि चीन के खिलाफ मजबूती प्रदर्शित करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत के बीच क्वाड गठबंधन एक यथार्थ है और इसका महत्व बना रहेगा। 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हस्टन में किया था तथा ट्रंप को पिछले साल भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इसके कुछ प्रभाव भारतीय नीति निर्माताओं पर पड़ सकते हैं। इस प्रकार अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की सफलताओं पर प्रसन्न होते हुए भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ यथार्थों की अनदेखी उचित नहीं होगी। अनेक भारतीय पश्चिमी दुनिया में पहुंचने पर 'घेरेबंदी' की मानसिकता का अनुभव करते हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से सैन जोस, कैलीफोर्निया व एडिसन, न्यूजर्सी, आदि शहरों में दिखती है। भारत में हमें यह तथ्य अनदेखा नहीं करना चाहिए। यह भी सच है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीयों की बहुत बडी संख्या केवल उच्च जातीय आप्रवासियों की नहीं है, बल्कि उनमें से अनेक अत्यधिक आत्मकेन्द्रित मानसिकता वाले हो सकते हैं। वास्तव में पश्चिमी समुदायों की तुलना में भारत में सामाजिक जातीय गतिशीलता ज्यादा आसान है। पश्चिम में प्रवास करने वाले समुदायों में यह ज्यादा कठिन है क्योंकि उनका सामाजिक ढांचा अतीत में जड़े जमाए हो सकता है, जबकि भारत ने प्रगति कर ली है।

# कौशल विकास पर ध्यान देना आवश्यक

**नई शिक्षा नीति राष्ट्रीय प्राथमिकताओं व समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसमें लंबे समय से अनदेखे किए जा रहे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है।**



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



दशकों तक हठधर्मिता के बाद शिक्षा क्षेत्र में केन्द्र सरकार तथा नीति निर्माताओं ने एक नई शिक्षा नीति-एनईपी पेश की है जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसका कारण यह है कि नई नीति में तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है जिनकी लंबे समय से अनदेखी हो रही थी। ये हैं-समग्र एवं बहुविषयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल संवर्धन तथा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से अवसरों की समानता। केन्द्र ने अतीत में भी शिक्षा नीतियां बनाई हैं। लेकिन अतीत की अनेक अन्य चीजों की तरह ये नीतियां भी दूरदृष्टि, पैसे व प्रतिबद्धता के अभाव में निरर्थक सिद्ध हुईं। अंतत: वे कुछ खोखले शब्द बन कर रह गईं तथा अतीत की चीजें बन गईं।

इनकी स्थिति अतीत की सरकारों द्वारा छापी गई अनेक चीजों जैसी बन गई। लेकिन इस बार चीजें अलग हैं क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में असली समस्याओं की पहचान के साथ ही उनसे निपटने का प्रयास किया गया है। इनमें बच्चों की शुरुआती शिक्षा, स्कूलों के पाठ्यक्रम व शिक्षाशास्त्र, भाषाई शिक्षा, समग्र व समन्वित शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा भारतीय भाषाओं, कला व संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस नीति के सभी आयामों को एक स्तंभ में समाहित करना कठिन है, इसलिए हमें अपने ध्यान कुछ आयामों जैसे, समग्र, बहुविषयी व व्यावसायिक शिक्षा पर देना चाहिए। एनईपी में तक्षशिला व नालन्दा जैसे विश्वविद्यालयों के बहुविषयी दृष्टिकोण की बात कही गई है जहां अच्छी शिक्षा का अर्थ 64 'कलाओं' का ज्ञान देना था। इनमें गायन, पेंटिंग, रसायन, गणित, चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा बढ़ईगीरी, वस्त्र निर्माण जैसे व्यावसायिक कौशलों के साथ संप्रेषण व बहस जैसे कौशल भी शामिल हैं। दूसरे शब्दों में यह समग्र ज्ञान था जो अपने आप में संपूर्ण व समग्र शिक्षा थी। यह व्यक्तियों को विभिन्न विषयों की मूलभूत समझदारी देने के साथ ही उनको शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों तथा जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करती थी। एनईपी के अनुसार, 'विचार यह है कि रचनात्मक मानव व्यवहार की सभी शाखाओं को कला समझना चाहिए जो विशिष्ट रूप से भारतीय मूल की हैं। इनमें गणित, विज्ञान, व्यावसायिक विषय, पेशेवर विषय तथा भावनात्मक कौशल शामिल हैं।' इनको 'भारतीय शिक्षा में वापस लाया जाना चाहिए और यही बात उस शिक्षा के बारे में सही है जो 21वीं शताब्दी के लिए आवश्यक है।' यदि एनईपी का यह उद्देश्य कथन पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया जाए तो देश में उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे, जबकि यह कला और विज्ञान विषयों के बीच दशकों से विभाजन के कारण बरबाद हो गई है, जैसे कि ये विषय एक दूसरे के दुश्मन हों। इस नीति को इतनी क्रूरता के साथ लागू किया जाता था कि परास्नातक व पीएचडी डिग्री धारक भी अपनी शिक्षा और दुनिया की समझदारी के बारे में अधूरेपन की भावना से ग्रस्त होते थे तथा इसके परिणामस्वरूप अपने पश्चिमी समकक्षों के बीच खो जाते थे जिनको समग्र शिक्षा का लाभ मिलता था। दु:ख की बात है कि हमारे राजनेताओं, नौकरशाहों व शिक्षा विदों ने ऐसी नीति चला कर ज्ञान को खाचों में बांटा तथा छात्रों को कठोर विभागों में बांट कर उनको अपने पाठ्यक्रम से बाहर वाले क्षेत्रों में विचरण से वंचित कर दिया। इस संकुचित दृष्टिकोण वाली नीति के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनसे पूछा जाना चाहिए कि लाखों भारतीय छात्रों को इस विचारहीन खांचेबंदी में क्यों बांटा गया। दूसरा मुद्दा व्यावसायिक शिक्षा का है। स्वतंत्रता के बाद से भारतीयों को बताया गया है कि ब्लू कालर या शारीरिक परिश्रम वाले काम आदि कम शिक्षित लोगों के काम हैं जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई से पास होते हैं। इनमें फैक्ट्री में लेथ मशीन चलाना या फिटर या टर्नर होना, बुलडोजर या ऐसी ही बड़ी मशीन चलाना, बढ़ईगीरी, प्लंबिंग, आधारभूत बिजली का काम, आदि शामिल हैं। मध्यवर्गीय बच्चों को कालेजों में जाकर डिग्रियां प्राप्त करनी चाहिए जिनमें कौशल बहुत कम होता है तथा उनको 'बाक्स वाला' या निजी क्षेत्र में कार्यकारी या शिक्षक बनना चाहिए। उनमें से कम सौभाग्यशाली सरकारी क्लर्क बनेंगे, जबकि ज्यादा स्मार्ट सिविल सेवा परीक्षायें पास कर बाबू बनेंगे। इसके साथ ही 'सुरक्षित' सरकारी नौकरियां नौजवानों का अंतिम लक्ष्य बन गईं। इस व्यवस्था ने छात्रों के उद्यमिता कौशलों को प्रेरित नहीं किया या उनको नए अवसर पाने के लिए चुनौती नहीं दी। इस प्रकार थोड़े भाषा कौशल व अंग्रेजी में स्मार्ट छात्रों को अच्छी आमदनी के अवसर मिले, जबकि उद्योगों व विनिर्माण क्षेत्र चलाने में सक्षम असली कौशल वाले तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी को बढ़ाने वाले लोगों, जैसे लेथ आपरेटरों व एलेक्ट्रीशियनों आदि को निचली श्रेणी में रखा गया। इनको कामगार वर्ग बताया गया। यह विकृति दशकों तक बनी रही क्योंकि भारतीय मध्य वर्ग ने घोषणा कर दी थी कि डिग्री प्रमाणपत्र उसके क्षेत्र तथा विवाह बाजार में प्रवेश के लिए जरूरी है। आईटीआई में तीन साल के प्रशिक्षण के बाद डिग्री बांटने के समय यह आसानी से देखा जा सकता है। अंतत: नई शिक्षा नीति-एनईपी ने इस विसंगति पर गौर कर इसे समाप्त करने का प्रयास किया है।

यह वास्तव में शर्म की बात है कि मध्य वर्ग की इस विकृत आदत ने कौशल-विहीन शिक्षा को आगे बढ़ाया और यह स्वतंत्रता के बाद 70 साल तक जारी रही। इसका हमें भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। बारह पंचवर्षीय योजनाओं के बाद 19-24 वर्ष आयुवर्ग के भारतीय श्रमशक्ति के केवल पांच प्रतिशत हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा मिली, जबकि यह प्रतिशत अमेरिका में 52, जर्मनी में 75 तथा दक्षिण कोरिया में 96 था। इसका अर्थ है कि सर्वाधिक विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त नौजवानों का हिस्सा अधिक था, जबकि भारतीय मध्य वर्ग व नीति निर्माताओं में इसकी कमी थी। इसका कारण यह है कि व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यत: आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले या कक्षा 11 व 12 के बाद उन छात्रों के लिए रखा गया जिन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षण का रास्ता चुना था। एनईपी के अनुसार, इसके परिणामस्वरूप 'व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा शिक्षा की तुलना में कमतर समझा गया जिसका उद्देश्य वे छात्र थे जो मुख्यधारा शिक्षा के अयोग्य थे।' एनईपी वह सामाजिक स्तर पदानुक्रम उलटना चाहती है जिसका संबंध व्यावसायिक शिक्षा से है। अब योजना यह है कि स्कूली व उच्च शिक्षा क्षेत्र में 50 प्रतिशत छात्रों को 2025 तक व्यावसायिक शिक्षा दी जाए। व्यावसायिक शिक्षा वाले क्षेत्रों को स्नातक डिग्रियां पाने में सक्षम बनाया जा रहा है। वैकल्पिक रूप से स्नातक छात्र चार-वर्षीय बहुविषयी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी डिग्रियों के साथ व्यावसायिक कौशल भी प्राप्त कर सकेंगे। संक्षेप में शिक्षा व्यवस्था में कुशल और योग्य प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों तथा अकुशल पर 'पैक डिग्री वालों' के बीच रंगभेद जैसी स्थिति समाप्त हो जाएगी। जिस दिन भारत में कुशल कामगारों को उनका उचित स्थान मिलेगा, उसी दिन भारत प्रगति की दिशा में लंबी छलांग लगाएगा। अब हमें सरकार व नीति निर्माताओं पर दबाव बनाए रख कर पूरी ईमानदारी और क्षमता के साथ एनईपी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा।

# महामारी काल में रेलवे की सराहनीय भूमिका

> **कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।**

**राम आचार्य**
(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)



कोविड-19 महामारी नी भले ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाला हो लेकिन दक्षिण मध्य रेलवे ने ऐसे अवसर पर श्रमिक विशेष ट्रेनें चलाकर हैदराबाद से हजारों की संख्या में प्रवासी श्रमिकों को बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिसा में शहरों व कस्बों तक पहुंचाने का काम किया। प्रवासी श्रमिकों को सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल कर जाने को विवश करने के बजाए ट्रेन द्वारा उनके घरों तक पहुंचाने के लिए बढ़ती व देशव्यापी इच्छा को भांपकर उसके अनुरूप काम किया, जबकि पैदल चलकर जाने की प्रक्रिया में कुछ मजदूरों की मौत भी हो गई थी। ऐसे में दक्षिण मध्य रेलवे ने समयोचित कदम उठाया। उसने भूख से पीड़ित, गरीब तथा थके हुए श्रमिकों की मदद करने की पहल की जो टूटने की कगार पर पहुंच गए थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने 1 मई 2020 से हैदराबाद के निकट लिंगमपल्ली से झारखंड में हतिया तक एक विशेष श्रमिक ट्रेन चलाई, उसके पश्चात तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा आंध्र प्रदेश में स्थित अपने स्टेशनों से उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी भारत के विविध स्टेशनों तक 242 विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाईं। अगले दो महीनों के दौरान, दक्षिण मध्य रेलवे ने लगभग 3,13,500 यात्रियों को ट्रेन से भेजा और संचालनों के चरम पर, 43 श्रमिक विशेष ट्रेनें 12 घंटे के भीतर चलाईं गईं।

कोरोना महामारी के तेज होते प्रसार के बीच, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने उन श्रमिकों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जो वापस अपने कस्बों व घरों को लौट रहे थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने सामाजिक दूरी बनी रहना, सभी ट्रेनों को बार-बार सैनीटाइज किया जाना तथा सभी के द्वारा हैंड सैनीटाइजरों का इस्तेमाल किया जाना संपर्कहीन थर्मल स्कैनिंग तथा टिकट परीक्षण कर्मचारियों द्वारा कैमरों के द्वारा टिकट परीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया। साथ में, स्टेशनों पर तैनात किए गए कर्मचारी पीपीई किटें, दस्ताने एवं चेहरे का सुरक्षा आवरण पहने रहते थे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे और यात्री वायरस से बचे रहें। उन्होंने सह भी निश्चित किया कि यात्री मास्क पहनें तथा कोविड नियमों का पालन करें। यदि वे ऐसा नहीं करते तो अपने कस्बों व गांवों को लौटने वाले लोगों के लिए परिणाम घातक हो जाते। मूल स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों के लिए तथा स्टेशनों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के लिए रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम एवं कुछ गैर सरकारी संगठनों की सहायता से विशेष अंतरालों पर खाद्य सामग्री का प्रबंध किया जाता था। जैसे कि कोविड-19 रोगाणु देश के लिए निबटने हेतु किसी संकट के तौर पर पर्याप्त नहीं था, कि 5 मई को त्रासद स्थिति पैदा हुई जब विजाग में गैस लीक होने की घटना हो गई। परिणामत:, उस शहर से होकर विशेष श्रमिक ट्रेनों समेत सभी ट्रेनों का आवागमन रोकना पड़ा, और उन्हें थोड़ विलंब के पश्चात वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया।

हालांकि, एससीआर के लिए यात्री गाड़ियों को बंद करना अधिक संख्या में मालगाड़ियां एवं विशेष पार्सल ट्रेनें चलाने के लिए एक अवसर था, धन अर्जित करने के लिए, जब देशव्यापी स्तर पर सामान्य आर्थिक गतिविधियां ठप हो गईं थीं। हैदराबाद के निकट काचीगुड़ा गुड्स शेड से से नई गुवाहाटी तक साप्ताहिक विशेष पार्सल ट्रेनें चलाईं गईं जिनमें मछलियां, सूखी मछलियां, अंडे, नीबू, तेल, घी आदि चीजें भेजी जाती थीं। कोविड-19 महामारी ने रेलवे को नया माल लादकर भेजने का भी अवसर प्रदान किया और उसने ककिंडा सी पोर्ट लिमिटेड से औद्योगिक नमक, नागिरेड्डीपल्ली से चावल, कडप्पा से दालें, नागरसोल से प्याज़, रेड्डीपालेम से सूखी मिर्चें व निजामाबाद से हल्दी लादकर भेजना प्रारम्भ किया। ये सभी चीजें बांग्लादेश भेजी जाती थीं।

अखिल भारतीय रेल यातायात अपने चरम स्तर से घटकर आधा रह जाने से एससीआर को विशाल गोदावरी नदी पर बने सेतु की बड़े पैमाने पर मरम्मत करने का अवसर मिला। 1977 में बने सेतु की मरम्मत किया जाना आवश्यक था और व्यापक बदलाव भी, लेकिन ऐसे व्यस्त मार्ग पर लंबे समस तक यातायात बंद रखना असंभव था। महामारी के कारण मरम्मत का काम लगभग 43 वर्षों के अंतराल के बाद शुरू किया गया, जिसमें तीन किलोमीटर लंबे सेतु पर संपूर्ण ट्रैक का नवीनीकरण शामिल थाजिसके लिए 36 घंटों के लिए यातायात रोक देना अनिवार्य था। ट्रैक को स्थानापन्न करने का काम गहनता से परीक्षण किए जाने के उपरांत प्लासर क्विक रिलेइंग प्रणाली मशीनों की मदद से किया गया, जबकि सड़क यातायात चलता रहा। इसी तरह, 1970 में काजीपट में लकड़ी के स्लीपरों के साथ जो सीजर्स क्रासओवर्स बिछाए गए थे, 72 घंटे तक यातायात बंद करने की संभावना के कारण, जो महामारी से पूर्व सोच से भी परे था। इसी तरह, विजयवाड़ा यार्ड में, उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व कोस्ट माल आवागमन के लिए उत्तरी व दक्षिणी छोरों पर लकड़ी के स्लीपर हआ करते थे। लाकडाउन के दौरान उनके स्थान पर पीएससी स्लीपर बिछाए गए। कुल मिलाकर, 8,257 किलोमीटर के ट्रैक पर पेदल चलकर गश्त की गई और स्लाइडिंगें पूरी की गईं। यात्रियों की संख्या में जबर्दस्त गिरावट आने की बदौलत, अकोला-खंडवा उत्तर-दक्षिण लिंग के अकोला और अकोट के बीच 44 किलोमीटर ट्रैक को मीटर गेज से ब्रांड गेज में बदला गया और अस्तित्वमान 149 किलोमीटर लंबे एकल ट्रैक को दोहरे ट्रैक में बदला गया।

उसके संजाल में फैली 44 स्वास्थ्य इकाइयों एवं पांच बड़े अस्पतालों के साथ, एससीआर क्वारंटाइन केंद्रों जैसी बेहद अहम सुविधाएं मुहैया कराने में अहम भूमिका अदा कर सका, जिसमें 1,017 बिस्तर तीन स्पताह की अल्पावधि में उपलब्ध करा दिए गए। एससीआर की पुरातन कार्यशाला निजाम स्टेट रेलवे के काल की है जिसमें स्वचालित हैंड सैनीटाइजर डिस्पेंसर निर्मित किए गए, पैरों से चलाए जाने वाले नल तथा जल प्रशीतक लगाए गए। एससीआर के कर्मचारियों एवं यात्रियों को सुरक्षित रखते हुए ये कैंटीनों एवं मुख्यद्वारों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए तथा एससीआर ने काफी सराहना अर्जित की। कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।

## आप की बात

### कृषि कानून और न्यायपालिका

**कृषि** कानूनों पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक प्रकार से सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने अतीत में दी गई सलाह पर पूरी तरह अमल नहीं किया और जिम्मेदारी उस पर टालने का प्रयास किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को याद दिलाया है कि वह नए कृषि कानूनों पर गतिरोध पर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े तथा न्यायालय मूलत: नीतिगत मामले में अपनी भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकता है। इस प्रकार देश की शीर्ष अदालत ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक विमर्श का महत्व उजागर किया है। शीर्ष अदालत द्वारा कृषि कानूनों पर फिलहाल स्थगन लगाए जाने को कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में न्यायालय के हस्तक्षेप व क्षेत्राधिकार के अतिक्रमण की संज्ञा दी जा रही है लेकिन न्यायालय ने गतिरोध के मामले में सरकार द्वारा कई रास्ता न निकाल पाने की स्थिति में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया है। सच है कि न्यायपालिका हाथ पर हाथ धरे बैठी नहीं रह सकती। अदालत के कठोर दृष्टिकोण को किसान संगठनों की विजय के तौर पर पेश किया जा सकता है लेकिन वास्तव में यह सरकार की राजनीतिक विफलता है।

– **विजय शंकर**, प्रयागराज

### महिलाओं पर भारी पड़ी महामारी

**महामारी** के बुरे प्रभावों में कार्यबल में गिरने वाली महिलाओं की संख्या पर चर्चा बहुत कम हुई है। बहुत सी महिलाएं, जिनकी नौकरियां चली गईं अथवा भारत तथा विश्व स्तर पर महामारी के दौरान नौकरी से अवकाश पर रहीं, अब उन्हें उपयुक्त रोजगार मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, घरेलू नौकरों की अनुपलब्धता, घरेलू कामों का बोझ, देखभाल के काम एवं बच्चों की आनलाइन शिक्षा समेत बहुत से कारकों ने उन्हें महामारी के दौरान घरों पर रहने के लिए बाध्य कर दिया। अन्य कारकों ने भी अर्थव्यवस्था को अप्रत्याशित आघात पहुंचाया है जो अचानक अपने 30 प्रतिशत प्रतिबद्ध कार्यबल से वंचित हो गई है। इससे न केवल परिवारों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है बल्कि लैंगिक समानता को भी धक्का लगा है। भारत में विद्यमान निराशाजनक लैंगिक समता परिदृश्य में महिलाओं के लिए वर्तमान माहौल में नौकरी पाना कठिन हो गया है। भारत में कोविड-19 से संघर्ष के दौरान पर्यावरण सरोकार एवं प्राथमिकताएं पीछे चली गईं क्योंकि सरकार ने अपना सारा दम घातक वायरस तथा देश पर पड़ने वाले इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से लड़ने में लगा दिया।

– **विशाल भारद्वाज**, वाराणसी


### अमेरिका में बिगड़े हालात

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव क्या हुए वहां हिंसा का माहौल कायम हो गया। कैपिटल हिल पर उन्मादियों के हमले और उसमें निर्दोष लोगों के मारे जाने से 20 जनवरी को होने वाली राष्ट्रपति पद की शपथ बाईडेन के लिए चुनौती बन गई है। लोगों का ताबड़तोड़ गोलियां और बंदूके खरीदना किसी अनहोनी की आशंका जताता है। ट्रंप समर्थक जिस तरह से लामबंद है वह अमेरिकी शांति और व्यवस्था के लिए बुरा शगुन है। अब बाईडेन को अपनी ताकत दिखाना होगी ताकि वहां के नागरिक सुकून से रह सके। 6 जनवरी को कैपिटल हिल में दंगे और हिंसा के बाद से ही अमेरिकी हालत ठीक नहीं हुई है। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा के लिए एक दूसरे के प्रति शंकित हैं। यही वजह है कि बाइडेन के शपथ समारोह से पूर्व अमेरिका में लोग अपनी सुरक्षा के लिए खुद साधन जुटाने लगे हैं। जानकारी बताती है कि कैपिटल हिल की घटना के बाद अमेरिका में बंदूक और गोलियों की चार गुना खरीद बढ़ गई है। ऐसे हालातों में शपथ समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो सकेगा कहना अभी जल्दबाजी होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**आज** भारत बड़े फैसले आत्मविश्वास के साथ ले रहा है। वह न बड़े काम कर रहा है बल्कि बेहतर भी कर रहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कर्नाटक** के मराठी भाषी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र को महाराष्ट्र में लाना सीमा पर शहीद होने वाले सिपाहियों के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



**क्षेत्रवाद** और भाषावाद की बातें देश की एकता के लिए हानिकारक हैं। मैं इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना करता हूं।

– **बीएस येदियुरप्पा**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

# विधान मंडल लोकतंत्र का मंदिर व आस्था का केन्द्र

## मुख्यमंत्री ने किया विधान परिषद के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** परिषद के सभापति रमेश यादव तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधान परिषद के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं चित्र वीथिका का उद्घाटन किया। उन्होंने विधान परिषद के वर्तमान सदस्यों की पट्टिका का अनावरण भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। सर्वाधिक सदस्य संख्या के साथ प्रदेश का विधान मण्डल देश का सबसे बड़ा विधान मण्डल है। उन्होंने कहा कि विधान मण्डल लोकतंत्र का मन्दिर व आस्था का केन्द्र है। राज्य के इस उच्च सदन में सौन्दर्यीकरण के लिए किये गये कार्य सराहनीय हैं। विधान परिषद का इतिहास अत्यन्त गौरवशाली है। 5 जनवरी 1887 को विधान परिषद का गठन किया गया था। उस समय प्रदेश को उत्तर पश्चिम प्रान्त एवं अवध प्रान्त के नाम से जाना जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान परिषद के 1887 से अब तक की यात्रा का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है। वर्ष 1937 में अपने गठन के पश्चात विधान परिषद की प्रथम बैठक तत्कालीन परिषद भवन के एक समिति कक्ष में हुई थी। उसी समय ही विधान परिषद के लिए एक अलग मण्डप का निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया था, जो वर्ष 1937 में तैयार हो गया। दिनांक 31 जुलाई 1937 को विधान परिषद ने अपनी प्रथम बैठक इसी मण्डप में की गयी थी। अगले 15 से 17 वर्षों में यह विधान परिषद भवन अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा। योगी ने कहा कि इस विधान परिषद से महामना पं. मदन मोहन मालवीय, पूर्व मुख्यमंत्री पं. गोविन्द बल्लभ पन्त, पूर्व मुख्यमंत्री डा सम्पूर्णानन्द, सर तेज बहादुर सप्रू, प्रख्यात कवियित्री महादेवी वर्मा आदि का इस सदन से जुड़ाव रहा है। विधान परिषद की प्रथम बैठक थार्न हिल मेमोरियल हाल प्रयागराज में हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2019 में बापू की 150वीं जयन्ती के अवसर पर सतत विकास लक्ष्य पर चर्चा के लिए 36 घण्टे तक राज्य विधान मण्डल चला था। 100 सदस्यीय इस विधान परिषद में भी सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा की गयी थी। इस चर्चा का उद्देश्य था कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सके। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य स्वतंत्रदेव सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती पर सीएम ने दीं शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भी गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को दीं हार्दिक शुभकामनाएं

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह ने समाज को सत्य, न्याय, धर्म और भलाई हेतु प्रेरित किया। गुरु गोविन्द सिंह ने जुल्म, अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध आगे बढ़कर नेतृत्व प्रदान किया।

गुरु जी ने समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों को समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कर सामाजिक समरसता का वातावरण बनाने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम सभी को गुरु गोविन्द सिंह के बताए रास्ते पर चलकर देश और समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड 19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है। वहीं विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है। श्री दीक्षित ने अपने संदेश में कहा कि गुरु गोविंद सिंह की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में भी मनायी जाती है। उन्होंने मानवता को शांति, प्रेम, करुणा, एकता और समानता के साथ-साथ भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा और समाज के उत्थान के लिए खालसा पंथ के जरिए राजनीतिक और सामाजिक विचारों को आकार दिया।

# पीएम आवास योजना के काम में तेजी लाएं: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत आवास निर्माण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन हेतु केन्द्र से प्राप्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से केन्द्र सरकार को प्रेषित किया जाए ताकि आगामी किश्त की धनराशि समय से प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रवासी एवं निवासी श्रमिकों व कामगारों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी कृतसंकल्पित है। प्रवासी एवं निवासी श्रमिकों व कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यवाही का एक प्रस्तुतिकरण किया जाए। उन्होंने प्रवासी एवं निवासी श्रमिकों व कामगारों को आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान का लाभ प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का अन्तिम त्रैमास प्रारम्भ हो गया है। इसके दृष्टिगत राजस्व संग्रह कार्य से जुड़े सभी विभागों के शीर्ष अधिकारियों द्वारा राजस्व प्राप्ति की गहन समीक्षा करते हुए लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जीएसटी के तहत अधिक राजस्व प्राप्ति के लिए रणनीति बनायी जाए। उन्होंने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को अधिक से अधिक राजस्व पूर्ति के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी अचल सम्पत्ति का विवरण संकलित किया जाए, जिसकी अभी तक रजिस्ट्री नहीं हुई है। ऐसी सम्पत्ति की रजिस्ट्री की कार्यवाही पर विशेष ध्यान दिया जाए। इससे विभाग द्वारा अधिक राजस्व संग्रह किया जा सकेगा। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण इलाकों में दौड पड़ी मिशन रोजगार की गाड़ी

● सूबे में 89945 शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने जनसेवा केंद्र खोलने में दिखाई रुचि

● मात्र दो माह में 53026 युवाओं ने गांवों में जनसेवा केंद्र खोलकर शुरू किया स्वरोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंटरनेट** तकनीक के विकास संबंधी शुरुआती दौर में किसी ने नहीं सोचा होगा कि यह एक ऐसा आविष्कार बनेगा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकेगा। परन्तु आज संचार तकनीक के जरिये ही प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़े लिखे बेरोजगार युवा जनसेवा केंद्र खोलने में रुचि ले रहे हैं। जिसके चलते बीते दो माह में ही 89945 युवाओं ने ग्रामीण इलाकों में जनसेवा केंद्र खोलने के लिए कदम बढ़ाया है। इनमें से 53026 युवाओं ने तो जनसेवा केंद्र खोल कर ग्रामीणों को शासन के 35 विभागों की 258 सेवाओं का लाभ मुहैया कराते हुए धन कमाना भी शुरू कर दिया है। जल्दी ही 36919 युवाओं का जनसेवा केंद्र भी शुरू हो जायेगा, इन युवाओं के जनसेवा केंद्र को खोलने की अनुमति शासन से मिल गई है।

मात्र दो माह में ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे 89945 बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार मुहैया कराने के मामले में मिली यह सफलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच का नतीजा है। मुख्यमंत्री खुद भी टेक्नोसेवी हैं। वह खुद भी लैपटाप पर कई विभागों की फाइलों का निस्तारण करते हैं। वह दर्पण डैशबोर्ड से सरकारी योजनाओं की प्रगति की ऑनलाइन मॉनीटरिंग भी करते रहे हैं। संचार तकनीक के अपने ज्ञान के चलते ही मुख्यमंत्री ने सूबे के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बीते नवंबर में ग्रामीणों को सरकार की सेवाएं मुहैया कराने के बाबत जनसेवा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) के तीसरे चरण को शुरू करने का फैसला किया था। मुख्यमंत्री ने अपने इस फैसले तहत चार महीने में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 1.5 लाख जन सेवा केन्द्रों को खोले जाने का लक्ष्य रखा था। यही नहीं इस परियोजना से उन्होंने करीब 4.5 लाख ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार मुहैया करने का टार्गेट भी तय किया था। यह टार्गेट तय करते हुए मुख्यमंत्री को विश्वास था कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को सरकार की सेवाओं को पाने के लिए शहर नहीं आना पड़ेगा। जिसके चलते ग्रामीणों के धन तथा समय की बचत होगी और जनसेवा केंद्र गांवों में रोजगार मुहैया कराने का अवसर उत्पन्न करेगा।

इन जनसेवा केन्द्रों को खोलने वाले युवाओं को अच्छी आमदनी हो और वह जनसेवा केंद्र में कम से कम दो लोगों को रोजगार दे सकें। इस सोच के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा केंद्र के तीसरे चरण की कार्य योजना को तैयार करवाया था। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में एक जन सेवा केंद्र की जगह दो जन सेवा केंद्र खोलने का फैसला किया गया। पहले प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक जन सेवा केंद्र और शहर में 10 हजार की आबादी पर न्यूनतम एक जन सेवा केंद्र खोला जाता था। गांवों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई इस योजना के तहत जन सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदेश के 35 विभागों की 258 शासकीय सेवाएं गांव के लोगों को उपलब्ध कराने का फैसला भी तब किया गया। इसके अलावा गांव स्तर पर खोले जाने वाले इन जनसेवा केन्द्रों से अच्छी कमाई की जा सके इसके लिए प्रति सेवा 30 रुपये शुल्क लेना तय किया गया। पहले यह शुल्क 20 रुपये था। यही नहीं जनसेवा केंद्र संचालक की आय बढ़ाने के लिए उसे प्रति ट्रांजेक्शन 4 रुपये की जगह सरकार की तरफ से 11 रुपये दिए जाने का फैसला भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अफसरों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में 1.5 लाख जनसेवा केंद्र खोलने का लक्ष्य अगले माह में पूरा हो जाएगा।

## तीन फरवरी को बिजली अभियंताओं व कार्मिकों का कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** देश के 15 लाख बिजली कर्मियों के साथ उप्र के बिजली कर्मचारी केंद्र सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए 3 फरवरी को कार्य बहिष्कार करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए 3 फरवरी को एक दिवसीय सांकेतिक कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस आशय का नोटिस केंद्रीय विद्युत मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दिया है। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों प्रभात सिंह, जीवी पटेल, सुहेल आबिद, विनय शुक्ला, शशिकांत श्रीवास्तव, एके श्रीवास्तव, ने बताया कि निजीकरण का प्रयोग उड़ीसा, ग्रेटर नोएडा और आगरा में बुरी तरह विफल हो चुका है फिर भी केंद्र सरकार ने बिजली के निजीकरण के लिए इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2020 एवं स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट जारी किया है जिससे देशभर के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है।

# वाहन चोरी की बढ़ती घटनाएं रोकने को योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई करे पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रदेश में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने गंभीरता दिखाते हुए इनकी रोकथाम के लिए पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। फील्ड में तैनात सभी एडीजी, आईजी, डीआईजी व पुलिस कप्तानों को इस संबंध में डीजीपी ने एक परिपत्र जारी कर वाहन चोरी के अपराधों वह अपराधियों के खिलाफ कार्ययोजना के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि वाहन चोरी की घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल जनपद के नियन्त्रण कक्ष को सूचित करते हुए जनपद के समस्त थाना, चौकियों पर चोरी गए वाहन की चेकिंग कराना सुनिश्चित करते हुये प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित की जाए। जनपदीय डीसीआरबी में चोरी गए वाहनों के चेचिस नम्बर आदि को एनसीआरबी द्वारा विकसित वेबसाइट पर फीडिंग कराई जाए। वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा बरामद किए गए वाहनों को चोरी गए वाहनों के अभियोगों से मिलान कर उनके वाहन स्वामियों को नियमानुसार वापस किए जाने का सतत प्रयास किया जाए। वाहन चोरी के अपराध में पूर्व में पकड़े गए अभियुक्तों का फोटो सहित डोजियर थाने, डीसीआरबी में रखा जाए। वाहन चोरी के अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए। ऐसे अपराधियों का सहयोग करने वाले जैसे वाहन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर चोरी के वाहनो के बेचने में सहायता करने वाले आदि व्यक्तियों को भी चिन्हित किया जाए। वाहन चोरों के अर्न्तजनपदीय, अन्तराज्यीय गैंग जो प्रकाश में आते हैं, उनका अपराधिक इतिहास संकलित करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की जाए तथा चोरी किए गए वाहनों से अर्जित सम्पत्ति का गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत जन्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार की जाए। वाहन चोरी के पंजीकृत अपराधों की विवेचना का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर शीघ्रता से कराए हुये न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी कराई जाए।

## ई-संजीवनी सेवा से चिकित्सीय परामर्श लेने वाला यूपी पहला राज्य : अमित मोहन

**लखनऊ।** कोविड 19 के दौर में संक्रमण को देखते हुए उपचार को लेकर सरकार की तरफसे शुरू की गई ई संजीवनी सेवा के तहत चिकित्सीय परामर्श लेने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश में ई-संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 5299 तथा अब तक कुल 4,15,209 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों वैक्सीनेशन लगाने का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन एवं क्रम के अनुसार कोविड वैक्सीनेशन का कार्य संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाने के बाद फ्रंट लाइन कर्मियों तथा उसके बाद 50 वर्ष से अधिक आयु वाले एवं 50 वर्ष से कम आयु वाले जो किसी गम्भीर बीमारी से ग्रस्त है उनको वैक्सीन लगायी जायेगी। उन्होंने बताया कि मेरा कोविड केन्द्र ऐप के माध्यम से उपयोगकर्ता द्वारा 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित कोविड.19 जांच केन्द्र की जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा जांच का परिणाम डीजीएमएचयूपी वेबसाइट पर स्मार्ट फोन के माध्यम से जाना जा सकता है।

# पारदर्शी सिस्टम के रूप में काम करेगा प्रहरी एप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण विभाग में लागू किये गये प्रहरी एप की विशेषताओं व विशिष्टियों की विस्तार से जानकारी देने हेतु नीति आयोग भारत सरकार के संयोजन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग का आयोजन मंगलवार को किया गया। लोक निर्माण विभाग स्थित कमाण्ड सेन्टर से लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण व सचिव समीर वर्मा ने प्रहरी एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि प्रहरी एप मोस्ट ट्रान्सपेरेन्ट सिस्टम है, इसके इस्तेमाल से उत्तर प्रदेश में इसकी बेहद प्रशंसा हो रही है। समीर वर्मा ने प्रजेन्टेशन के दौरान प्रहरी एप की विशेषताओं व विशिष्टियों तथा उसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने प्रहरी एप के माध्यम से तकनीकी बिड हेतु ठेकेदारों द्वारा भरे जाने वाले मास्टर डाटा जैसे अनुभव, मैनपॉवर, मशीनरी आदि का प्रहरी एप पर प्रोसेस करना तथा टेण्डर डालने की प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर की जाने वाली कार्यवाही तथा तकनीकी मूल्यांकन के विभिन्न पैरामीटर्स के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रहरी एप के पारदर्शी सिस्टम और इसके लागू होने से तमाम समस्याओं का निराकरण भी हो गया है। इससे पहले टेण्डरिंग में तमाम तरह की शिकायतें आती थीं और उनके निराकरण में अनावश्यक रूप से समय बर्बाद होता था। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग व सचिव लोक निर्माण विभाग ने प्रहरी एप के प्रजेन्टेशन के दौरान तमाम शंकाओं, आशंकाओं आदि का समाधान किया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में नीति आयोग, विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के लोक निर्माण विभाग, तत्सम्बन्धित विभागों, एनआईसी, सीपीडब्लूडी आदि विभागों के उच्चतम स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा से किसान, नौजवान सभी दुखीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा झूठ बोलने और समाज में नफरत फैलाने वाली पार्टी है, भाजपा से किसान, नौजवान सभी दु:खी हैं। भाजपा ने रंग बदलने और नाम बदलने के अलावा कोई काम नहीं किया है।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश अपराध, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, बेरोजगारी, खराब शिक्षा, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था, किसानों की फसलों की लूट, नाबालिग बच्चियों और महिलाओं से बलात्कार, हत्या, फर्जी एनकाउण्टर आदि में नम्बर एक पर है। भाजपा प्रदेश को जाने किस दिशा में ले जा रही है। श्री यादव ने कहा कि गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2012 से 2017 के बीच भाजपा द्वारा चीनी मिल बिकने का आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार के पास अच्छा मौका है जब 26 जनवरी को वह किसान विरोधी तीनों बिल वापस ले ले और किसानों की मांगे मान ले। समाजवादी कार्यकर्ताओं के पास खेती है, सब किसान आंदोलन के साथ हैं, भाजपा का खेती से कोई रिश्ता नहीं, वे बाजार से रिश्ता रखते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के स्वदेशी आंदोलन का क्या हुआ। देश में तिलहन, दलहन को प्रोत्साहन देने की जगह विदेशों से पॉम आयल का आयात किया जा रहा है जबकि सरसों का समर्थन मूल्य किसानों को नहीं मिलता है।

### भाजपा नेता समेत कई सपा में शामिल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं उत्कृष्ट प्रतिभा रखने वाले तमाम युवा आईकान, सीतापुर के वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष मिश्र, बरेली के ब्लाक प्रमुख तथा प्रबुद्ध समाज के कई प्रमुख लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं अखिलेश यादव की कार्यशैली से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का कहना था कि सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की बहुमत की सरकार बनाने तथा अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का उन्होंने संकल्प लिया है।

## कोरोना को नियंत्रित करने में हमारी रणनीति सफल रहीः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोविड 19 के सम्बन्ध में प्रदेश में अपनाई गई रणनीति का परिणाम है कि हमारे राज्य में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। इसके बावजूद अभी भी इस महामारी के प्रति हर स्तर पर सतर्कता बरतना आवश्यक है। थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कोविड 19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन अभियान का प्रथम चरण प्रगति पर है। इसके अन्तर्गत हेल्थ वर्कर्स को वैक्सीन की प्रथम डोज दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन सप्ताह में समस्त हेल्थ वर्कर्स का वैक्सीनेशन कार्य पूरा किया जाए। पहले चरण में वैक्सीनेट किए गए लोगों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज 15 फरवरी से दिया जाना शुरू किया जाए। उन्होंने कोविड 19 वैक्सीनेशन अभियान के द्वितीय चरण की सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कोरोना वैक्सीनेशन कार्य के मद्देनजर प्रदेश के पुलिस आदि विभिन्न सुरक्षा बलों का डाटा बेस तेजी से तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। उन्होंने प्रतिदिन कोविड 19 के कम से कम 1.50 लाख टेस्ट किए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने निर्देशित किया कि सर्विलांस सिस्टम तथा कान्टैक्ट ट्रेसिंग को पूरी सक्रियता से जारी रखा जाए। समस्त कोविड चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं, मेडिकल उपकरणों एवं आक्सीजन की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## सभापति से की वीर सावरकर की तस्वीर हटाने की मांग

**लखनऊ।** विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता दीपक सिंह ने सभापति को पत्र लिखकर कहा है कि विनायक दामोदर सावरकर की फोटो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों, क्रांतिकारियों के बीच में लगाया जाना आपत्तिजनक है। उन्होंने सावरकर की फोटो मुख्य द्वार से हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी को ये तस्वीर अपने संसदीय कार्यालय में लगानी चाहिए। दीपक सिंह ने सभापति को संबोधित पत्र में लिखा है कि आपकी अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश की सरकार ने विधान परिषद भवन की मरम्मत एवं सौन्दरीकरण कराया है, जिसके लिए आभार प्रकट करता हूं। परंतु तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जाबांजो एवं महापुरुषों के चित्रों के बीच सावरकर का चित्र लगाया जाना महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान है। उन्होंने सभापति से निवेदन किया है कि सावरकर का चित्र विधान परिषद भवन के मुख्य द्वार से हटा कर भाजपा के संसदीय कार्यालय के अंदर स्थापित कराने की कृपा करें।

# बदनाम बिल्डरों का कारोबार होगा बंदः राजीव कुमार

## पीएचडी चेंबर के वर्चुअल कार्यक्रम में यूपी रेरा के चेयरमैन ने कहा रेरा कानून के कारण बेहतर प्रदर्शन करने वाले बिल्डर ही टिकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**पीएचडी** चेंबर के एक वर्चुअल कार्यक्रम में आज यूपी रेरा के चेयरमैन राजीव कुमार ने कहा कि रेरा क़ानून की वजह से रियल स्टेट कारोबारी और खरीदारों के बीच खोया विश्वास फिर से क़ायम करने में मदद मिली है। जल्द ही हमें यह देखने को मिलेगा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले बिल्डर ही बाज़ार में टिकेंगे। कम बेहतर को अपना प्रदर्शन सुधारना होगा और बदनाम बिल्डरों को अपना कारोबार बंद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा क़रीब 20 प्रतिशत बिल्डर ही इस तीसरी श्रेणी में आते हैं जिनके कारोबारी तौर तरीक़े आपत्तिजनक और क़ानून के विरुद्ध हैं। जिनकी वजह से ही आज रेरा जैसे क़ानून की आवश्यकता पैदा हुई है। रेरा क़ानून की सफलता सही मायनों में तब मानी जाएगी जब रेरा अदालत में शिकायतें आना बेहद कम या ख़त्म हो जाएं। उन्होंने कहा रियल एस्टेट सेक्टर में देश की जीडीपी को दुगुना करने की क्षमता है। रेरा क़ानून की वजह से ख़रीदार अब बाज़ार में वापस लौट रहे हैं जिससे अंतत: रीयल एस्टेट सेक्टर को ही फायदा होगा।

प्रतिष्ठित उद्योगपति व पीएचडी चेंबर के यूपी चेयरमैन ललित खेतान ने कहा कि केंद्रीय रेरा क़ानून को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। पूरे देश में रेरा का पहला कॉनक्लेव भी उत्तर प्रदेश में ही आयोजित किया गया था। होम बायर्स की समस्याओं को सुलझाने के लिए यूपी रेरा अथॉरिटी प्रभावी भूमिका निभा रही है। कोविड के दौरान भी वर्चुअल अदालतों के माध्यम से रेरा ने पीड़ितों को न्याय देखकर बेहतर काम किया है। पीएचडी चेंबर यूपी चैप्टर के को चेयरमैन मनीष खेमका ने कहा कि भारत में रेरा क़ानून लागू होने के बाद जनवरी 2021 तक साठ हज़ार से ज़्यादा मामले निपटाए जा चुके हैं। जिनमें से 40 प्रतिशत से ज़्यादा मामलों का निपटारा अकेले उत्तर प्रदेश में किया गया है। बीते साल मई और दिसंबर में यूपी रेरा अथॉरिटी ने पहली बार स्थानीय स्तर पर होम बायर्स की समस्याओं को सुलझाने के लिए ऑनलाइन रेरा संवाद का आयोजन किया था जोकि निश्चित ही एक प्रशंसनीय पहल है। जनवरी 2021 की शुरुआत तक पूरे भारत में रेरा के तहत क़रीब 60 हज़ार रियल स्टेट प्रोजेक्ट्स और क़रीब 46 हज़ार रियल इस्टेट एजेंट्स का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

रेरा चेयरमैन को दिए अपने सुझाव में खेमका ने कहा कि रियल स्टेट से संबंधित समस्याओं के त्वरित निदान के लिए रेरा के मार्गदर्शन में किसी भी मुक़दमे से पूर्व बिल्डर्स और होम बायर्स के बीच संवाद की सम्भावनाएँ तलाशी जानी चाहिए व इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। पीएचडी चेंबर की इस वेबिनार में हलवासिया एंड संस के मुकुंद हलवासिया ने आशा जतायी कि रेरा क़ानून से रियल स्टेट का कारोबार बढ़ेगा।

# निजीकरण को बढ़ावा देकर पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त किया जा रहाः लल्लू

● कांग्रेस ने अति पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित कर भाजपा सहित अन्य दलों पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मिशन** 2022 को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने जातिगत समीकरणों को साधने की कवायद शुरू कर दी है। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मंगलवार को अति पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अगुवाई में हुए इस सम्मेलन में 19 अति पिछड़ी जातियों (धीवर, कश्यप, मल्लाह, केवट, कहार, प्रजापति, बिन्द आदि) के हक, सम्मान और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का कांग्रेस द्वारा संकल्प लिया गया।

सम्मेलन के समापन पर अतिपिछड़ा समाज के प्रतिनिधियों ने हाथ उठाकर शपथ ली कि आने वाले समय में अपने हक, सम्मान और भागीदारी के लिए कांग्रेस और अजय कुमार लल्लू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और उनके हाथों को मजबूत बनायेंगे।

सम्मेलन में संविधान को कमजोर करने, आरक्षण को साजिशन समाप्त करने का षडयन्त्र करने और निजीकरण करके पिछड़ों की हकमारी करने के प्रयासों पर निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। निन्दा प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन मनोज यादव ने सम्मेलन में रखा जिसका सभी ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

# महाराष्ट्र ग्राम पंचायत चुनाव में लोगों ने एमवीए सरकार का समर्थन किया: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में हाल में हुए ग्राम पंचायत चुनाव में लोगों ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाडी सरकार का समर्थन किया है जिसके नतीजे सोमवार को घोषित किए गए। विपक्षी भाजपा पर हमला करते हुए शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में लिखा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर राज्य में राजनीतिक क्रांति रोकी नहीं जा सकती। शिवसेना ने कहा कि भाजपा को एमवीए के समर्थन में जनादेश को स्वीकार करना चाहिए नहीं तो राज्य की जनता उस पार्टी को आगे भी पराजय देगी।

15 जनवरी को राज्य की 12,711 ग्राम पंचायत के लिए हुए चुनाव में करीब 1.25 लाख प्रत्याशियों को जीत मिली है। इस चुनाव में प्रत्याशियों ने पार्टियों के चुनाव चिह्न पर चुनाव नहीं लड़ा था लेकिन राजनीतिक दलों या स्थानीय नेताओं द्वारा प्रत्याशी तय किए गए थे। सत्तारूढ़ एमवीए- शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन- ने ग्राम पंचायत में बड़ी जीत मिलने का दावा किया है जबकि विपक्षी भाजपा ने चुनाव में मजबूत पक्ष बनकर उभरने का दावा किया है।

शिवसेना ने दावा किया कि ठाकरे सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है और उनकी देखरेख में राज्य का विकास तेज हुआ है। शिवसेना ने प्रश्न किया, एमवीए के सभी घटकों ने ग्राम पंचायत चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। यह राज्य में ठाकरे सरकार के समर्थन में जनादेश नहीं है तो क्या है? सामना ने लिखा, ग्राम पंचायत चुनाव ने जनता की राय बता दी है। इसे स्वीकार करें नहीं तो महाराष्ट्र की जनता और पराजय देने तक चुप नहीं रहेगी।

शिवसेना ने कहा, महाराष्ट्र में राजनीतिक क्रांति प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग के कार्यकर्ताओं की मदद से रोकी नहीं जा सकती। महाराष्ट्र की मिट्टी अलग है। पार्टी ने दावा किया कि भाजपा राधाकृष्ण विखे पाटिल, रावसाहेब दानवे, चंद्रकांत पाटिल, राम शिंदे और नीतीश राणे सहित अपने प्रमुख नेताओं के गढ़ में ग्राम पंचायत चुनाव हार गई है। शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने मराठवाड़ा एवं विदर्भ क्षेत्र में बड़ी बढ़त हासिल की है। सामना ने संपादकीय में लिखा, शिवसेना ने कोंकण में जीत दर्ज की है लेकिन कुछ स्थानों पर झटका लगा है। इसकी समीक्षा बाद में की जाएगी लेकिन कुल मिलाकर पूरे राज्य के नतीजे दिखाते हैं कि जनता ने भाजपा को खारिज कर दिया है।

## गोवा में नगर निकाय चुनाव तीन महीने के लिए स्थगित

**पणजी।** गोवा राज्य निर्वाचन आयोग ने पणजी नगर निगम, 11 नगरपालिका परिषदों के चुनाव और विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए होने वाले उपचुनाव तीन महीने के लिए स्थगित कर दिए हैं। ये चुनाव पिछले साल 18 अक्टूबर को होने थे, आयोग ने कोविड-19 महामारी के कारण इन्हें तीन महीने के लिए स्थगित कर दिया था। 11 नपा परिषदों के चुनाव, पणजी शहर के निगम चुनाव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्डों के लिए उपचुनाव, और नावलिम (दक्षिण गोवा) जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव अप्रैल 2021 तक तीन महीने के लिए या आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव की अगली तारीख तक के लिए स्थगित किए जाते हैं। यह नहीं बताया गया कि चुनाव स्थगित करने का कारण क्या है। तटवर्ती राज्य में 12 नपाप और एक नगर निगम है। गोवा में 11 नगर पालिका परिषद का कार्यकाल चार नवंबर, 2020 को पूरा हो गया था, जिसके बाद नपाा प्रशासन निदेशालय ने इन निकायों के लिए प्रशासक नियुक्त किए थे।




**नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कोरोना महामारी के बीच समाज सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए।**

# ओम्मन चांडी केरल विधानसभा चुनाव में कर सकते हैं कांग्रेस नीत यूडीएफ की अगुवाई

**तिरुवनंतपुरम।** ऐसी संभावना है कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम्मन चांडी केरल में अप्रैल-मई में होने वाले अहम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की अगुवाई करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने संकेत दिया कि दिल्ली में पार्टी में शीर्ष स्तर पर बैठक के बाद यह संभावना व्यक्त की गई है। वैसे मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा चुनाव के बाद की जाएगी।

चुनाव की निगरानी एवं माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को टक्कर देने के वास्ते रणनीतियां तैयार करने के लिए चांडी की अगुवाई में दस सदस्ईय समिति बनाई गई है। एलडीएफ दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने तथा बारी-बारी से दोनों मोर्चों के सत्तासीन होने की संभावना संबंधी कथन को झूठा साबित करने के लिए प्रयासरत है। चांडी (70), कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ए के एंटनी, विपक्ष के नेता रमेश चेन्नितला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एम रामचंद्रन ने सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया एवं वायनाड के सांसद राहुल के साथ चर्चा की थी। एंटनी ने बाद में कहा कि मुख्यमंत्री का उम्मीदवार मोर्चा के विजई होने के बाद घोषित किया जाएगा।

दिल्ली से कल रात यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने चांडी पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं और उनका जबर्दस्त स्वागत किया। वैसे भी यूडीएफ के घटक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और आरएसपी ने हाल के स्थानीय चुनाव में मोर्चा के खराब प्रदर्शन प्रदर्शन पर सुझाव दिया था कि चांडी को मोर्चा में वापस लाया जाना चाहिए तथा उन्हें और जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए। अन्य सदस्य एंटनी, चेन्नितला, रामचंद्रन, केरल के पार्टी मामलों की प्रभारी तारिक अनवर, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल हैं।

## पुडुचेरी के मुख्यमंत्री नारायणसामी धरने पर बैठे

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी और उनके मंत्री मंगलवार को कल्याण मंत्री एम कंडासामी से मिलने की अनुमति नहीं मिलने के बाद यहां धरने पर बैठ गए। कंडासामी कुछ खास परियोजना से संबंधित फाइलों को आगे नहीं बढ़ाने को लेकर उप राज्यपाल किरण बेदी के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री नारायणसामी, स्वास्थ्य मंत्री मल्लाडी कृष्णा राव और राजस्व मंत्री एम ओ एच एफ शाह जहां और सांसद वैथीलिंगम के साथ कंडासामी से मिलने जा रहे थे, तभी उन्हें राजनिवास के बाहर ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय पुलिस कर्मियों ने रोक दिया और उनसे मुलाकात की कथित तौर पर अनुमति नहीं दी। इसके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए वे सड़क पर धरने पर बैठ गए और इन नेताओं के साथ मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मियों के बीच तीखी नोंक-झोंक होने लगी। बाद में मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि वह 21 या 22 जनवरी को कंडासामी के साथ दिल्ली जाएंगे।

# कोविड-19 संकट में गरीबों का 79 लाख से ज्यादा का राशन हड़पा गया, मुख्य आरोपियों पर एनएसए

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** कोविड-19 संकट से जूझ रहे गरीबों के लिए सरकार का भेजा गया 79 लाख रुपए से ज्यादा का राशन यहां शासकीय कर्मचारियों की मिलीभगत से कथित तौर पर हड़प लिया गया। इस घोटाले का मंगलवार को खुलासा करते हुए जिला प्रशासन ने 31 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि घोटाले के तीन मुख्य आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

डीएम मनीष सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में बताया, हमारी जांच में पता चला है कि अप्रैल से लेकर दिसंबर 2020 के बीच शहर में उचित मूल्य की 12 सरकारी दुकानों के जरिए कुल 79 लाख चार हजार 479 रुपए का राशन गरीब वर्ग के लोगों को प्रदान करने के बजाय खुले बाजार में बेच दिया गया। हितग्राहियों के बयानों से पता चलता है कि खासकर कोविड-19 के लॉकडाउन के वक्त उन्हें जानकारी नहीं थी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत उनके लिए अलग से राशन भेजा गया है। इस अज्ञानता का फायदा उठाकर उचित मूल्य की सरकारी दुकानों से उन्हें यह राशन प्रदान नहीं किया गया और इसे दस्तोवजों के फर्जीवाड़े के जरिए खुले बाजार में बेच दिया गया।

सिंह ने बताया कि राशन माफिया ने उचित मूल्य की सरकारी दुकानों के कर्ता-धर्ताओं की मिली-भगत से गेहूं, चावल, नमक, शक्कर, चना दाल, तुअर दाल, साबुत चना और कैरोसीन की बड़ी खेप हड़प ली। इस घोटाले के मुख्य आरोपियों के रूप में राशन दुकानदारों के एक संगठन के अध्यक्ष भरत दवे, श्याम दवे और प्रमोद दहीगुड़े की पहचान हुई है। तीनों के खिलाफ एनएसए लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन तीनों समेत कुल 31 लोगों के खिलाफ शहर के अलग-अलग पुलिस थानों में 10 प्राथमिकियां भी दर्ज कराई गई हैं। राशन घोटाले के आरोपियों में उचित मूल्य की सरकारी दुकानों के कर्मचारियों के साथ ही जिले के तत्कालीन खाद्य नियंत्रक आरसी मीणा शामिल हैं।

सिंह के मुताबिक मीणा पर राशन माफिया से मिलीभगत के साथ ही यह आरोप भी है कि उन्होंने उनके कनिष्ठ अफसरों को इस घोटाले की सही जांच करने से रोका और उनका भविष्य खराब करने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि गड़बड़ियों के खुलासे पर इंदौर संभाग के आयुक्त (राजस्व) पवन शर्मा ने तत्कालीन खाद्य नियंत्रक को 13 जनवरी को निलंबित कर दिया था। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन की विस्तृत जांच जारी है और इंदौर के अलावा राज्य के अन्य जिलों से भी राशन घोटाले के तार जुड़े होने के संकेत मिल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### शुभेंदु अधिकारी की रैली में जा रहे पार्टी कायकर्ताओं पर हमला

**खेजुरी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले मे मंगलवार को पार्टी नेता शुभेंदु अधिकारी की रैली मे शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओ पर देशी बम और पत्थरो से हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना करीब सवा दो बजे हुई, तब भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल होने हेरिया जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हमले मे कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए और कुछ वाहनो के साथ भी तोड़फोड़ की गई। उसके बाद विरोध मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने सड़कें जाम कर दी। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओ का इस घटना के पीछे हाथ है। हालांकि सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप से इनकार किया है। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के सिलसिले मे अब तक कोई गिरफ्तारी नही की गई है क्योकि बड़ी संख्या मे पुलिसकर्मी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रैली स्थल पर व्यस्त थे। उन्होंने कहा, यह घटना करीब सवा दो बजे हुई। कुछ अज्ञात लोगो ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया जो रैली में जा रहे थे। उनमे से कुछ घायल हो गए। हम मामले की जांच कर रहे है और स्थिति नियंत्रण मे है।

### माओवादियों से ज्यादा खतरनाक है भाजपा : ममता

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा को माओवादियो से ज्यादा खतरनाक बताते हुए आरोप लगाया कि भगवा पार्टी चुनाव से पहले लोगो से झूठे वादे कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि राजनीति एक पवित्र विचारधारा और दर्शन है तथा कपड़ो की तरह रोज विचारधारा नही बदली जा सकती है। राज्य मे अप्रैल-मई मे होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कई नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ दी है। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पुरुलिया जिले मे एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा माओवादियो से भी ज्यादा खतरनाक है। उन्होने कहा, भाजपा से जो जुड़ना चाहते है वो जा सकते है, लेकिन हम भगवा पार्टी के सामने कभी अपना सिर नही झुकाएंगे। हाल के दिनो मे तृणमूल कांग्रेस के कई नेता भाजपा मे शामिल हुए है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा नेताओ ने झूठे वादे कर जंगलमहल इलाके के आदिवासियो को गुमराह किया और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उनके पास कभी नही आए। पुरुलिया भी जंगलमहल इलाके मे आता है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव मे पुरुलिया समेत जंगलमहल इलाके मे सभी सीटो पर जीत हासिल की थी।

### शिवाजी की प्रतिमा हटाने पर ग्रामीणों ने किया पथराव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले मे मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा के स्थानांतरण का विरोध कर रहे ग्रामीणो द्वारा पथराव करने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिले के मुक्ताईनगर क्षेत्र के निमखेड़ी मे सोमवार रात को एक सार्वजनिक स्थल पर बिना अनुमति के दो फुट ऊंची एक प्रतिमा लगाई गई थी और स्थानीय प्रशासन द्वारा उसे हटाए जाने का अनुरोध करने पर कुछ गांव वालो ने विरोध करना शुरू कर दिया। आज जब स्थानीय प्रशासन और पुलिस का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और प्रतिमा को हटाने का प्रयास किया गया तब कुछ गांव वालो ने पथराव किया जिससे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पुलिस को नियुक्त किया गया है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

### इंद्राणी मुखर्जी की अर्जी खारिज

**मुंबई।** शीन बोरा हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की उस याचिका को यहां की विशेष सीबीआई अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। जेल में सजा पाए कैदियो के लिए निर्धारित पोशाक पहनने से छूट देने का इस आधार पर अनुरोध किया था कि वह विचाराधीन कैदी है। 2015 मे गिरफ्तारी के बाद से ही इंद्राणी भायखला महिला जेल मे कैद है। इंद्राणी ने पिछले महीने अदालत को बताया कि था कि वह विचाराधीन कैदी है, जेल अधिकारी उनसे हरे रंग की साड़ी पहनने के लिए कह रहे है जो सजा पाए कैदियो की पोशाक है। वकील के जरिए याचिका दायर कर इस वर्दी को पहनने से छूट देने का अनुरोध किया। विशेष न्यायाधीश जेसी जगदले ने उनकी अर्जी खारिज कर दी है। 24 वर्षीय शीना बोरा इंद्राणी की पहले पति से जन्मी संतान थी। अप्रैल 2012 मे कार मे बोरा का गला घोटकर हत्या कर दी गई और शव को पड़ोसी रायगढ़ जिले मे ठिकाने लगा दिया गया। 2015 मे हत्या का खुलासा होने के बाद मुंबई पुलिस ने इंद्राणी के अलावा उसके चालक श्यामवर राय और पूर्व पति संजीव खन्ना को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

### कमल हासन के पैर की सर्जरी हुई

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन के एक पैर की सर्जरी हुई है और उनकी तबीयत अब ठीक है। हासन की बेटियो श्रुति हासन और अक्षरा हासन ने एक बयान मे मंगलवार को इस बारे मे बताया। चेन्नई के श्री रामचंद्र अस्पताल मे हासन की सर्जरी की गई। उन्हे चार-पांच दिनो मे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। मक्कल निधि मय्यम के प्रमुख कमल हासन ने रविवार को कहा था कि वह अपने पैर की सर्जरी करवाएंगे।




**मुंबई में भाजपा नेता राम कदम पार्टी कर्ताओं के साथ नई वेब सीरीज तांडव का विरोध प्रदर्शन करते हुए।**

# दो इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**भाषा।** बीजापुर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर और पामेड़ थाना क्षेत्र में दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सोमवार को गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब पदेड़ा-चेरपाल की ओर था, तब सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर पदेड़ा गांव से एक महिला नक्सली कोरसा मासे उर्फ शांति (24) को गिरफतार किया।

उन्होंने बताया कि नक्सली माड़ डिविजन में कंपनी नम्बर एक की सदस्या है। गिरफ्तार नक्सली पर आठ लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार महिला नक्सली पिछले वर्ष दिसंबर महीने में गंगालूर क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण और नए शिविर खोलने के विरोध में रैली में शामिल हुई थी। इस दौरान उसने भीड़ को भड़काने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में पामेड़ थाना क्षेत्र में एक और महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पामेड़ थाना क्षेत्र में जिला बल और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को सोमवार को गश्त पर रवाना किया गया था और इस दौरान दल ने चेरला मार्ग से दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन की अध्यक्ष सुनीता कारम (20) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला नक्सली पर एक लाख रुपए का इनाम था। उसके खिलाफ पामेड़ थाना क्षेत्र में बने नए शिविर पर पिछले वर्ष दिसंबर महीने में गोलीबारी करने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों को अदातल में भी पेश किया गया।

# मप्र सरकार तांडव के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करेगी: मंत्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि अमेजन प्राइम वीडियो पर दिखाई जा रही वेब सीरीज तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्रदेश सरकार कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज करेगी। पत्रकारों द्वारा अमेजन प्राइम की वेब सीरीज तांडव के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा, जीशान अयूब, सैफ अली खान और अब्बास जफर ने जिस तरह से हमारे धर्म पर प्रतिक्रिया दी और हमारी भावनाओं को आहत किया, उसकी मैं निंदा करता हूं। मध्यप्रदेश सरकार इस संबंध में एक मामला दर्ज करेगी।

वेब सीरीज तांडव पर भाजपा के विरोध पर अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के विचारों पर प्रतिक्रिया देते हुए मिश्रा ने कहा कि किसी अन्य धर्म के खिलाफ कोई टिप्पणी करने वाली फिल्म अब तक क्यों नहीं बनी? ए सिर्फ हिंदुओं को ही निशाना क्यों बनाते हैं? और जब हम इसका विरोध करते हैं तो अन्य राजनीतिक दलों को बुरा क्यों लगता है? यह तुष्टीकरण की राजनीति अच्छी नहीं है।

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस वेब सीरीज की विषय वस्तु पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्वीट किया, हमारी आस्था पर चोट और हमारे देवी-देवताओं का अपमान करने का अधिकार किसी को नहीं है। ओटीटी प्लेटफार्म्स पर परोसी जा रही अश्लीलता हमारे किशोरों के लिए ठीक नहीं है इसलिए इन मंचों पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार इस पर स्वत: संज्ञान ले रही है। इससे पहले, सोमवार को मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग और राज्य विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से अपील की थी कि वे हिंदू देवी-देवताओं का कथित तौर पर उपहास उड़ाने के आरोप में अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज तांडव पर प्रतिबंध लगाया जाए।

इससे पहले, भाजपा सांसद मनोज कोटक और मुंबई में पार्टी के विधायक राम कदम भी इस वेब सीरीज को लेकर आपत्ति जता चुके हैं। अभिनेता सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया, सुनील ग्रोवर, तिग्मांशु धूलिया, डिनो मोरिया, कुमुद मिश्रा, मोहम्मद जीशान अयूब, गौहर खान और कृतिका कामरा अभिनीत तांडव का शुक्रवार को अमेजन प्राइम ओटीटी पर प्रीमियर हुआ। फिल्मकार अली अब्बास जफर ने हिमांशु किशन मेहरा के साथ इस राजनीतिक नाटक का निर्माण, व निर्देशन किया है। इसे गौरव सोलंकी ने लिखा है, जो फिल्म आर्टिकल 15 के लेखन के लिए जाने जाते हैं। इस सीरीज की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए रविवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इस मुद्दे पर अमेजन प्राइम से स्पष्टीकरण मांगा है।

# मप्र में लव जिहाद को लेकर पहला मामला बड़वानी जिले में दर्ज

**भाषा।** बड़वानी (मप्र)

**मध्यप्रदेश** में लव जिहाद पर बनाए गए कानून के तहत पुलिस ने पहला मामला बड़वानी जिले में दर्ज किया है। पुलिस ने 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर 28 वर्षीय एक विवाहित पुरुष के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। बड़वानी थाना प्रभारी राजेश यादव ने मंगलवार को बताया कि पीडि़त महिला की शिकायत पर रविवार रात को पलसूद गांव के 28 वर्षीय निवासी सोहेल मंसूरी के खिलाफ बलात्कार और घार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश 2020 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस माह के शुरुआत में लागू इस कानून के तहत शादी के लिए लोगों के साथ धोखाधड़ी कर धर्मांतरण कराने वालों को दंडित करने का प्रावधान हैं। यादव ने बताया कि मामला पलसूद थाना क्षेत्र का है इसलिए आगे कार्वाई के लिए वहां भेजा जा रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने खुद को सनी नाम से एक हिन्दू के तौर पर पेश किया और बाद में उसे पता चला कि वह शादीशुदा मुस्लिम पुरुष है। उन्होंने कहा कि पीडि़ता के अनुसार उसने आरोपी से दूरी बनानी शुरू कर दी लेकिन वह शादी और धर्मांतरण के लिए महिला पर दबाव बनाता रहा।

मामला दर्ज होने के बाद शिकायत कर्ता महिला ने पत्रकारों से कहा, यह लव जिहाद का मुद्दा है, इसलिए मैंने शिकायत कराई। लड़का मुस्लिम था और हिन्दू बनकर मेरे साथ संबंध बनाता रहा। उसने मेरे साथ मारपीट भी की और चार साल तक मेरा शारिक शोषण किया।



**कुल्लू में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में वोट डालने के लिए व्यास नदी को रोपवे से पार करते हुए ग्रामीण।**

# कांग्रेस नहीं चाहती सरकार की किसानों से वार्ता सफल हो: भाजपा

भाषा। नई दिल्ली



भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस पर विरोध और अवरोध की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि तीन कृषि कानूनों को लेकर सरकार और किसान संगठनों के बीच जारी वार्ता को वह सफल होते नहीं देखना चाहती। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा उठाए गए सवालों को नजरअंदाज करने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस को खून शब्द से बहुत प्यार है इसलिए उसने खेती का खून नामक शीर्षक से पुस्तिका जारी की।

ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने आज किसानों की पीड़ा पर खेती का खून शीर्षक से एक पुस्तिका जारी की और इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि कृषि क्षेत्र पर तीन-चार पूंजीपतियों का एकाधिकार हो जाएगा जिसकी कीमत मध्यम वर्ग और युवाओं को चुकानी होगी। जावड़ेकर ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चार-पांच परिवार आज देश पर हावी हैं। देश में राज किसी परिवार का नहीं है, 125 करोड़ जनता का देश पर राज है, ए फर्क अब हुआ है। 50 साल कांग्रेस ने सरकार चलाई तो सिर्फ एक ही परिवार की सरकार चली, एक ही परिवार सत्ता में रहा। उन्होंने कहा कि कल सरकार और किसान संगठनों के बीच 10वें दौर की वार्ता होने वाली है और उससे एक दिन पहले राहुल गांधी का रवैया कांग्रेस के विरोध-अवरोध की नीति को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का ए खेल है। वह नहीं चाहती की किसानों की समस्या का समाधान हो। सरकार और किसानों की वार्ता सफल हो, ये कांग्रेस नहीं चाहती। इसलिए कांग्रेस विरोध-अवरोध की नीतियां अपनाती है।

उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार और किसानों के बीच जारी वार्ता सफल होगी। किसानों की स्थिति के लिए कांग्रेस की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए जावड़ेकर ने कहा कि 50 साल सत्ता में रहते हुए उसने विनाशकारी राजनीति की जिसके चलते गरीब किसान हुआ और उसे उसकी उपज का उचित मूल्य तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी लेकिन कांग्रेस ने कभी उसकी सिफारिशों को लागू नहीं किया। जावड़ेकर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा खेती का खून नाम से पुस्तिका जारी करने पर कांग्रेस को खून शब्द से बहुत प्यार होने का आरोप लगाया और कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने खून की दलाली जैसे शब्दों का बहुत बार इस्तेमाल भी किया है।

उन्होंने पूछा, ये खेती का खून कह रहे हैं, लेकिन विभाजन के समय जो लाखों लोग मरें क्या वो खून का खेल नहीं था? 1984 में दिल्ली में 3 हजार सिखों को जिंदा जलाया गया, क्या वो खून का खेल नहीं था?भागलपुर में हजारों लोग मारे गए, क्या वह खून का खेल नहीं था? कांग्रेस के शासनकाल में किसानों ने आत्महत्या की, क्या वह खून नहीं था? भाजपा अध्यक्ष नड्डा की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब न देने के लिए भाजपा नेता ने राहुल गांधी को आड़े लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे प्रमुख पार्टी है, उसके अध्यक्ष नड्डा जी ने सवाल क्या पूछे, राहुल गांधी भाग गए। अगर प्रश्नों का उत्तर नहीं पता तो अपनी असफलता कबूल करनी चाहिए।

# सज्जाद लोन की पार्टी पीपुल्स कांफ्रेंस गुपकर गठबंधन से अलग हुई

श्रीनगर। पीपुल्स कांफ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने मंगलवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी सात दलों के गुपकर गठबंधन (पीएजीडी) से अलग हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन के कुछ घटकों ने जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव में छद्म प्रत्याशी खड़े किए। लोन ने अपने फैसले की घोषणा गुपकर गठबंधन के प्रमुख और नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को लिखी चिट्ठी में की है। लोन ने लिखा, यह तथ्य है कि गुपकर गठबंधन ने इस चुनाव में स्पष्ट रूप से सबसे अधिक सीटों पर जीत दर्ज की। हम आंकड़ो को छिपा नहीं सकते हैं और गुपकर गठबंधन द्वारा जीती गईं सीटों के अलावा, एक अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ा पांच अगस्त (अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निषक्रिय करने) के संदर्भ मतों की संख्या है जो गुपकर गठबंधन के खिलाफ है। बाद में उन्होंने इस पत्र को मीडिया में भी साझा किया।



पटना में मंगलवार को दसवें सिख गुरु गोबिंद सिंह की 354वीं जयंती मनाने के लिए 'नगर कीर्तन', 'धर्म जुलूस' में भाग लेतीं सिख श्रद्धालु।

# कोविड-19: भारत में सात माह बाद एक दिन में सबसे कम 10,064 नए मामले सामने आए

भाषा। नई दिल्ली

भारत में बीते सात महीने से अधिक समय में कोरोना वायरस के एक दिन में सबसे कम 10,064 नए मामले सामने आए जिसके साथ संक्रमण के कुल मामले बढ़कर1,05,81,837 पर पहुंच गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मंगलवार को संक्रमण मुक्त होने वाले लोगों की कुल संख्या1,02,28,753 हो गई।

मंत्रालय द्वारा जारी सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 137 लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर1,52,556 पर पहुंच गई। संक्रमण से एक दिन में मरने वालों की संख्या भी बीते करीब आठ महीने में सबसे कम है। इसमें बताया गया कि संक्रमणमुक्त होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है और यह1,02,28,753 है। इसके साथ ठीक होने वालों की राष्ट्रीय दर 96.66 फीसदी हो गई है। वहीं, संक्रमण से मृत्यु दर 1.44 फीसदी है। देश में कोविड-19 का इलाज करा रहे लोगों की संख्या तीन लाख से कम बनी हुई है। वर्तमान में 2,00,528 संक्रमितों का इलाज चल रहा है जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.90 फीसदी है।

भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख के पार, 28 सितम्बर को 60 लाख के पार, 11 अक्टूबर को 70 लाख से अधिक, 29 अक्टूबर को 80 लाख से अधिक और 20 नवम्बर को 90 लाख से अधिक हो गए थे। कुल मामले 19 दिसम्बर को एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

# जंगली हाथियों ने बेतला में जंजीर में बंधे पालतू हाथी को हमला कर मार डाला

भाषा। लातेहार, मेदिनीनगर

झारखंड के बेतला राष्ट्रीय उद्यान में बीती रात दो जंगली नर हाथियों ने धावा बोलकर एक चालीस वर्षीय पालतू नर हाथी को मार डाला। पलामू बाघ अभयारण्य (पलामू टाइगर रिजर्व) के उपनिदेशक कुमार आशीष ने भाषा को बताया कि सोमवार देर रात दो जंगली नर हाथी बेतला राष्ट्रीय उद्यान के पलामू किला स्थित आश्रय स्थल (शेड) पहुंच गए और उन्होंने वहां रखे गए पालतू नर हाथी पर घेरकर हमला किया।

उन्होंने बताया कि जंगली हाथियों के हमले में काल भैरव नामक पालतू नर हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जंजीर से बंधा होने के कारण काल भैरव हाथी संभवत: कोई प्रतिवाद नहीं कर सका और न ही वह मौके से भाग कर अपनी जान बचा सका। उन्होंने बताया कि आश्चर्यजनक रूप से जंगली हाथियों ने वहां मौजूद चार मादा हाथियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने बताया कि मृतक हाथी पलामू बाघ अभयारण्य में आधिकारिक तौर पर संरक्षित हाथी था, जिसे बेतला राष्ट्रीय उद्यान स्थित पलामू किला में बनाए गए आश्रय स्थल (शेड) में रखा गया था। आशीष ने बताया कि कर्नाटक सरकार से मैसूर से काल भैरव नर हाथी और मुर्गेस तथा सीता नामक मादा हाथी वर्ष 2018 में दस लाख रुपए में खरीदे गए थे। उन्होंने बताया कि काल भैरव को विशेष रूप से जंगली हाथियों के हमले से सुरक्षा के उद्देश्य से ही खरीदा और प्रशिक्षित किया गया था। बेतला में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) प्रेम प्रसाद ने बताया कि गत रात जंगली हाथियों के झुण्ड ने लगभग साढ़े नौ बजे अचानक आश्रय स्थल पर हमला कर दिया और पालतू हाथी और उनमें हुए खूनी संघर्ष में चालीस वर्षीय वयस्क नर हाथी काल भैरव की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतक हाथी कुछ दिनों से बीमार था। यह पूछे जाने पर कि आखिर एक जंजीर में बंधे पालतू हाथी को दो जंगली नर हाथी मारते रहे और वन अधिकारी, महावत आदि इस दौरान क्या कर रहे थे, उपनिदेशक आशीष ने दावा किया कि वन विभाग के लगभग तीस की संख्या में कर्मचारियों ने निगरानी टावर से पटाखे फोड़े, मशालें जलाईं लेकिन दोनों हमलावर हाथी मतवाले होने के कारण पीछे नहीं हटे। उन्होंने दावा किया कि हमलावर हाथियों ने जब इस बात की संतुष्टि कर ली कि पालतू हाथी मारा जा चुका है तभी वह वापस जंगल में लौटे। यह पूछे जाने पर कि आखिर शेड में मौजूद चार मादा हाथियों को हमलावर हाथियों ने कोई नुकसान क्यों नहीं पहुंचाया, आशीष ने कहा, इसकी जांच की जा रही है लेकिन संभवत: नरों के बीच की प्रतिस्पर्धा की भावना के चलते ऐसा हुआ होगा।

# कश्मीरी हिन्दुओं ने यूएनएमओजी के जम्मू कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

जम्मू। कश्मीर घाटी से 31 वर्ष पहले कश्मीरी हिन्दुओं के विस्थापन के खिलाफ मंगलवार को समुदाय के लोगों ने यहां संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजी) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने घाटी में वापसी, पुनर्वास और घाटी में बसने के लिए एक स्थान देने की अपनी मांगों के समर्थन में यह प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी मांग की कि 1990 में उन लोगों को घाटी से बाहर करने के पीछे जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के लिए एक नरसंहार आयोग का गठन किया जाए। होलोकास्ट डे पर जम्मू शहर के विभिन्न हिस्सों में विस्थापित समुदाय के लोगों ने इस प्रदर्शन समेत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। गांधीनगर में यूएनएमओजी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित एकत्रित हुए, धरने पर बैठे तथा न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की।

## रेलवे रिश्वत मामला

# सीबीआई ने दक्षिण दिल्ली के होटल से 2.04 करोड़ नकद बरामद किए

भाषा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्व फ्रंटियर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देने के मामले में आरोपी एबीसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा दक्षिण दिल्ली के एक होटल में छुपाकर रखी गई 2.04 करोड़ रुपए की नकदी सीबीआई ने जब्त की है। एजेंसी के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने एक करोड़ रुपए की रिश्वतखोरी के मामले में उत्तर पूर्व फ्रंटियर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एम. एस. चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि अभी तक करीब 4.43 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। केन्द्रीय एजेंसी के प्रवक्ता आर. सी. जोशी ने एक बयान में कहा, नई दिल्ली की कैलाश कालोनी स्थित एक निजी फर्म (कथित रूप से रिश्वतखोरी मामले में संलिप्त) के परिसर की गहन तलाशी के दौरान पता चला कि वहां से कुछ चीजों को हटाकर दिल्ली में अन्य जगहों पर छुपाया गया है। उन्होंने कहा, गहन तलाशी के बाद उस जगह से करीब 2.04 करोड़ रुपए और अन्य सामग्री आगे की जांच के लिए जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि उससे पहले दिल्ली, उत्तराखंड, असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में अलग-अलग 26 जगहों की तलाशी के दौरान करीब 2.39 करोड़ रुपए बरामद हुए थे।

बयान के अनुसार, इसमें एक करोड़ रुपए की कथित रिश्वत भी शामिल है। बताया जाता है कि रिश्वतखोरी के मामले में रंगे हाथों पकड़ी गई यह सबसे बड़ी रकम है। उसमें कहा गया है, इसके अलावा आरोपी के परिसर से आभूषण और संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। अभी तक करीब 4.43 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं।

# एनआईटी, केंद्र पोषित तकनीकी संस्थानों के दाखिला मानदंड में छूट

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईटी और केंद्र पोषित तकनीकी संस्थानों में दाखिले के मानदंड में मंगलवार को छूट देने की घोषणा की और इसके तहत कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक की अर्हता को हटा दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्वीट किया कि आईआईटी जेईई (एडवांस) और पिछले वर्ष के अकादमिक वर्ष में किए गए निर्णय के अनुरूप अगले शैक्षणिक सत्र 2021-22 में एनआईटी, आईआईआईटी, स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) एवं अन्य केंद्र पोषित तकनीकी संस्थानों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत अंक के अर्हता मनदंड को हटाने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर एनआईटी में और केंद्र से वित्त पोषित अन्य तकनीकी संस्थानों में दाखिले के लिए अर्हता में पिछले वर्ष छूट देने की घोषणा की गई थी।

# पेज 1 का शेष

## निर्माताओं ने...

की शिकायत हुई हो तो उन्हें कोविशील्ड की अगली खुराक नहीं लेनी चाहिए। सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा कि कोविशील्ड के निर्माण में एल-हिस्टीडाइन, एल-हिस्टीडाइन हाइड्रोक्लोराइड मोनोहाइड्रेट, मैग्नेशियम क्लोराइड हेक्साहाइड्रेट, पॉलीसॉरबेट 80, इथेनॉल, सुक्रोज, सोडियम क्लोराइड, डाइसोडियम इडेटेट डाइहाइड्रेट (ईडीटीए), पानी की मात्रा का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर फैक्ट शीट जारी कर टीका लेने वालों को कोविशील्ड की जोखिम और फायदों से अवगत कराने का प्रयास किया है। टीका निर्माता ने यह भी कहा कि लोगों को टीका लेने से पहले अपनी स्वास्थ्य की सभी स्थितियों से डॉक्टरों को अवगत कराना चाहिए। कंपनी ने कहा कि कोविशील्ड टीका लेने से पहले लोगों को स्वास्थ्यसेवा प्रदाता को सभी चिकित्सीय स्थितियों के बारे में बताना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि क्या आपको किसी भी दवा, खाद्य सामग्री, किसी भी टीका या कोविशील्ड में प्रयुक्त किसी भी घटक से कभी किसी तरह की कोई एलर्जी की शिकायत तो नहीं हुई थी। सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा कि अगर किसी को बुखार है, अत्यधिक रक्तस्राव या खून से संबंधित कोई बीमारी है या उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है अथवा वे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोई दवा लेते हैं तो वे टीका लेने से पहले डॉक्टर को इस बारे में जरूर बताएं। फैक्ट शीट में कहा गया है कि अगर कोई महिला गर्भवती है या भविष्य में गर्भधारण करना चाहती है अथवा स्तनपान कराती है तो उन्हें भी टीका लेने से पहले डॉक्टर को इस बारे में बताना चाहिए। सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा कि टीका लेने वालों को यह भी बताना चाहिए कि क्या उन्होंने कोविड-19 का कोई और टीका तो नहीं लिया है।

## सरकार ने...

सुरक्षित हैं। पॉल ने कहा कि यह निराशाजनक है कि कुछ डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मी टीका लेने से इनकार कर रहे हैं और उन्होंने लोगों से टीके की खुराक लेने का अनुरोध किया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक टीकाकरण के बाद प्रतिकूल असर (एईएफआई) के अब तक केवल 0.18 प्रतिशत मामले आए हैं और केवल 0.002 प्रतिशत लोगों को ही अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जो कि निम्न स्तर है। जहां तक हमें पता है पहले तीन दिनों में प्रतिकूल असर का यह सबसे कम मामला है। उन्होंने कहा कि भारत में पहले दिन कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत सबसे अधिक लोगों को टीके दिए गए। भूषण ने कहा कि पहले दिन भारत में 2,07,229 लोगों को टीके दिए गए जबकि अमेरिका में पहले दिन 79,458 लोगों का टीकाकरण हुआ। ब्रिटेन में पहले दिन 19,700 और फ्रांस में केवल 73 लोगों को टीके दिए गए। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यहां यह है कि अगर हम पहले सप्ताह के आंकड़ों पर गौर करें तो अमेरिका में 5,56,208 लोगों का टीकाकरण हुआ जो कि हम तीन दिनों में ही पार कर गए। ब्रिटेन में पहले सात दिनों में 1,37,897 लोगों को टीके दिए गए, फ्रांस में पहले सप्ताह में 516 लोगों और रूस में 52,000 लोगों का टीकाकरण हुआ। इसलिए आप तुलना कर सकते हैं और हमने तो शुरुआत ही की है, जिसमें और रफ्तार आएगी। पॉल ने कहा कि कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण के बाद दुष्प्रभाव और गंभीर समस्या अब तक नहीं देखने को मिली है। प्रतिकूल असर के नगण्य मामले आए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि स्थिति बिल्कुल ठीक है। उन्होंने कहा कि हम आपको फिर से आश्वस्त करना चाहेंगे कि ये दोनों टीके सुरक्षित हैं। ये दोनों टीके असरदार हैं। भूषण ने कहा कि राजस्थान और उत्तरप्रदेश समेत नौ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने 70 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण किया है। उन्होंने कहा, कोविड-19 टीकाकरण कवरेज में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लक्षद्वीप (89.3 प्रतिशत), सिक्किम (85.7 प्रतिशत), ओडिशा (82.6 प्रतिशत), तेलंगाना (81.1 प्रतिशत), उत्तरप्रदेश (71.4 प्रतिशत), राजस्थान (71.3 प्रतिशत) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कुल उपचाराधीन मरीजों में 72 प्रतिशत केरल, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के हैं।

## भारत छह...

होगा। गौरतलब है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े दवा उत्पादक देशों में से एक है और कोरोना वायरस का टीका खरीदने के लिए काफी देशों ने सम्पर्क किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत आगामी हफ्ते, महीने में चरणबद्ध तरीके से सहयोगी देशों को कोविड-19 टीकों की आपूर्ति करेगा। मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत इस संबंध में श्रीलंका, अफगानिस्तान और मारिशस से टीके की आपूर्ति के लिए जरूरी नियामक मंजूरी की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत को महत्वपूर्ण सहयोगी देशों और पड़ोसियों से भारत निर्मित टीके की आपूर्ति के लिए कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं। मंत्रालय ने कहा, इन अनुरोधों की प्रतिक्रिया और कोविड महामारी के खिलाफ मानवता की लड़ाई में सभी की मदद और भारत के टीके के उत्पादन एवं आपूर्ति की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 20 जनवरी से भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा, सेशेल्स को आपूर्ति शुरू की जाएगी। बयान के अनुसार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, मॉरीशस के संबंध में जरूरी नियामकीय मंजूरी का इंतजार है। गौरतलब है कि भारत ने देशभर में अग्रिम मोर्चे पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को दो टीके कोविशील्ड और कोवैक्सीन लगाने के लिए व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया है। आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनिका कोविशील्ड टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट कर रहा है जबकि कोवैक्सीन का उत्पादन भारत बायोटेक कर रहा है। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया, भारत ने मानवता के लिए टीका देने की प्रतिबद्धता पूरी की है। हमारे पड़ोसी देशों को 20 जनवरी से टीके की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। कोविड की चुनौतियों से निपटने के लिए फार्मेसी की आपूर्ति होगी। समझा जाता है कि पाकिस्तान ने अभी तक इसके लिए भारत से सम्पर्क नहीं किया है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने कहा कि टीके की आपूर्ति से पहले 19-20 जनवरी को प्रशासनिक एवं परिचालन संबंधी आयामों को शामिल करते हुए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो प्राप्तकर्ता देशों के टीकाकरण प्रबंधकों, कोल्ड चेन अधिकारियों, संवाद अधिकारियों, डाटा प्रबंधकों के लिए होगा।

## बर्ड फ्लू...

जांच में उसके भी बर्ड फ्लू से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई है। दिल्ली सरकार ने बर्ड फ्लू के मद्देनजर शहर के बाहर से आने वाले प्रसंस्कृत और डिब्बाबंद चिकन की बिक्री पर रोक लगा दी थी और पूर्वी दिल्ली में स्थित गाजीपुर मुर्गा मंडी को बंद करने का आदेश दिया था। बहरहाल, बृहस्पतिवार को गाजीपुर से लिए गए सभी 100 नमूनों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद मंडी को फिर से खोल दिया गया।

## ट्रक ने...

ड्राइवर और वाहन का सहचालक भी दुर्घटना में घायल हो गया और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूरत की पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऊषा राडा ने बताया कि ट्रक ने तड़के किम-मांडवी रोड के किनारे सो रहे मजदूरों को कुचल दिया। एसपी ने बताया, ट्रक किम से मांडवी जा रहा था। दूसरी ओर से आ रहे गन्ने से लदे एक ट्रैक्टर से टक्कर के बाद ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। उन्होंने बताया, दुर्घटना में ट्रक के आगे की खिड़की का शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया जिससे ड्राइवर देख नहीं पाया। टक्कर के कारण ट्रक सड़क के दूसरी ओर पहुंच गया और सड़क किनारे सो रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल हुए तीन लोगों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान राहुल महिदा (19), मनीषा महिदा (19), वनिता महिदा (17), संगीता वसुनिया (27), चम्पा पंडा (16), नरेश पंडा (25), रजीला महिदा (25), विकेश महिदा (27), शाकन वसुनिया (21), मुकेश महिदा (25), लीला महिदा (22), अनिता महिदा (40), दिलीप वसुनिया (20), शोभा वसुनिया (23) और एक साल की बच्ची तेजल महिदा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में सिर्फ राहुल महिदा मध्यप्रदेश का रहने वाला था जबकि अन्य सभी राजस्थान के रहने वाले थे। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक ट्वीट में कहा गया, सूरत में ट्रक हादसे में हुई मौतें दुखद हैं। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने भी मृतकों के परिजन के लिए दो-दो लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।

## सरकार ने...

में प्रस्तावित बदलावों में इसके उपयोगकर्ताओं को इससे बाहर रहने का विकल्प नहीं दिया गया है। यह भारतीय नागरिकों की स्वायत्तता और उनकी पसंद के संबंध में गंभीर चिंताएं पैदा करता है। मंत्रालय ने व्हाट्सऐप को प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने तथा सूचना की गोपनीयता, पसंद की स्वतंत्रता व डेटा सुरक्षा पर रवैए पर पुन: विचार करने को कहा। अपनी नई प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर हुई आलोचनाओं के बाद व्हाट्सऐप ने 16 जनवरी को इसे टाल दिया था। मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों का पूरी तरह से सम्मान होना चाहिए और 'व्हाट्सऐप में सेवा शर्तों और निजता नीति में एकतरफा बदलाव अस्वीकार्य होगा।' पत्र में कहा गया है कि भारत में 40 करोड़ व्हाट्सऐप यूजर है और बदलाव का देश के नागरिकों पर अनुचित प्रभाव पड़ेगा। पत्र में कहा गया है कि व्हाट्सऐप भारत में दी जा रही सेवाओं, डाटा जुटाने की श्रेणियां तथा अनुमति और सहमति के बारे में ब्योरा दे। साथ ही व्हाट्सऐप से यह भी बताने को कहा गया है कि क्या वह भारतीय यूजर का उसके इस्तेमाल के आधार पर प्रोफाइलिंग कर रहा है और यह भी बताए कि भारत और अन्य देशों के लिए उसकी प्राइवेसी पॉलिसी में क्या अंतर है। व्हाट्सऐप से यह भी कहा गया है कि वह डाटा और सूचना सुरक्षा, प्राइवेसी और इनक्रिप्शन पर अपनी नीति बताए। साथ ही कहा गया कि अन्य ऐप पर डाया शेयरिंग का ब्योरा दे तथा यदि वह यूजर के मोबाइल में चल रहे अन्य ऐप के बारे में जानकारी जुटाता है तो उसके बारे में भी जानकारी दे। स्थायी संसदीय समिति 21 जनवरी को सोशल मीडिया के दुरुपयोग के मुद्दे पर फेसबुक और ट्विटर के अधिकारियों को तलब किया है।

## एस-400...

अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ पांच अरब डॉलर में एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच इकाई खरीदने का करार किया था। भारत ने यह करार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाने की धमकी के बावजूद किया था। भारत ने इस मिसाइल प्रणाली को खरीदने के लिए वर्ष 2019 में 80 करोड़ डॉलर की पहली किस्त का भुगतान किया था। एस-400 रूस की सबसे आधुनिक लंबी दूरी की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। हाल में अमेरिका ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के खिलाफ तुर्की पर प्रतिबंध लगाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 भारतीय सैनिक इस महीने एस-400 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रूस रवाना होंगे। रूसी दूतावास द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक कुदाशेव ने कहा कि सैन्य सहयोग दोनों देशों के विशेष एवं गौरवान्वित करने वाले रणनीतिक संबंधों का मुख्य आधार हैं और भारत और रूस की दोस्ती क्षेत्र एवं दुनिया में स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह हमारे आपसी विश्वास पर आधारित है और यह भावना हमारी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं में झलकती है और हमारे विचार अंतरराष्ट्रीय कानून एवं संयुक्त चार्टर के तहत समानता पर आधारित है। राजदूत ने कहा, दो ध्रुवीय दुनिया से बाहर निकलने और सफलतापूर्वक मौजूदा बहुकेंद्रीय क्रम में कार्य के दौरान हमारी साझेदारी और मजबूत हुई है। रूस द्वारा इस साल के उत्तरार्ध में एस-400 की आपूर्ति शुरू करने की उम्मीद है। कुदाशेव ने कहा कि एस-400 योजना के साथ-साथ दोनों पक्ष एके-203 कलाशनिकोव करार, केए-226 हेलीकॉप्टर कार्यक्रम को भी सफलतापूर्वक लागू करने पर आगे बढ़ रहे हैं, इसके साथ ही सुखोई-30 एमकेआई सहित लड़ाकू विमान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष कई परियोजनाओं जैसे युद्धक टैंक (टी-90),फ्रिगेट, पनडुब्बी और मिसाइल और संयुक्त उत्पादन यूनिक ब्रह्मोस के मामले में आगे बढ़ रहे हैं। रूस के राजदूत ने कहा, हम संयुक्त रूप से पुर्जा निर्माण करार को लागू करने की दिशा में काम कर रहे हैं जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के अनुरूप है। हम आपसी रणनीति सहयोग समझौते, हिंद महासागर सहित समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी में बेंगलुरु में होने वाले एयरो-इंडिया प्रदर्शनी में रूस की इच्छा सबसे बड़े प्रदर्शकों में शामिल होने की है। राजदूत ने कहा, हमारी योजना एसयू-57, एसयू-35 और मिग-34 लड़ाकू विमान प्रदर्शित करने की है। इनके अलावा केए-52, केए-226, एमआई-17बी-5,एमआई-26 हेलीकॉप्टर, एस-400 प्रणाली और अन्य उपकरणों भी प्रदर्शित करने की योजना है।

## कंगारुओं के...

है जबकि भारत ने पहला टेस्ट गंवाने के बाद श्रृंखला जीती। भारत ने अपना तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया। इस जीत में भारतीय गेंदबाजों का योगदान भी अहम रहा। चोटी के गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण भारत के अनुभवहीन आक्रमण ने मैच में 20 विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को 369 और 294 रन ही बनाने दिए। भारत ने पहली पारी में 336 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया ने नई गेंद से पुजारा और मयंक अग्रवाल (नौ) के विकेट लिए लेकिन पंत ने दूसरे छोर से रन बनाने जारी रखे और वाशिंगटन सुंदर (22) ने उनका पूरा साथ दिया। आस्ट्रेलियाई खेमे में हताशा साफ नजर आ रही थी। सुंदर ने कमिन्स की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर माहौल बदला जबकि पंत ने लियोन पर लगातार दो चौके लगाए। पंत के साथ छठे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर सुंदर लियोन की गेंद पर बोल्ड हो गए। पहली पारी में 67 रन बनाने वाल शार्दुल ठाकुर ने आसान कैच दे दिया लेकिन पंत डिगे नहीं। उनका हर शॉट भारतीयों में जोश और आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों में निराशा भर देता। उन्होंने आखिर में जोश हेजलवुड पर विजई चौका लगाया। पंत की 138 गेंदों की पारी में नौ चौके और एक छक्का शामिल हैं। भारत आखिरी दिन अगर रिकार्ड 325 रन बनाकर जीत दर्ज कर पाया तो इसका पूरा श्रेय गिल और पंत को जाता है। रोहित शर्मा (सात) के सुबह जल्दी आउट होने के बावजूद गिल ने मजबूत इरादों के साथ बल्लेबाजी की।

## विरोधी खिलाड़ी को मारने पर मेस्सी दो मैचों के लिए निलंबित

**बार्सीलोना।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने स्पेनिश सुपर कप फाइनल में विरोधी खिलाड़ी को हाथ से मारने के लिए बार्सीलोना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी पर दो मैचों का निलंबन लगा दिया है। टीम की 3-2 से हार के बाद मेस्सी ने एटलेटिको बिलबाओ के एक खिलाड़ी के सिर पर हाथ से प्रहार किया। दोनो बॉक्स की तरफ दौड़ रहे थे। वह खिलाड़ी मैदान पर गिर गया और मेस्सी को लालकार्ड दिखाया गया। मेस्सी पर 12 मैचों का प्रतिबंध भी लग सकता था लेकिन महासंघ की प्रतिस्पर्धा समिति ने ही ही मैचों का निलंबन लगाया।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए पहुंचे दो खिलाड़ी कोविड–19 पॉजिटिव

**मेलबर्न।** साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए यहां पहुंचे दल में कोरोना वायरस से संक्रमण के तीन नए मामले मिले है जिसमें दो खिलाड़ी भी शामिल है। विक्टोरिया की राज्य सरकार ने मंगलवार को तीन नए मामलो की जानकारी दी जिसमें पहली बार दो खिलाड़ियों के संक्रमित होने के बारे में पता चला।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 4–2 से हराया

**सैंटियागो (चिली)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आखिरी नौ मिनट में तीन गोल कर यहां चिली को 4-2 से शिकस्त दी। भारत की जीत में गगनदीप (51वें और 59वें मिनट) के दो गोल के अलावा मुमताज (2वें मिनट) और संगीता कुमारी (53वें मिनट) का योगदान रहा। चिली के लिए अमेंडा मार्टिनेज (चौथे मिनट) डोमिंगा लुईसें (41वें मिनट) ने भी एक-एक गोल किया।

## ऑबमेयांग ने दिलाई आर्सनल को शानदार जीत

**लंदन।** आर्सनल के कप्तान पियरे एमरिक ऑबमेयांग ने इंग्लिश प्रिमियर लीग (ईपीएल) में एक महीने से भी अधिक समय बाद गोल दागा जिससे उनकी टीम न्यूकास्टल के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने में सफल रही। ऑबमेयांग ने 16 दिसंबर के बाद लीग में कोई गोल नहीं किया था लेकिन न्यूकास्टल के खिलाफ उन्होंने दो गोल दागे। पहला हाफ गोलरहित छूटने के बाद ऑबमेयांग ने 50वें मिनट में पहला गोल किया।

# युवा जोश ने उड़ाए कंगारुओं के होश

## भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंचा



भाषा। दुबई

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा के मैदान पर चौथे टेस्ट में तीन विकेट की रोमांचक जीत के साथ श्रृंखला को 2–1 से अपने नाम करने वाली भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस जीत के साथ भारतीय टीम के नाम 430 अंक हो गए है जो न्यूजीलैंड (420) और ऑस्ट्रेलिया (332) से अधिक है। आईसीसी ने ट्वीट किया, गाबा में कड़े मुकाबले में मिली जीत के बाद, भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर खिसक गया। भारत ने डब्ल्यूटीसी शुरू होने के बाद पांच श्रृंखला में 13 मैच खेले हैं। इसमें टीम ने कुल अंकों में से 71.1 प्रतिशत अंक हासिल किए है। भारत ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला के बाद इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। न्यूजीलैंड 118.44 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर है। भारत (117.65) और ऑस्ट्रेलिया (113) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### रहाणे ने कप्तानी पर कहा, सबके योगदान के कारण सफल रहा

**ब्रिसबेन।** विषम परिस्थितियों में विदेशी सरजमीं पर भारत को टेस्ट श्रृंखला की सबसे यादगार जीत दिलाने वाले अजिंक्य रहाणे ने कहा किसभी खिलाड़ियों केयोगदान के कारण वह कप्तान के तौर पर सफल रहे। मैच के बाद उन्होंने कहा, देश का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। यह मेरे बारे में नहीं, बल्कि टीम के बारे में था। मैं सफल रहा क्योंकि सभी ने योगदान दिया।

### मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा पल : पंत

**ब्रिसबेन।** भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषभ पंत ने इस ऐतिहासिक जीत को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा पल करार दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा क्षण है और मुझे खुशी है कि जब मैं नहीं खेल रहा था तब भी सहयोगी स्टाफ और मेरे साथियों ने मेरा समर्थन किया।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी** : 369 रन,**भारत पहली पारी** : 336 रन, आस्ट्रेलिया दूसरी पारी : 294 रन, **भारत दूसरी पारी**:रोहित का पेन बो कमिंस 07, गिल का स्मिथ बो लियोन 91, पुजारा पगबाधा कमिंस 56, रहाणे का पेन बो कमिंस 24, पंत नाबाद 89,मयंक का वेड बो कमिंस 09, सुंदर बो लियोन 22,ठाकुर का लियोन बो हेजलवुड 02, नवदीप सैनी नाबाद 00, **अतिरिक्त**: 29, **कुल योग**: 97 ओवर मे सात विकेट पर : 329 रन,**विकेट पतन**: I-18 , 2-132, 3-167 , 4-228, 5-265, 6-318, 7-325,**गेंदबाजी**: स्टार्क 16-0-75-0, हेजलवुड 22-5-74-I, कमिंस 24-10-55-4,ग्रीन 3-I-10-0,लियोन 31-7-85-02,लाबुशेन I-0-4-0,

### पांच करोड़ रुपए बोनस देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में 2-I से जीत के साथ बोर्डर-गावस्कर ट्राफी बरकरार रखने के लिए पांच करोड़ रुपए बोनस देने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा , इस श्रृंखला ने दृढता , प्रतिबद्धता और जुझारूपन की बानगी पेश की। बोर्ड टीम के प्रयासों की सराहना करता है।

## खड़ूस माने जाने वाले शास्त्री की आंखें भी जीत के बाद भर आई



**ब्रिसबेन।** मुंबई की भाषा में उन्हें खड़ूस कहा जाता है यानी वह आम तौर पर अपने जज्बात जाहिर नहीं करते लेकिन भारत की युवा टीम की ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद रवि शास्त्री भी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके। भारत की अंडर 25 टीम के 22 वर्षीय कप्तान के रूप में 1984 में शास्त्री ने टीम मैनेजर थे मोहम्मद अजहरूद्दीन थे उनके दादा की सेहत नासाज होने के बारे में बताने नहीं दिया था क्योंकि अजहर उस समय भारतीय टीम के जगह बनाने की दहलीज पर थे और शास्त्री नहीं चाहते थे कि मैच छोड़कर वह मौका गंवाए। वही शास्त्री गाबा का किला फतह होने के बाद हाथ में तिरंगा लेकर मैदान का चक्कर लगाते ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को देखकर भावुक हो गए। मैं भावुक हो गया। आम तौर पर मेरी आंख में आंसू नहीं आते लेकिन मैं भी भावुक हो गया। मेरी आंखें भर आई क्योंकि यह अवास्तविक था। इन लड़कों ने जो किया, वह इतिहास में सबसे शानदार जीत में से एक के रूप में दर्ज हो जाएगा।

### इससे बढ़कर कुछ नहीं , 36 रन पर सिमटने के बाद यह जीत अवास्तविक

**ब्रिसबेन।** भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने फिटनेस समस्याओं से जूझ रही अपनी टीम की ऑस्ट्रेलिया पर टेस्ट श्रृंखला में जीत पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर सिमटने के बाद यह अवास्तविकलगता है। शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे को अपना अब तक का सबसे कठिन दौरा बताया। उन्होंने कहा , यह सबसे कठिन दौरा था। इससे बढ़कर कुछ नहीं। 36 रन पर आउट होने के बाद यह अवास्तविक लगता है।

## पंत ने तोड़ा धोनी का रिकार्ड

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में भारत की जीत के नायकों में रह ऋषभ पंत ने महेंद्र सिंह धोनी का रिकार्ड तोड़ दिया और वह सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। पंत ने यह आंकड़ा 27वीं पारी में छुआ जबकि धोनी ने 32 टेस्ट पारियों में 1000 रन पूरे किए थे। पंत ने चौथे टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन यह रन पूरे किए। वह 89 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के खिलाफ 2018 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पंत इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया में शतक जमाने वाले भारत के अकेले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। पिछली बार 2018–19 के आस्ट्रेलिया दौरे पर भी उन्होंने सिडनी में नाबाद 159 रन बनाए थे जो उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है।

**UNIVERSAL SOMPO GENERAL INSURANCE CO. LTD.**
**PUBLIC NOTICE**
**SHIFTING OF FARIDABAD BRANCH OFFICE**
All our Customers, Constituents and Members of Public are here by informed that our Faridabad Branch office will be shifted on 25/03/2021 to new premises at:
Anupam Tower, 1st Floor, Unit Number: SCF 34, Sector-19, Part-2 Market, Faridabad - 121008
**Head Administration**

## सिंधू व श्रीकांत की प्रभावी शुरूआत

भाषा। बैंकॉक

### थाईलैंड ओपन समीर ने किया उलटफेर

भारत के चोटी के खिलाड़ियों पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत ने टोयोटा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां पहले दौर में सीधे गेम में जीत दर्ज की जबकि समीर वर्मा ने दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी ली जि जिया को हराकर उलटफेर कर दिया। एक सप्ताह पहले एशियाई चरण की पहली प्रतियोगिता में डेनमार्क की मिया ब्लिचफील्ड से पहले दौर में हारने के बाद विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे टूर्नामेंट के शुरू में विश्व में 12वें नंबर की थाई खिलाड़ी बुसानन ओंगबमरंगफान को महिला एकल मैच में 21–17, 21–13 से हराया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, यह अच्छा मैच था और मैं बहुत खुश हूं। यह जीत मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी



क्योंकि पिछले सप्ताह के टूर्नामेंट में मैं पहले दौर में हार गई थी। इस जीत से सिंधू का बुसानन के खिलाफ रिकार्ड 11–1 हो गया है।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Krishna Dhingra is owner of Entire Ground Floor without terrace rights, measuring 231 sq. yds., (adjoining with Property bearing No. G-10), out of Freehold Property bearing No. G-11, measuring 455 sq. yds., in Block-G, situated at Kirti Nagar, New Delhi. Vide a Relinquishment deed dated 12.09.2018, Registration No. 10674, has lost / misplaced SMC certificate stating legal heirs of late. Mr. Harbans Lal Dhingra, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## कोहली, हार्दिक और ईशांत की वापसी

भाषा। नई दिल्ली

### इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए टीम का ऐलान

आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के शिल्पकारों में शामिल तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई है जबकि नियमित कप्तान विराट कोहली, तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी हुई है। सुंदर और सिराज ने आस्ट्रेलिया दौरे पर ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। सिराज ने भारत के लिए सर्वाधिक 13 विकेट लिए जबकि सुंदर ने गेंद और बल्ले दोनों से अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। सीनियर चयन समिति की मंगलवार को हुई बैठक में टीम का चयन किया गया। आस्ट्रेलिया में पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौटे नियमित कप्तान विराट कोहली की वापसी हुई है जबकि अजिंक्य रहाणे उपकप्तान होंगे। पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण आखिरी टेस्ट नहीं खेल रहे बुमराह टीम में लौटे हैं। वहीं चोट के कारण आस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहे तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की भी टीम में वापसी हुई है। हार्दिक पंड्या को भी टीम में जगह मिली है। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज टी नटराजन को जगह नहीं दी गई है जबकि अक्षर पटेल को चुना गया है। पटेल ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है जो जडेजा का विकल्प हो सकते हैं

### पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त पुरुष जिसकी उम्र लगभग 47–48 वर्ष थी, उक्त पुरुष रात 10:27 बजे ई–पोल नंबर 25/14, 25/16, डाउन मुख्य रेलवे लाइन, फाटक नंबर 16 के पास, बवाना, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सिल सिले में **डी डी नं: 20ए दिनांक 18.01.2021 पुलिस थाना सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:



**लिंग:** पुरुष, **उम्र:** लगभग 47–48 वर्ष, **कद:** 5'3", **रंग:** गेहुआँ, **चेहरा:** लम्बा, **शारीरिक गठन:** पतला, **पहचान:** गंजा, **पहनावा:** ग्रे रंग की पूरी आस्तीन वाली टी–शर्ट, खाकी रंग की पैंट, काले रंग का जांघिया और नीले रंग की चप्पल पहने हुए थे।
इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन, दिल्ली मे दर्ज को सूचित करे।
**ई–मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/47/RLY/2021**
थाना प्रभारी
पुलिस थाना, सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन न.: 011-23692455

### पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा जिसका **नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम,** जो सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली के नये आपातकालीन भवन के बी 1 एक्सलेटर के समीप एक बैग में लावारिस हालत में मिला है। इस संदर्भ में **FIR No. 3/2021 U/s 317 IPC dated 08.01.2021** थाना सफदरजंग एंक्लेव, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्र:** लगभग 8 दिन, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 2.5 फुट, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** नीले व गुलाबी रंग का ऊनी टोपा, आसमानी नीले रंग की टी–शर्ट, नीले–स्लेटी रंग का स्वेटर पहन रखा हैं। बच्चे को सफरदरजंग अस्पताल, दिल्ली में ईलाज के लिए भर्ती किया गया है। यूआईपीएफ के संबंध में कार्यवाही का पालन किया गया। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस बच्चे के परिवार का कोई पता नहीं चल पाया है। किसी व्यक्ति के पास इस बच्चे के परिवार के बारे में कोई जानकारी हो तो कृप्या निम्नलिखित पर सूचित करें।
वेबसाइट: **http//cbi.nic.in**
ई–मेल - **cic@cbi.gov.i**
फोन: **011-24368638, 2**
फैक्स नं **011-24368639**
**DP/469/SW/2021**
थानाध्यक्ष
थाना: सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली
फोन नं. 011-24106345, 7065036231

### गुमशुदा/अपहत महिला की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नाम:** तैजा (अपने बेटे रौशन के साथ, उम्र: 4.5 साल), **पत्नी:** गोपाल तमंग, **पता:** एन–2, पंजाबी बस्ती, मंजनू का टीला, दिल्ली **उम्र:** 35 साल, **कद:** 4 फीट 10 इंच, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मोटा, **पहनावा:** नीले रंग की नीले रंग की जीन्स, चेकदार शर्ट, काले रंग की जैकेट और पौरों नीले रंग के सैंडल पहने हुए है, जो दिनांक 01.01.2021 को सुबह 04:00 बजे अपने घर से लापता/अपहृत हो गये है।
इस संदर्भ में DD No. 25A, दिनांक 03.01.2021, थाना सिविल लाईन्स, दिल्ली में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी
थाना सिविल लाईन्स, दिल्ली
फोन: 011-23810633, 23815444
DP/860/N/2021(Missing).

# शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर लगा ब्रेक

## तेजड़िया लिवाली से सेंसेक्स 834 अंक उछला

भाषा। मुंबई







वैश्विक बाजारों की तेजी का असर घरेलू बाजारों में भी देखा गया। इसके चलते शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट का रुख मंगलवार को पलट गया। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) में ताजा लिवाली से संवेदी सूचकांक 834 अंक उछलकर 49,400 अंक के करीब पहुंच गया। अमेरिका और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में नया प्रोत्साहन पैकेज मिलने की उम्मीद बढ़ने से निवेशकों में विश्वास जगा है जिससे वैश्विक बाजारों में लिवाली बढ़ी है। कारोबार की समाप्ति पर सेंसेक्स 834.02 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 49,398.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 25 सितंबर 2020 के बाद एक दिन की यह सबसे बड़ी बढ़त है। उस दिन सेंसेक्स में 835 अंक का उछाल दर्ज किया गया था। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 239.85 अंक यानी 1.68 प्रतिशत बढ़कर 14,521.15 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व सबसे अधिक 6.77 प्रतिशत चढ़ गया। इसके साथ ही बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, लार्सन एण्ड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा और एनटीपीसी के शेयरों में भी वृद्धि रही। एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक का सेंसेक्स की वृद्धि में करीब करीब आधे का योगदान रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में केवल तीन --टेक महिन्द्रा, आईटीसी और महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा– में ही 0.54 प्रतिशत तक गिरावट रही। रिलायंस सिक्युरिटीज के रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी के अनुसार पिछले दो कारोबारी सत्रों में जबर्दस्त गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मुख्य तौर पर वैश्विक बाजारों से बेहतर संकेत मिलने का असर रहा। उन्होंने कहा, जेनेट एलेन की ओर से अर्थव्यवस्था को मजबूत समर्थन देने की संभावना जैसा सकारात्मक बयान दिए जाने से दुनियाभर में निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है।

**PUBLIC NOTICE**
OXIGEN WALLET HAS SURRENDERED IT'S PPI LICENSE CERTIFICATE OF AUTHORIZATION NO. 31/2010,GRANTED BY RBI, DEPT OF PAYMENTS AND SETTLEMENT SYSTEMS, MUMBAI, ON 18.01.2010 TO OXIGEN SERVICES INDIA PVT. LT, No new wallets can be created nor can any fresh wallet loading be made.Therefore as per RBI process Oxigen Wallet requests it's holders to reclaim/ refund or use their wallet balance using the following steps by 1st Feb 2021-
1. Use the app to transfer money from the PPI Wallet to their personal bank account. OR
2. Customer can send an e- mail to care@oxigenwallet.com with subject matter CLOSE WALLET,for the closure of wallet.Customers must attach with their email the following for verification of documents so a refund can be initiated to their bank account:
a. Bank Name, Your name-Beneficiary, Account number, IFSC code.
b. a self-attested copy of government ID proof such as PAN, Aadhar
Customers Kindly note: Refund of unused balances will be processed as per regulations, from the escrow bank in 10 working days from the date of approval of receipt of request and documentation verification. No new requests will be entertained post 1st Feb 2021The process of transfer and closure of wallet is listed on the website www.myoxigen.com/walletclosure
For Assistance:
Email care@oxigenwallet.com or
Contact Nodal Officer nodal@myoxigen.com, Mobile Number - +919811280815,
Mr Sudhanshu Mishra,
Address : Oxigen Services, 8th Floor, Magnum Towers, Golf Course Extension Road, Sector 58, Gurugram, 122018, Haryana

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that **Mrs. Shashi Rajput** W/o Mr. Vishal Rajput @ Vishal Rajpoot who is purchasing the **Built-up Third Floor (Back Side) without roof rights, area measuring 45 Sq. Yds., built on Property No.-RZ-57/H-7, out of total area measuring 125 Sq. Yds., out of Khasra No.496 & 497, situated at Tughlakabad Extension, New Delhi-110044** from **Mr. Shamshad Ahmad** S/o Haji Mohammad Akeel owner vide of Notarized General Power of Attorney dated 19.12.2000 executed by **Mr. Devender Singh** S/o Mr. Rajbir Singh **and Mr. Firoz Khan** S/o Mr. Mr. Saki Jaan, along with ATS, Will and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
**269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316**

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given by **Mr. Subhendu Saha** S/o Mr. Tarapada Saha who is the owner of **First Floor, North-West Side without its Roof/terrace Rights, Built-up property no.RZ-93/24, area measuring 44 Sq. Yards, out of Khasra no. 684/325, Situated in Revenue Estate of Village Nasirpur, Delhi State Delhi, Colony Known as West Sagarpur, New Delhi-110046** and further will be mortgaging the same against the financial Assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That the **Original Sale Deed dated 28/01/2020** executed by **Mr. Viman Dev Nath** S/o N.K. Dev Nath **& Mr. Deepak Talukdar** S/o Mr. Pobit Talukdar being General Attornies of Mr. Kapil Dev Sharma S/o of Mr. Ram Dayal Sharma in favour of **Mrs. Ruby Sharma** W/o Mr. Prem Sharma, registered as Document No.691, Book No. I, Volume No.10295, on pages 126-134, registered on 28.01.2020 with SR- IX-New Delhi have been lost/misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned at below address.
**Lucem Legal LLP**
**269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316**

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे बढ़कर 73.17 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी और अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के चलते रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की तेजी के साथ 73.17 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 73.16 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान 73.14 के ऊपरी स्तर तथा 73.31 के निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में रुपया 73.17 के भाव पर बंद हुआ।

THE PIONEER CLASSIFIEDS
**CHANGE OF NAME**
I, Poonam Sharma W/o Shri Raj Kumar Sharma R/o C-110, Bhagwan Nagar, Ashram, Delhi-110014, have changed my name from Poonam Devi to Poonam Sharma for all future purposes.
PD(8890)A

**ANGEL BROKING LIMITED.**
Regd. Off: G-1, Akruti Trade Centre, MIDC, Road No. 7, Andheri(E), Mumbai-93.
SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534
**PUBLIC NOTICE**

| Trade Name | AP Name | BSE Reg No. | NSE Reg No. | MCX Reg No. | NCDEX Reg No. | Regd Address of AP |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GARIMA NANDURI | GARIMA NANDURI | AP010612 0176979 | AP0397 184791 | | | Flat No 60 GG-3 Mig Vikaspurivikaspuri West Delhi DDA Mig Flats Delhi-110018,Delhi |
| BABITA RAINA | BABITA RAINA | | AP0397 149741 | | | 32-B Pocket-6 Mig Flats Mayur Vihar Phase-3 Vasundhra Enclav S.O Delhi-110096,Delhi |
| ARVIND KUMAR | ARVIND KUMAR | AP010612 0180352 | AP0397 196751 | | | Prop No.- F- 184, One BHK On Second Floor Khokhare Wali Gali, Lado Saraimehrauli, South Delhi Khokhare Wali Gali Delhi-110030,Delhi |
| ESHA UNIYAL | ESHA UNIYAL | AP010612 01111553 | AP0397 255231 | MCX/AP/ 134638 | | B2-5, Sri Agrasen Appartment Plot No. 10 Dwara Sector 7 Maxfort School Delhi-110075,Delhi |
| FAIZ MALIK | FAIZ MALIK | | AP0397 264351 | MCX/AP/ 136551 | | 4928,A-13 Gali No. 4, Masjid Ke Saamnegandhi Nagar,East Delhi Masjid Ke Saamne Delhi-110031,Delhi |
| GAUTAM JAIN | GAUTAM JAIN | AP010612 01107694 | AP0397 241851 | MCX/AP/ 129889 | 120714 | KDA Market, Shop No-3, First Floor, DDA Market Pitampura, KDA Market Delhi-110034,Delhi |
| KIRTI INVESTMENT SERVICES | KIRTI INVESTMENT SERVICES | AP010612 01103608 | AP0397 232572 | MCX/AP/ 127160 | | Flat No.I-1503,(15Th Floor) Bestech Park View Grand SPA sector-81 Bestech Park View Grand SPA Gurugram-122004, Haryana |
| ASHISH KUMAR | ASHISH KUMAR | | AP0397 265351 | | | Flat No UG C,Plot No 5,6,7 Sai Upwan Society,Yusufpur Chak Saberigautam Buddha Nagar Sai Upwan Society Gautam Buddha Nagar-201009,Uttar Pradesh |
| ADITYA RAJ | ADITYA RAJ | | AP0397 244861 | | | 219 Sector-3 Vasundhra Near Balaji Sweets Ghaziabad-201012,Uttar Pradesh |
| SHEKHAR TYAGI | SHEKHAR TYAGI | AP010612 01101738 | AP0397 230701 | | | House No - 3/127, Block-2, Rajendra Nagar, Sahibabad, Near Mother Dairy Ghaziabad-201005,Uttar Pradesh |
| NEHA SINGH | NEHA SINGH | AP010612 01104834 | AP0397 234291 | MCX/AP/ 127659 | | Roshani Bhawan Opp T R M Public School Bhagwan Ganj Mandi Modinagar Ghaziabad-201204,Uttar Pradesh |
| JAGDISH CHANDRA JOSHI | JAGDISH CHANDRA JOSHI | | AP0397 145511 | | | House No-B-1/88 Arawali Apartment Sector-34 Gautam Buddha Nagar Noida-201301,Uttar Pradesh |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals.
Clients are requested to contact our centralized desk **022-3355 1111/4218/5454 or email us to support@angelbroking.com.**
Date : 20.01.2021
Place : Delhi
For ANGEL BROKING LTD
Sd/-
Authorised Signatory

**PUBLIC NOTICE**
Mr Suresh Chander Chawla R/o flat No.162, Defence Apartments, Rohtak Road, New Delhi 110087 has intimated to society office that he purchased the above mentioned flat from Mr Jaswant Rai Setia on 14.12.89. Mr Setia was the registered and original member of society under membership No. 168 and was issued 21 Shares videshare Certificate No.18. Mr Chawla, the purchaser of this flat, never applied to society for transfer of membership in his favour and share certificate remained in the name of Mr Setia.
Mr Chawla has now reported to society that he was in possession of Original Share Certificate No.18 along with Registered sale agreement/ POA / Conveyance deeds and original Share Certificate No. 18 favouring Mr Setia has been lost from him and is not traceable. Mr Suresh Chander Chawla has requested since he is the rightful and legal owner of this flat by virtue of a legal sale agreement with due consideration, so the membership of this flat be transferred in his favour and submitted an application to issue Duplicate Share certificate.
Society hereby invites claim / objection from claimants/ objector or objectors for issuance of duplicate Share Certificate within a period of 21 (twenty one) days from the date of publication of this notice, with copies of such document and other proofs in support of their claims/ objections for issuance of duplicate Share Certificate to "The secretary, Defence Cooperative Group Housing Society Ltd (popularly known as Defence Apartments), Rohtak Road, New Delhi-110087".
If No objections/ claims are received within the period prescribed above, the society shall be free to issue duplicate Share Certificate in such manner as is provided under the bylaws of society.
For and on behalf of
Defence Cooperative Group Housing Society Ltd.
Registered Office: Plot No.9, Rohtak Road, Delhi - 110087.
Regd No. 375 GH
Date: 19.01.2021
Place: New Delhi
Sd/-
Secretary

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005
**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी**
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मोहम्मद अली हसन (कर्जदार), नरगिस परवीन (सह– कर्जदार) LBDEL00002378631 | फ्लैट नंबर 39, एलआईजी, चौथी मंजिल, ब्लॉक बी5, सेक्टर 34, पॉकेट 1, रोहीनी, नई दिल्ली 110085 क्षेत्र: 344 वर्ग फीट | रू. 14,08,834/- (जनवरी 05, 2021 तक) | रू. 9,52,000/- / रू. 95,200/- | फरवरी 10, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | फरवरी 19, 2021 को दो. 12:00 बजे स |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **फरवरी 18, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली– 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक– **फरवरी 18, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **फरवरी 18, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन. न. **8584874809/ 8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन. न. **9710029933/ 9810029926/01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।
तिथि : जनवरी 20, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# आगे कई चुनौतियां है, इनसे निपटना आसान नहीं होगा : कमला हैरिस



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका की** नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को माना कि 20 जनवरी को जो बाइडन के अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद सरकार के सामने आगे कई चुनौतियां होंगी और उन सबसे निपटना आसान नहीं होगा। बाइडन 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद व्हाइट हाउस में प्रवेश करेंगे।

उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कोविड-19 महामारी के कारण चरमरा रही अर्थव्यवस्था को दुरूस्त करने की होगी। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण देश में 3,98,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग आर्थिक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।मार्टिन लूथर किंग जूनियर की जयंती पर मनाए जाने वाले डे ऑफ सर्विस के मौके पर सोमवार को एनाकोस्टिया में गैर सरकारी संगठन मार्थाज टेबल में आयोजित कार्यक्रम में हैरिस ने पत्रकारों से कहा, हमें बहुत सारा काम करना है। इन चुनौतियों से निपटना इतना आसान नहीं होगा। हर साल जनवरी के तीसरे सोमवार को मार्टिन लूथर किंग जूनियर की जयंती आयोजित की जाती है। मार्टिन लूथर किंग ने 1950 और 60 के दशक में अश्वेतों के अधिकारों के लिए अहिंसक प्रदर्शन किए थे।हैरिस ने कहा, हमने पहले भी चर्चा की है। जो (बाइडन) ने टीकाकरण, कामकाजी लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए योजना बताई है। बहुत कुछ करना है। कुछ लोग कहते हैं कि हमारा महात्वाकांक्षी लक्ष्य है।

लेकिन हमारा मानना है कि कड़ी मेहनत और अमेरिकी संसद के सदस्यों की मदद से हम लोग इसे कर पाएंगे। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका की अगली उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने का इंतजार कर रही हूं। मैं फख्र के साथ सिर बुलंद कर वहां जाऊंगी और शपथ ग्रहण में हिस्सा लूंगी। कमला हैरिस और उनके पति डगलस एमहॉफ सोमवार को एनाकोस्टिया में मार्थाज टेबल के कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान दंपति ने लोगों के लिए खाद्य सामग्री पैक किया।हैरिस ने कहा, हमलोग यहां सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं की मदद के लिए आए हैं। डे ऑफ सर्विस के मौके पर यहां जैक एंड जिल से कई स्कूली छात्र आए हैं। इस दिन हम लोग डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को श्रद्धांजलि देते हैं और उनके योगदान को याद करते हैं। वर्ष 1994 में संसद ने मार्टिन लूथर किंग हॉलिडे को राष्ट्रीय सेवा दिवस के तौर पर मान्यता दी थी। वर्ष 2009 में तत्कालीन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ओबामा ने राष्ट्रीय सेवा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका के सभी लोगों से हिस्सा लेने का आह्वान किया था।हैरिस (56) बुधवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। वह पहली महिला, पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की पहली उपराष्ट्रपति होंगी।

## बाइडन प्रवासियों के लिए आठ साल की नागरिकता संबंधी विधेयक पेश करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन अपने प्रशासन के पहले दिन एक आव्रजन विधेयक पेश करने की योजना बना रहे है, जिसमें देश में कानूनी दर्जे के बिना रह रहे करीब एक करोड़ 10 लाख लोगों को आठ साल के लिए नागरिकता देने का प्रावधान होगा।यह आव्रजन विधेयक निवर्तमान ट्रंप प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीतियों के विपरीत होगा।विधेयक संबंधी जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि बाइडन के बुधवार को शपथ ग्रहण करने के बाद यह विधेयक पेश किया जा सकता है।राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के तौर पर बाइडन ने आव्रजन पर ट्रंप के कदमों को अमेरिकी मूल्यों पर कठोर हमला करार दिया था और कहा था कि वह इस नुकसान की भरपाई करेंगे।इस विधेयक के तहत एक जनवरी 2021 तक अमेरिका में किसी कानूनी दर्जे के बिना रह रहे लोगों की पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी और यदि वे कर जमा करते हैं और अन्य बुनियादी अनिवार्यताएं पूरी करते हैं, तो उनके लिए पांच साल के अस्थाई कानूनी दर्जे का मार्ग प्रशस्त होगा या उन्हें ग्रीन कार्ड मिल जाएगा। इसके बाद उन्हें तीन और साल के लिए नागरिकता मिल सकती है। कई मुस्लिम देशों से लोगों के आगमन पर रोक समेत आव्रजन संबंधी ट्रंप के कदमों को पलटने के लिए बाइडन द्वारा त्वरित कदम उठाए जाने की संभावना है।



वाशिंगटनः नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के 59वें शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर तैनात किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड

# ट्रंप ने यूरोप और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटाए

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश जारी करते हुए यूरापीय देशों और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटा दिए हैं।ट्रंप प्रशासन ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर यह प्रतिबंध लगाए थे। चीन और ईरान पर लगे ए प्रतिबंध अब भी लगे हैं। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश में कहा कि वह यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आयरलैंड गणराज्य और ब्राजील पर लागू प्रतिबंधों को हटा रहे हैं। वहीं चीन और ईरान पर प्रतिबंध जारी रहेंगे।उन्होंने कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र (सीडीसी) के 12 जनवरी को विदेश से आने वाले सभी यात्रियों के कोविड-19 ना होने की पुष्टि वाली रिपोर्ट या संक्रमण मुक्त होने के दस्तावेजों को पेश करने के निर्देश के बाद इस संबंध में निर्णय किया गया।ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आयरलैंड और ब्राजील 12 जनवरी 2021 को जारी किए गए सीडीसी के आदेश के क्रियान्वयन में सहयोग करेगा और यह सुनिश्चित करेंगे कि जांच रिपोर्ट सटीक हों। उन्होंने कहा कि चीन और ईरान के बारे में हालांकि यह नहीं कहा जा सकता।ट्रंप ने कहा, अपने क्षेत्रों में वैश्विक महामारी से निपटने के तरीके, पारदर्शिता की कमी और अभी तक वायरस के खिलाफ लड़ाई में उनका अमेरिका के साथ पूरी तरह से सहयोग ना करना, इस बात को लेकर संदेह उत्पन्न करता है कि वे सीडीसी के 12 जनवरी 2021 के आदेश के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

इस बीच, व्हाइट हाउस की नवनिर्वाचित जेन पाकी ने इस फैसले की आलोचना की है।उन्होंने ट्वीट किया, वैश्विक महामारी की स्थिति के बदतर होने और दुनिया भर में अधिक संक्रामक वेरिएंट सामने आने के कारण, यह अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध हटाने का समय नहीं है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने हालांकि कड़े यात्रा प्रतिबंध लागू करने के संकेत दिए हैं।पाकी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, चिकित्सक दल के सुझाव के अनुसार, प्रशासन का 26 जनवरी को यात्रा प्रतिबंध हटाने का कोई इरादा नहीं है। बल्कि, हम कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान जन स्वास्थ्य उपायों को और कड़ा करेंगे।

# ईरान की सेना ने ओमान की खाड़ी के तट पर युद्धाभ्यास शुरू किया

भाषा। तेहरान

**ईरान की** सेना ने मंगलवार को ओमान की खाड़ी के तट पर युद्धाभ्यास की शुरुआत की। यहां के सरकारी टीवी चैनल ने यह जानकारी दी। अमेरिका द्वारा परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ाए गए दबाव से बढ़े तनाव के बाद ईरान की ओर से किए जाने वाले सैन्य अभ्यास की यह नई श्रृंखला है।खबरों के मुताबिक कमांडो टुकड़ियां और विमानों से युद्ध के मैदान में उतारे जाने वाले जवान इस वार्षिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। इनके साथ ही लड़ाकू विमान, हेलीकॉटर, सैन्य मालवाहक विमान भी युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। पूरे युद्धाभ्यास की निगरानी ईरान की नेशनल आर्मी के प्रमुख अब्दुल रहीम मोसावी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के तौर पर निर्वाचित जो बाइडन पर परमाणु करार को लेकर दबाव बनाने की रणनीति के तहत ईरान ने सैन्य तैयारियों को तेज किया है। इस समझौते से अमेरिका को निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलग कर लिया था। बाइडन ने कहा कि अमेरिका, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए इस बहुपक्षीय समझौते में वापस आ सकता है। इससे पहले गत शनिवार को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवल्यूशनरी गार्ड ने और गत बृहस्पतिवार को नौसेना ने युद्धाभ्यास किया था।

# कैपिटल हमलाः दो और लोग गिरफ्तार गिटारवादक ने किया आत्मसमर्पण

एपी। डलासाइंडियानापोलिस (अमेरिका)

**एफबीआई ने** कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हुए हमले के मामले में टेक्सास के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, संसद भवन पर हमला करने वाली भीड़ में से जिन लोगों की तस्वीरों के पोस्टर एफबीआई ने जारी किए थे उनमें नजर आए गिटारवादक ने आत्मसमर्पण कर दिया है। एफबीआई की एक प्रवक्ता ने बताया कि गाय रेफिट (48) को शुक्रवार को विली स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं मैथ्यू कार्ल मजोक्को (37) को रविवार को सैन एंटोनियो से गिरफ्तार किया गया। हलफनामे के अनुसार रेफिट छह जनवरी की वारदात के एक वीडियो में नजर आ रहे हैं। रेफिट पर न्याय में बाधा डालने और गैरकानूनी प्रवेश का आरोप लगाया गया है।प्रवक्ता ने बताया कि मैथ्यू पर कैपिटल में गैरकानूनी प्रवेश और उपद्रव करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, कैपिटल में घुसने वाली भीड़ के साथ नजर आए गिटारवादक, जिस पर आरोप है कि उसने पुलिस पर मिर्च का स्प्रे किया, उसने आत्मसमर्पण कर दिया है।एफबीआई के इंडियानापोलिस कार्यालय की प्रवक्ता क्रिस बेवेंडर ने बताया कि एफबीआई ने एक पोस्टर जारी किया था, जिसमें कैपिटल में दंगा करने वालों की तस्वीरें थीं और लोगों से उनकी पहचान करने में मदद की अपील की गई थी। जॉन रेयार शेफर इस पोस्टर में था और उसने आत्मसमर्पण कर दिया। उस पर कई आरोप दर्ज किए गए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हार स्वीकार नहीं की है और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे लगातार करते रहे हैं। उनके इन दावों के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने धावा बोला था और हिंसा की थी, जिसमें कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी।



इस्लामाबाद में चुनाव कार्यालय के बाहर पाकिस्तान विपक्षी पार्टी के नेता मौलाना फजल उर रहमान, मरियम नवाज शरीफ व अन्य

## क्विक न्यूज

### सीनेट की पुष्टि के बाद बाइडन की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के नाम आएंगे सामने

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट मे शामिल किए जाने वाले कुछ अधिकारियो के नाम को लेकर उनके कार्यकाल के पहले दिन भले साफ तस्वीर सामने नही आ पाए लेकिन जिस तेजी से सीनेट मे पुष्टि संबंधी सुनवाई चल रही है उससे लगता है कि कुछ दिन मे राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट का खाका सामने आ सकता है। विदेश विभाग, पेंटागन, गृह सुरक्षा एवं खुफिया विभाग के लिए नामितो के नाम पर पुष्टि बाइडन के शपथ ग्रहण के वक्त तक नही हो पाएगी। बाइडन बुधवार दोपहर को शपथ लेंगे। कुछ दिन मे उन मे से कुछ के नाम सामने आ सकते है। सीनेट सामान्य तौर पर शपथ ग्रहण के दिन रक्षा मंत्री समेत कुछ नामो की पुष्टि करती है लेकिन चार साल पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन की शुरुआत मे इसमे विलंब हुआ था। तब केवल पेंटागन प्रमुख जेम्स मैटिस के नाम की ही पुष्टि हुई थी। इस वर्ष ट्रंप के महाभियोग तथा वाशिंगटन मे हिंसा की आशंका के बीच अभूतपूर्व संख्या मे सैनिको की मौजूदगी के चलते बाइडन के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा दल की जल्द से जल्द नियुक्ति करना सबसे प्रमुख प्राथमिकता होगी।

### कैलिफोर्निया में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 30 लाख के पार पहुंचे

**लॉस एंजिलिस।** कैलिफोर्निया में कोरोना वायरस के मामले 30 लाख से अधिक हो गए है तथा अमेरिका के किसी भी अन्य बड़े राज्यो मे भी इससे अधिक मामले नही है। यह अमेरिका का ऐसा पहला राज्य है जहां संक्रमण के मामले इस आंकड़े के पार पहुंचे है। जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय के सोमवार को जारी आंकड़ों मे यह जानकारी दी गई। कैलिफोर्निया की आबादी चार करोड़ है। यहां पिछले वर्ष 24 दिसंबर को संक्रमण के मामले 20 लाख पर पहुंचे थे। यहां कोविड-19 के कारण 33,600 से अधिक लोगो की मौत हो चुकी है।

### पाकिस्तान ने चीन के कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अधिकारियो ने चीनी कंपनी सिनोफार्म के कोविड-19 टीके के देश में आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान मे कोरोना वायरस संक्रमण के मामलो मे लगातार इजाफा हो रहा है। पाकिस्तान के औषधि नियामक प्राधिकरण (डीआरएपी) ने सोमवार को टीके को मंजूरी प्रदान की। इससे दो दिन पहले उसने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल की स्वीकृति दी थी। डीआरएपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आसिम राउफ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने सिनोफार्म के टीके को पंजीकृत करा लिया है। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी गई है और इससे टीके को पाकिस्तान लाने का रास्ता साफ होगा। पाकिस्तान ने पहले ही सिनोफार्म के कोविड-19 टीके की 11 लाख खुराक का ऑर्डर दिया है और इसके आयात की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार देश में मंगलवार तक कोरोना वायरस के कारण 11,055 लोगो की जान जा चुकी है।

### अर्जेंटीना और चिली में 6.4 तीव्रता का भूकंप

**सेंटियागो (चिली)।** मध्य चिली की सीमा से सटे उत्तरपश्चिम अर्जेंटीना मे शक्तिशाली भूकंप आया, हालांकि इससे जान माल के किसी प्रकार के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नही मिली है। भूकंप चिली में भी महसूस किया गया। भूकंप के कारण इलाके मे बिजली गुल हो गई।अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग ने बताया कि सोमवार रात को आए भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई और इसका केंद्र पोर्सिटो से 27.6 किमी दूर दक्षिण पश्चिम में था। भूकंप 14 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के पहले झटके के करीब पौने एक घंटे बाद दूसरा झटका महसूस किया गया जिसकी तीव्रता 5.0 तीव्रता मापी गई। भूकंप, प्रभावित क्षेत्र से करीब 300 किमी दूर सेंटियागो मे भी महसूस किया गया।

### कैलिफोर्निया में मॉडर्ना टीके के एक लॉट के इस्तेमाल को रोकने की अपील

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** कैलिफोर्निया के राज्य महामारीविद ने राज्य में कोविड-19 के मॉडर्ना टीके के एक लॉट के इस्तेमाल को रोकने की अपील की है।कई लोगो को यह टीका लगाए जाने के बाद गंभीर एलर्जी हो गई थी, जिसके बाद महामारीविदो ने इसके तीन लाख से अधिक टीको के इस्तेमाल को फिलहाल रोकने की अपील की है। डॉ. एरिका एस पैन ने रविवार को सुझाव दिया कि राज्य अधिकारियो, मोर्डना , यूएस सेंटर्ज फॉर डिजीज कंट्रोल और फेडरल फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की जांच पूरी होने तक प्रदाताओ को मोर्डना टीके की लॉट संख्या 41एल20ए का इस्तेमाल रोक देना चाहिए।पैन ने एक बयान में कहा, अत्यधिक सतर्कता और टीको की सीमित आपूर्ति को देखते हुए, हम प्रदाताओ को अन्य मौजूद टीको का इस्तेमाल करने का सुझाव देते है।

# भारतीय अमेरिकी संगठनों ने भारत के उच्चतम न्यायालय से संजीव भट्ट को जमानत देने दी अपील की

भाषा। वाशिंगटन

**भारत और** अमेरिका के कई नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं और संगठनों ने भारत के उच्चतम न्यायालय से सोमवार को अपील की कि वह पूर्व पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट की जमानत मंजूर करे।इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल (आईएएमसी) और हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में संगठनों और कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि हत्या के एक मामले में भट्ट की दोषसिद्धि गलत है और यह झूठे सबूतों पर आधारित है।न्यायालय 22 जनवरी को भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शशि थरूर ने कहा कि वह भट्ट के साथ हुए अन्याय से क्षुब्ध हैं, जिन्हें समाज के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा करने और ताकतवर से सच बोलने की अदम्य क्षमता के कारण जेल भेज दिया गया।थरूर ने कहा, संजीव का मामला उस खराब दौर को दर्शाता है, जिसमें हम रह रहे हैं, जहां सभी भारतीयों को संविधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक मूल्य एवं मौलिक अधिकार कई मामलों में कमजोर होते और कई बार ऐसी ताकतों द्वारा छीने जाते भी प्रतीत होते हैं जो उदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, जिन भारतीयों की अंतरात्मा संजीव भट्ट की तरह जीवित है, उन्हें खड़े होना चाहिए और इस प्रकार की चुनौतियों के खिलाफ लड़ना चाहिए, जो हमारे गणतंत्र के आधार को कमजोर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। प्रख्यात वृत्तचित्र फिल्म निर्माता आनंद पटवर्धन ने कहा कि भट्ट को इसलिए जेल भेज दिया गया, क्योंकि उन्होंने 2002 में हुए नरसंहार का विरोध किया और इसके खिलाफ आवाज उठाई। पटवर्धन ने कहा कि समाज को भट्ट की रिहाई के लिए आंदोलन चलाना चाहिए।मानवाधिकार कार्यकर्ता, शास्त्रीय नृत्यांगना और अभिनेत्री मल्लिका साराभाई ने कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल भट्ट के मामले में उनके खिलाफ निश्चित एजेंडा चलाया जा रहा, बल्कि मोदी सरकार के अधिकतर आलोचकों के साथ ऐसा हो रहा।साराभाई ने कहा, यदि कोई सरकार के खिलाफ बोलता है या कोई सवाल पूछता है, जो कि हमारे लोकतंत्र में प्रदत्त मौलिक अधिकार है, तो उसे किसी न किसी तरह दंडित किया जाता है। उसके खिलाफ छापे मारे जाते हैं, झूठे मामले चलाए जाते हैं और उन्हें चुप करा दिया जाता है। आईएएमसी के कार्यकारी निदेशक रशीद अहमद ने कहा कि भारत सरकार को संजीव भट्ट के मामले का राजनीतिक प्रबंधन बंद कर देना चाहिए और सरकार से डरे हुए या स्वयं राजनीतिक बन चुके न्यायाधीशों के बजाए स्वतंत्र न्यायाधीशों की निगरानी में कानून को अपना काम करने देना चाहिए।

# पाक के प्रधानमंत्री ने अर्णब को एयरस्ट्राइक की जानकारी की खबरों पर आक्रोश जताया

एपी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक भारतीय टीवी एंकर और मीडिया उद्योग के एक पूर्व कार्यकारी के बीच कथित व्हाट्सएप मैसेज के जरिए हुई बातचीत को लेकर मीडिया में आई खबरों पर सोमवार को आक्रोश जताया। इन खबरों के अनुसार बातचीत में यह कहा गया है कि 2019 में पाकिस्तान में भारत का एयरस्ट्राइक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में जीत की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए की गई।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने चर्चित भारतीय टीवी एंकर अर्णब गोस्वामी और टीवी रेटिंग कंपनी के पूर्व प्रमुख पार्थो दासगुप्ता के बीच व्हाट्सऐप पर कथित बातचीत के बारे में भारतीय मीडिया में आई खबरों को लेकर ट्विटर पर प्रतिक्रिया दी।

खबरों के अनुसार इन कथित मैसेज का आदान-प्रदान एयरस्ट्राइक के तीन दिन पहले हुआ। इस बातचीत से यह संकेत मिलता है कि गोस्वामी को एयरस्ट्राइक के बारे में पहले से जानकारी थी और इसे लोकसभा चुनाव में मोदी की फिर से जीत की संभावना बढ़ाने के इरादे से किया गया था।गोस्वामी रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक हैं और वह मोदी एवं उनकी राष्ट्रवादी नीतियों का समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं।कथित व्हाट्सएप चैट के अनुसार 26 फरवरी 2019 के एयरस्ट्राइक से तीन दिन पहले गोस्वामी ने दासगुप्ता से कहा, कुछ बड़ा होगा और सरकार पाकिस्तान पर कुछ इस तरह से हमला करने को लेकर आश्वस्त है जो लोगों को गौरवान्वित करेगा।

इस पर दासगुप्ता, गोस्वामी से कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमला मोदी को आगामी चुनाव में बहुमत दिलाएगा। इसके कुछ महीने बाद मई 2019 के चुनाव में मोदी को प्रचंड जीत मिली और उनकी पार्टी बहुमत के साथ संसद पहुंची।यह कथित बातचीत मुंबई पुलिस के उस पूरक आरोपपत्र का हिस्सा है जिसे टीवी रेटिंग में कथित हेरफेर के एक अलग मामले में दायर किया गया है।

इस बारे में सोमवार को न तो दासगुप्ता और न ही गोस्वामी ने कोई टिप्पणी की। हालांकि गोस्वामी के रिपब्लिक टीवी ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनके खिलाफ साजिश रच रही है।पाकिस्तान पर फरवरी 2019 की यह एयरस्ट्राइक जम्मू कश्मीर में उसी महीने आतंकवादियों द्वारा किए गए आत्मघाती बम हमले के जवाब में की गई थी। इस हमले में 40 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। भारत ने इन हमलों के लिए पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद पर आरोप लगाया था और उसने हमले की जिम्मेदारी भी ली थी।

पाकिस्तान ने जैश-ए-मोहम्मद के नेताओं को गिरफ्तार भी किया लेकिन मोदी नीत सरकार ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाने की बात कहते हुए वहां रात में एयरस्ट्राइक की।

## ट्रेंड बाजार

### काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों से साधा संपर्क



**हाल** ही में अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया पर एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया था। काजल, जिनका हाल ही में विवाह हुआ है, से पूछा गया कि क्या वो अब भी अभिनय करती रहेंगी। काजल ने इस बात का ये कहते हुए उत्तर दिया कि हमें पितृसत्तात्मक सत्ता के विचार से आगे जाना होगा।

इंस्टाग्राम स्टोरीज़ सेक्शन में आयोजित प्रश्न-उत्तर सत्र में एक प्रशंसक ने पूछा, 'क्या आप फिल्में करना जारी रखेंगी?


काजल का उत्तर था, 'जी हां, बिलकुल जारी रखूंगी, हमें पितृसत्तात्मक सत्ता से आगे जाना होगा।' इसके बाद एक प्रशंसक ने पूछा कि 2021 के लिए उन्होंने क्या संकल्प लिया है? उनका उत्तर था, 'मुझे काम और घर के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। इसके साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ना भी मेरे संकल्पों में से एक होगा।'

### जूही चावला ने सोशल मीडिया पर किया कटाक्ष



**प्रसिद्ध** अभिनेत्री जूही चावला का कहना है कि 'डेसमंड टूटू ने एक बार कहा था, 'अफ्रीका में जब मिशनरीज आए थे, तो उनके पास बाइबल थी और हमारे पास भूमि। उन्होंने कहा, 'चलिये हम प्रार्थना करते हैं।' हमनें आंखें बंद कर लीं। जब आंखें खोलीं तो पाया कि हमारे पास बाइबल थी और उनके पास भूमि। उसी प्रकार जब सोशल नेटवर्किंग आई तो उनके पास वॉट्सऐप और फेसबुक था, हमारे पास स्वतंत्रता। उन्होंने कहा, ये निशुल्क है। हमनें आंखें बंद कर लीं। जब आंखें खोलीं तो पता चला कि हमारे पास वॉट्सऐप तथा फेसबुक थे लेकिन उनके पास हमारी स्वतंत्रता। तो निष्कर्ष ये है कि जब कोई भी वस्तु निशुल्क होती है तो इसका मूल्य वास्तव में आपकी और हमारी स्वतंत्रता ही होता है।

### अभिनय लगता है कठिन अक्षय ओबरॉय को



**अभिनेता** अक्षय ओबरॉय का कहना है कि अभिनय का पेशा कठिन है और इसमें आपको कई पार पटक लग सकती है। उन्होंने इंडस्ट्री को एक निष्ठुर स्थान बताते हुए कहा कि इसमें किसी भी अभिनेता को उसके काम के हिट होने या असफल होने से ही गिना जाता है। ऐसा नहीं है कि केवल बॉलिवुड में ऐसा होता है। पूरी दुनिया में ऐसे ही काम चल रहा है। ये ऐसी कला है जो वाणिज्य के लिए बनी है। ऐसे में यदि आपकी भूमिका सही नहीं हुई तो आपको कोई पूछने वाला नहीं होगा।'

### सिंगर जस्टिन टिंबरलेक को दूसरी बार संतान प्राप्ति

**हॉलिवुड** के गायक और अभिनेता जस्टिन टिंबरलेक और उनकी पत्नी अभिनेत्री जेसिका बील को 2020 में दूसरी बार संतानप्राप्ति का सुख मिला है। अब जाकर टिंबरलेक ने इस समाचार को पुष्ट किया है। उन्होंने अपनी दूसरी संतान जो एक पुत्र है, का नाम फिनीज़ रखा है। गायक जस्टिन टिंबरलेक ने 'द एलेन डिजेनेरेस शो' के दौरान वर्चुअल सहभागिता करते हुए बताया कि वो दो बच्चों के पिता हैं। वो बहुत ही सुंदर और चंचल है। कोई भी सो नहीं रहा है। आगे उन्होंने बताया, 'हम रोमांचित हैं और इससे अधिक आनंदित हम हो ही नहीं सकते थे। हम ईश्वर के प्रति कृतज्ञता काभाव रखते हैं।' दोनों ने 2012 में ही विवाह संपन्न किया था। अप्रैल 2015 में उनके बीच उनके पुत्र सिलास का जन्म हुआ था। इसके बाद डिजेनेरेस का कहना है कि परिवार के बाहर उन्हें भी बील के गर्भ के बारे में पता था।'



# 'अपने काम से प्यार ही मुझे लगे रहने के लिए प्रेरित करता है'

**शिल्पा राव को हम ज़ी टीवी के शो 'इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, में एक टीम का नेतृत्व करते देख पाएंगे। उनसे इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के पीछे की कहानी तथा इसके साथ ही ये भी जाना कि क्या वो वो इसे अपने संगीत को प्रमाणित करने के लिए ही इसमें सहभागिता कर रही हैं। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**



**● आप ज़ी टीवी के कार्यक्रम इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, में एक टीम के कप्तान के रूप में किसकी प्रेरणा से जुड़ने पर सहमत हुए?**

इस टीम के साथ मेरा एक भावनात्मक संबंध है। वे हमारे परिवार जैसे हैं। मैं कई शोज़ पर उनके साथ काम कर चुकी हूं। एक कारण तो ये था। इसके अलावा एक कारण ये है कि शो अच्छा और प्रदर्शन आधारित है। मैं तो संगीत से ही चालित होती हूं। वास्तव में कई मीडिया के लोग बताते हैं कि हम तो आपको कहीं देखते ही नहीं हैं। तो मैं उन्हें उत्तर देती हूं कि आप हमें एअरपोर्ट पर या फिर स्टूडियो में देख सकते हैं। मुझे पता है कि विपणन क्या होता है और आपका बाजारमूल्य आपको अगले स्तर पर ले जाने में समर्थ है। लेकिन अंततः तो यही होता है कि आप जो भी गाते हैं उसकी के आधार पर आपका आकलन होता है। मैं तो संगीत के लिए ही जी रही हूं और ये शो भी संगीत को ही प्रमुखता देता है और यही कारण है कि मैं इसका हिस्सा होकर प्रसन्न हूं। इस शो में मैं वो संगीत बजा सकी हूं जो मैं बजाना चाहती थी और इससे जुड़ने के पीछे मेरा ये एक महत्वपूर्ण कारण था।

**● प्रतिभागियों में आप किस प्रकार की विशेषताएं देखना चाहेंगे?**

मैं उनमें वे सभी गुण देखना चाहूंगी जो मैंने अपने गुरू जी हरिहरन जी से सीखे हैं। उनका कहना था, 'जब भी आप किसी गाने को सुनत हैं, तो देखिये कि वे इसमें क्या अच्छा कर रहे हैं। सभी को बताइये, इसपर काम कीजिये और इसे अगले स्तर तक ले जाइये। आप कभी भी किसी में कमी निकालते हुए उससे वार्तालाप प्रारंभ न कीजिये। संगीत के बारे में ये बहुत महत्वपूर्ण है। संगीत का क्षेत्र इतना विस्तृत है कि आपको निरंतर सीखते ही रहना होता है। आजकल का युवा सदैव शीघ्रता में रहता है। वे बहुत जल्दी ऊंचाइयों पर पहुंचना चाहते हैं। मैं कभी कभी ये सोचकर घबरा जाती हूं कि जीवन में उनका क्या होगा। वे सीख क्या और कैसे पाएंगे। सभी को सीखने की इस लंबी प्रक्रिया का आनंद लेना आना चाहिये।

**● आप कई हिट गाने दे चुके हैं लेकिन आप आज भी उतने ही उत्साह से काम करते हैं। क्या आपको इससे कभी ऊबन नहीं होने लगती?**

इसका उत्तर तो संगीत ही है। मुझे संगीत से लगाव है और मैं इसीको जीता हूं। जैसा कि मैं पहले ही बता चुकी हूं कि हमारे युवाओं को समझना होगा कि वे इस क्षेत्र में क्यों हैं। यदि वे स्टार बनना चाहते हैं तो एक बिंदु के बाद उन्हें काम का आनंद मिलना कम होता जाएगा। लेकिन यदि आप ये संगीत के प्रति अपने लगाव के चलते करते हैं तो आप आजीवन अपने काम का आनंद लेते रह सकते हैं। जब आप संगीत में संतुष्टि खोज लेंगे तो आपको हर बार उसी उत्साह से काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

**● आपको कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं? क्या आप उन्हें अपने प्रकार के संगीत का प्रमाणपत्र मानते हैं या फिर आप उन्हें गंभीरता से नहीं लेते?**

हर बात का आपपर कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य होता है। मैं झूठ नहीं बोलूंगीं। यदि आपका नामांकन होता है और आप पुरस्कार जीत जाते हैं तो इसका आप पर प्रभाव अवश्य पड़ता है लेकिन यदि आपका नामांकन होता है और आप पुरस्कार नहीं जीत पाते तो इसका भी आप पर प्रभाव पड़ता है। मेरे कई काम जिनमें बुल्लेया, मनमर्जियां, मलंग था मेहरबान र्प्रमुख है और ये मेरे दिल के भी निकट हैं, इन्हें कभी किसी प्रकार का नामांकन नहीं मिला। 2010 से 2020 तक मुझे किसी भी प्रकार के पुरस्कार के लिए नामांकन नहीं मिला जबकि मेरे कई गाने हिट हुए थे और हर साल मेरे हिट गाने जा रहे थे। आपपर इनका प्रभाव तो पड़ता ही है कभी आप हर्षित होते हैं तो कभी भावुक। लेकिन अगली सुबह आपको इनसे उबर जाना चाहिये। फिर से आप नया प्रारंभ कीजिये। इन प्रभावों से आप किसी भी प्रकार से भावुक न हो जाइये। मैं जीतू या हारूं, मुझे अपने काम के प्रति प्यार ही मुझे काम में लगे रहने के लिए प्रेरित करता रहता है।

**● आपके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण गाना कौन सा था?**

ऐसे कई गाने हैं जो काफी कठिन थे। मुडि मुडि भी ऐसा ही एक गाना था क्योंकि मैं उस समय एक महान संगीतकार के सामने था। मैं इस कारण से ही काफी घबरा गया था। इसके अलावा गाना भी कठिन था। बुलेया भी कठिन गाना था क्योंकि ये एक जटिल तथा भावुक गीत था।

## वेब बैड



### कमिंग टु अमेरिका

ज़मूंडा जैसे हरे-भरे देश में नए राजा अकीम और उनके विश्वासपात्र सेम्मी एक नई साहसिक यात्रा पर निकल पड़ते हैं। इस यात्रा में वे अफ्रीका से न्यर्यॉर्क पहुंच जाते हैं जहां से ये सब प्रारंभ हुआ था। रिलीज़ इसी साल मार्च में अमेजॉन प्राइम वीडियो पर।



### फेटः द विंक्स सागा

अपनी शक्तियों को और बढ़ाने के लिए एक युवाओं का एक दल रोमांस, शत्रुता और मायावी कलाओं के अध्ययन के लिए अल्फी में उत्सुक हैं जो जादू सिखाने वाला एक स्कूल होता हैं कलाकारों में अबीगेल कोवेन, हाना वान डेर वेस्थूइसेन तथा मुस्तफा प्रमुख हैं। नेटलिक्स पर 22 जनवरी से रिलीज़।



### आउटसाइड द वायर

अग्रिम भविष्य में एक ड्रोन पायलट जिसे युद्ध के मैदान में भेजा गया था, एक दूसरे एंड्रॉयड अधिकारी से मिलता है जो परमाणु युद्ध को रोकने के मिशन पर है। कलाकारों में एंथनी मैकी, डैम्सन इदरिस तथा एमिली बीकैम आदि प्रमुख हैं। ये 15 जनवरी से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।

## रुपहले पर्दे के नायकों ने भी किया क्रिकेट के नायकों को सलाम




**मुंबई।** अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख खान और मोहन लाल तक रील लाइफ के नायकों ने रीयल लाइफ के नायकों को सलाम करते हुए आस्ट्रेलिया को टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से मात देने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ की। फिटनेस समस्याओं के कारण अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरी भारतीय टीम ने ब्रिसबेन में 328 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके चौथा टेस्ट और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। शाहरुख ने ट्वीट किया , हमारी टीम की क्या शानदार जीत। पूरी रात जागकर हर गेंद देखी। अब आराम से सो सकूंगा और इस ऐतिहासिक पल को याद करूंगा। उन्होंने लिखा, सभी लड़कों को प्यार। इस जीत तक पहुंचने के लिए उनके जुझारूपन का मुरीद हो गया। चक दे इंडिया। अमिताभ बच्चन ने लिखा , इंडियाााााा इंडिया। ठोक दिया आस्ट्रेलिया को। शानदार जीत। बधाई बधाई बधाई। शरीर पर हमले। चोट। नस्लीय टिप्पणियां। अतुल्य भारत। अक्षय कुमार ने लिखा , टीम इंडिया को शानदार प्रदर्शन पर बधाई। प्रतिकूल परिस्थितियों में मिली जीत। इतिहास रच दिया। वाकई चैम्पियन। रणवीर सिंह ने लिखा , ऐतिहासिक जीत। क्या प्रयास था। गौरवान्वित हूं। अनिल कपूर ने लिखा, ऐतिहासिक जीत। अजिंक्य रहाणे को ऐसी युवा टीम की कप्तानी पर बधाई। शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और ऋषभ पंत की शानदार पारियां। दक्षिण भारत के सुपरस्टार महेश बाबू ने लिखा, एक बार फिर इतिहास रचाा गया। गाबा का किला फतह। अभी भी नींद में हूं। इस दिन को लंबे समय तक याद रखूंगा। बधाई टीम इंडिया। मोहन लाल ने भी इस जीत को ऐतिहासिक बताकर टीम को बधाई दी। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने लिखा, क्या जीत थी। गाबा फतेह। टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर।

## जुबैदा अच्छी कमाई नहीं कर पाई, लेकिन ये फिल्म मेरे लिए आज भी है खास : श्याम बेनेगल

**मुंबई।** एक अभिनेत्री एवं राजस्थान के एक राजा के अंतरधार्मिक विवाह की पृष्टभूमि पर बनी फिल्म जुबैदा 20 साल पहले रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बहुत कमाई नहीं कर पाई लेकिन इस फिल्म के निर्देशक श्याम बेनेगल के दिल में आज भी यह फिल्म एक खास स्थान रखती है क्योंकि यह भारत के सामंतवादी समाज से लोकतांत्रिक समाज में बदलाव को प्रतिबिंबित करती है।

बेनेगल ने कहा कि वह जुबैदा बेगम के प्रति आकर्षित तब हुए जब उन्होंने अखबार में खालिद मोहम्मद का लेख पढ़ा और सोचा कि यह खुबसूरत प्रेम कहानी थी। उन्होंने बताया कि जुबैदा बेगम की पहली शादी से पैदा बेटा मोहम्मद , शुरुआत में बड़े पर्दे के लिए अपनी मां की कहानी बताने में संकोच कर रहे थे लेकिन बाद में उन्होंने उसे बताया और इस किरदार को पर्दे पर करिश्मा कपूर और मनोज वाजपेई ने निभाया व वर्ष 2001 में इसी नाम से फिल्म रिलीज हुई। फिल्म में राजकुमार की पहली पत्नी का किरदार रेखा ने निभाया।



जुबैदा फिल्म के रिलीज की 20वीं सालगिरह के मौके पर पीटीआई-भाषा को दिए गए साक्षात्कार में बेनेगल ने कहा, उसमें काम करने वाले किसी ने नहीं कमाया। मैं नहीं मानता कि किसी ने भी फिल्म को पैसे के लिए किया लेकिन फिल्म ने राष्ट्रीय अवार्ड जीता।

फिल्म के निर्देशक बेनेगल ने कहा, ...मैं नहीं मानता कि फिल्म ने वित्तीय मामले में अच्छा किया। हम खुश हैं कि जिस तरह से सब हुआ। मैं नहीं मानता कि फारूख रत्तनोसे (निर्माता) खुश थे, वह इससे बहुत पैसा कमाने की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने इस फिल्म में अभिनेत्री जुबैदा बेगम और जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह की प्रेम कहानी को उतारा था। इस दंपति की मौत भारत के पहले लोकसभा चुनाव में सिंह की लगभग निश्चित जीत की खुशी मनाने के लिए निजी विमान से जाने के दौरान हुई। उनका विमान 26 जनवरी 1952 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और विमान को सिंह उड़ा रहे थे। बेनेगल ने पुराने दिनों की याद करते हुए कहा कि आजादी से पहले उनका जन्म भी हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने बताया कि जुबैदा उन्हें उनके अपने दिनों की याद दिलाती है जब वह अपने आसपास बदलाव महसूस कर सकते थे।

## बेन एफ्लेक और एना डी अरमास अलग हुए

भाषा। लॉस एंजिलिस

**हॉलीवुड** जोड़ी बेन एफ्लेक और एना डी अरमास ने डेटिंग शुरू करने के सिर्फ एक साल बाद ब्रेकअप कर लिया। दोनों कलाकारों की आगामी थ्रिलर फिल्म"डीप वॉटर" के सेट पर मुलाकात हुई थी और जल्द ही दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी थी। इनके एक करीबी



सूत्र ने पीपुल पत्रिका को बताया कि 32 वर्षीय अरमास ने अपने रिश्ते को समाप्त करने का फैसला किया क्योंकि लॉस एंजिलिस में स्थाई रूप से रहने की उनकी कोई योजना नहीं है। सूत्र ने बताया, बेन अब एना को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इसे तोड़ दिया। उनका रिश्ता जटिल था। एना लॉस एंजिलिस में रहना नहीं चाहतीं और बेन के बच्चे लॉस एंजिल्स में रहते हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि जोड़ी का ब्रेक अप आपसी समझदारी से और पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण स्थिति में हुआ है। एफ्लेक की शादी पहले अभिनेत्री जेनिफर गार्नर से हुई थी, जो 2005 से 2018 तक चली। दोनों के तीन बच्चे 14 वर्षीय वायलेट, 11 वर्षीय सेराफीना और आठ वर्षीय बेटा सैमुअल हैं।

## सलमान की फिल्म राधे ईद पर होगी रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने इस साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में राधे-योर मोस्ट वांटेड भाई की रिलीज की पुष्टि कर दी है। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म पिछले साल 22 मई को ईद के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के वजह से यह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। पिछले महीने अभिनेता ने अपने जन्मदिन पर कहा था कि दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। ट्विटर पर 55 वर्षीय अभिनेता ने विलंब से जवाब देने के लिए सिनेमाघरों के मालिकों से माफी मांगी है। सिनेमाघरों के मालिकों ने उनसे अपील की थी कि वे इस फिल्म को सिनेमाघर में रिलीज करें। खान ने एक बयान में कहा, इस कठिन समय में यह एक बड़ा फैसला था। सिनेमाघर के मालिकों और सिनेमा दिखानेवालों की वित्तीय परेशानियों को मैं समझ सकता हूं और मैं राधे को सिनेमाघर में रिलीज करके उनकी मदद करना चाहूंगा। अभिनेता ने कहा कि वह चाहते हैं कि सिनेमाघरों के मालिक कोविड-19 सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।



मुंबई में जुहू में अपनी कार से उतरतीं फिल्म अभिनेत्री परिणीती चोपड़ा